news@group5.in group5news group5news

www.group5news.com

सदैव आपके साथ...

हिन्दी दैनिक

# ग्रुप-5 समाचार

www.group5news.com/epaper

लखनऊ || मंगलवार || 18 मार्च , 2025

वर्षः 17 || अंकः 89 || पृष्ठः 12 || मूल्यः 2/-



अंदर पढ़ें

» 08 युवराज और सचिन से आगे निकला इंडिया का

» 07 निवेश-बचतः नए-पुराने निवेशकों के लिए

» 11 फिल्म की शूटिंग और टीवी शो की शूटिंग में अंतर

## महाकुंभ भगदड़ की सीबीआई जांच की जरूरत नहीं..

● योगी सरकार को बड़ी राहत

**प्रयागराज (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने महाकुंभ भगदड़ की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दाखिल



याचिका को खारिज कर दिया। यह याचिका योगेंद्र पाण्डेय और अन्य ने जनहित में दायर की थी, जिसमें महाकुंभ के दौरान हुए भगदड़ की घटनाओं की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की डिविजन बेंच ने मामले की सुनवाई की।

## सीबीआई पर आरोप- कोलकाता रेप-मर्डर केस की सही जांच नहीं की

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पीड़ित के पेरेंट्स को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका




दायर करने की अनुमति दे दी।

परिवार की मांग है कि, इस मामले में सीबीआई ने सही से जांच नहीं की। याचिका में मुख्य आरोपी संजय रॉय के अलावा अन्य आरोपियों के शामिल होने का पता लगाने के लिए आगे की जांच की मांग की गई।

पीड़ित के पिता ने कहा, हमने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके 54 सवाल पूछे हैं। अदालत को उन सवालों के जवाब देने हैं ताकि मेरी बेटी को न्याय मिले। मेरी बेटी के रेप और मर्डर में कई लोग शामिल हैं।

## हरियाणा में महिलाओं को 2100 महीना मिलेंगे

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा में सरकार ने महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने की घोषणा कर दी। इसके लिए सीएम नायब सैनी ने 5 हजार करोड़ का बजट रखा है। उन्होंने बजट पेश करते हुए इसके बारे में जानकारी दी।



**महिला मंत्रियों ने बजाई ताली-** जब सीएम ने महिलाओं के लिए यह घोषणा की तो सदन में खूब तालियां बजीं। इस दौरान सरकार की 2 महिला मंत्री श्रुति चौधरी और आरती राव ने भी तालियां बजाईं। सीएम की इस घोषणा के बाद सदन में थोड़ी देर के लिए हंसी-मजाक का भी माहौल रहा।

**राज्य के इतिहास में पहली बार बजट 2 लाख करोड़ पार, खिलाड़ियों का बीमा होगा-** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर वित्त मंत्री अपना पहला बजट पेश कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के इतिहास में पहली बार 2 लाख 5 हजार 17 करोड़ का बजट पेश किया है ।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में एक आतंकी ढेर

● सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान घायल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के साथ सटे खुरमोरा राजवार इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया और कुछ आतंकी घेराबंदी तोड़कर भागने में कामयाब रहे। भाग निकले आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। एक सैनिक के घायल होने की सूचना है। अधिकारियों ने यहां बताया कि सुरक्षाबलों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जचलदारा के क्रूम्हूरा गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादियों द्वारा सुरक्षाबलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया।



● टैरिफ पर सीधे टॉप लेवल पर चल रही बात

# पीएम मोदी और ट्रंप अच्छे दोस्त : तुलसी गबार्ड

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** नई दिल्ली पहुंचीं अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा कि टैरिफ के मुद्दे पर भारत और अमेरिका के बीच टॉप लेवल पर सीधी बातचीत हो रही है। गबार्ड ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में मैंने भारत सरकार के अधिकारियों से बात की है। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि भारतीय अधिकारी इसे नकारात्मक दृष्टिकोण से देखने के बजाय सकारात्मक ले रहे हैं।



**अच्छे समाधान की तलाश-** गबार्ड ने आगे कहा कि जैसे पीएम मोदी अपने देश की अर्थव्यवस्था और लोगों के लिए उपलब्ध अवसरों को सर्वोत्तम हित में देख रहे हैं। ठीक उसी प्रकार राष्ट्रपति ट्रंप भी अमेरिकी लोगों और आर्थिक हितों यही करने में जुटे हैं। पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप बेहतरीन समाधान की तलाश में हैं।

**टॉप लेवल पर चल रहा सीधा संवाद-** तुलसी गबार्ड ने कहा कि सबसे सकारात्मक बात यह है कि हमारे पास दो ऐसे नेता हैं, जिन्हें मुद्दों की सामान्य समझ है और अच्छे समाधान की तलाश में हैं। सीधा संवाद दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर चल रहा है। मगर विभिन्न सचिवों और कैबिनेट सदस्यों के बीच यह तय करने में अहम होगा कि आगे का रास्ता कैसा होगा? मैं व्यक्तिगत रूप से उत्साहित हूं क्योंकि भारत और अमेरिका में निजी क्षेत्र में गहरी दिलचस्पी है।

● भारत-न्यूजीलैंड के बीच अहम समझौते

# आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता दोहराई





**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन दिल्ली में दोनों देशों के बीच हुए कई समझौतों के साक्षी बने। न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य के दौरान पीएम मोदी ने कहा, मैं पीएम लक्सन और उनके मंत्रिमंडल का भारत में स्वागत करता हूं...पीएम लक्सन भारत से जुड़े हुए हैं। हमने देखा कि उन्होंने हाल ही में होली कैसे मनाई...हमें खुशी है कि उनके जैसा युवा नेता रायसीना डायलॉग 2025 में हमारे मुख्य अतिथि हैं...। इस बीच, भारत और न्यूजीलैंड के बीच सोमवार को नई दिल्ली में कई अहम समझौते हुए। इस दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्री मौजूद रहे। समझौते के बाद साझा बयान में बताया गया कि दोनों देशों ने रक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत बनाने का फैसला किया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रक्षा उद्योगों में आपसी सहयोग का खाका तैयार किया जाएगा। पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड एफटीए पर बातचीत शुरू करने का निर्णय भी लिया गया है।

### भारत से मिली हार नहीं पचा पा रहे न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन?

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन रविवार को पांच दिवसीय भारत दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और आर्थिक साझेदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात के बाद पीएम लक्सन ने मीडिया को संबोधित किया और चैंपियंस ट्रॉफी में भारत से मिली हार का जिक्र किया। पीएम मोदी ने भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड की चैंपियंस ट्रॉफी की हार का मुद्दा नहीं उठाया और मैंने भारत में हमारी टेस्ट जीत का मसला नहीं उठाया। आइए, इसे ऐसे ही रहने देते हैं। इस पर पीएम मोदी समेत वहां मौजूद सभी लोग हंस पड़े।

# चंद्रयान-5 मिशन को केंद्र की मंजूरी

## चंद्रमा की सतह की स्टडी के लिए 250 केजी का रोवर ले जाएगा

### यह चंद्रयान-3 से 10 गुना ज्यादा वजनी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** चंद्रयान-3 मिशन के विक्रम लैंडर ने 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके बाद भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना था। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने रविवार को बताया कि केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। वे बेंगलुरु में इसरो चीफ का पदभार संभालने के बाद एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने बताया- अभी तीन दिन पहले ही हमें चंद्रयान-5 मिशन के लिए मंजूरी मिली है। इसमें जापान हमारा सहयोगी होगा। चंद्रयान-3 मिशन के लिए 25 किलोग्राम का रोवर (प्रज्ञान) ले जाया गया था, जबकि चंद्रयान-5 मिशन चंद्रमा की सतह का अध्ययन करने के लिए 250 किलोग्राम वजनी रोवर ले जाएगा।

आगे के प्रोजेक्ट के बारे में नारायणन ने कहा- 2027 में लॉन्च होने वाले चंद्रयान-4 मिशन का मकसद चंद्रमा की मिट्टी के नमूने लाना है। वहीं, गगनयान



सहित कई मिशनों के अलावा अंतरिक्ष में भारत का अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने की योजनाओं पर काम चल रहा है। इसरो ने 17 अगस्त 2023 को दोपहर 1:15 बजे चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल को लैंडर और रोवर से अलग किया था।

● राज्यसभा में वोटर लिस्ट के मुद्दे पर हंगामा, रात 10 बजे तक चलेगी लोकसभा

# कांग्रेस-टीएमसी का राज्यसभा से वॉकआउट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** होली के अवकाश के बाद आज फिर से संसद के बजट सत्र की कार्यवाही चल रही है। विपक्ष लगातार वोटर लिस्ट और परिसीमन का मुद्दा उठा रहा है और सदन में इन पर चर्चा की मांग कर रहा है। वहीं सत्ता पक्ष नियमों के तहत चर्चा की बात कर रहा है।

**लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही का समय बढ़ा-** आज की कार्यसूची पूरी होने तक राज्यसभा का समय बढ़ाया गया है। वहीं लोकसभा के कामकाज का समय रात 10 बजे तक बढ़ाया गया।

**कांग्रेस बोली- रेलवे वेंटिलेटर पर, रील बनाने से नहीं सुधरेगा-** बजट सत्र के दूसरे



फेज का सोमवार को चौथा दिन है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के 10 सांसदों ने मांग की कि सदन की दिनभर की कार्यवाही रोकी जाए और डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा हो।राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने इससे इनकार कर दिया। इसके विरोध में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा से वॉकआउट किया।

लोकसभा में महाराष्ट्र से कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने लोकसभा में रेल मंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब कोई सार्वजनिक उपक्रम वेंटिलेटर पर हो, तब इंस्टाग्राम रील बनाने से कुछ नहीं होता। यह सरकार के खराब प्रबंधन का असर है।

**यात्रियों को किराये में 47 फीसदी की छूट देता है रेलवेः रेल मंत्री-** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में रेल मंत्रालय के अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि रेल से एक यात्री को एक किमी लेकर जाने की लागत है 1.38 रुपये। हम किराया लेते हैं 73 पैसे यानि करीब 47 प्रतिशत का डिस्काउंट।

## योगी बोले- पहले के सीएम 12 बजे सोकर उठते थे

**सहारनपुर (एजेंसी)।** सहारनपुर पहुंचे योगी ने कहा कि पिछली सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया। हमने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट दिया। हस्तशिल्पी पहले भी थे लेकिन पिछली सरकारों ने उनके लिए कुछ नहीं किया। पब्लिक तरसती रहती थी और उनके गुर्गे प्रदेश को तबाह कर देते थे



सीएम ने अखिलेश यादव का नाम लिए बिना कहा- जब प्रदेश का मुखिया 12 बजे सोकर उठेगा तब तो हो गया। उन्हें तैयार होने में ही 2 बज जाएंगे। पूरा समय इंटरव्यू, पिकनिक और मित्र मंडली के साथ व्यतीत हो जाएगा। योगी आदित्यनाथ 11 बजे सरसावा एयरपोर्ट पहुंचे। फिर हेलिकॉप्टर से पुवांरका स्थित मां शाकंभरी देवी यूनिवर्सिटी के लिए रवाना हुए। यहां यूनिवर्सिटी का निरीक्षण किया और समीक्षा बैठक की। इसके बाद जनमंच प्रेक्षागृह पहुंचे। युवा उद्यमियों को लोन वितरित किया।

## 'औरंगजेब से ज्यादा क्रूर परशुराम', एमपी कांग्रेस नेत्री की पोस्ट पर भूचाल

### अब हाथ जोड़कर मांग रही माफी

**जबलपुर (एजेंसी)।** सोशल मीडिया में विवादित पोस्ट वायरल करने पर पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। कांग्रेस की पूर्व महिला नगर अध्यक्ष ने सोशल मीडिया में भगवान परशुराम की तुलना औरंगजेब से करते हुए पोस्ट वायरल की थी। जिसका हिंदूवादी संगठनों ने विरोध किया था। साथ ही पार्टी ने भी नोटिस थमा दिया है। जबलपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने रेखा के पोस्ट पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। हालांकि, पार्टी की फटकार के बाद रेखा जैन ने तुरंत यू-टर्न लेते हुए माफी मांग ली और सफाई दी कि फेसबुक पर पोस्ट देखते समय यह गलती से शेयर हो गया था। संज्ञान में आते ही उन्होंने पोस्ट डिलीट भी कर दिया।इधर, अध्यक्ष ने उनका बचाव करते हुए कहा है कि उन्होंने किसी भी तरह की टिप्पणी नहीं की है, बल्कि एक लेखक का लेख था, जिसे उन्होंने शेयर किया था।



**पोस्ट में लिखा था- परशुराम जातिगत घृणा के प्रतीक-** रविवार को फेसबुक पर कांग्रेस की पूर्व नगर अध्यक्ष रेखा विनोद जैन ने जो पोस्ट साझा किया, उसमें लिखा था- कथाकार मणिका मोहिनी ने एक महत्वपूर्ण बात याद दिलाई है। औरंगजेब ने अपने भाई का सिर काटकर अपने पिता को भेंट किया था, जबकि परशुराम ने अपनी माता का सिर काटकर खुद को भेंट किया था।

# प्रोफेसर ने 30 से ज्यादा छात्राओं का यौन-शोषण किया

● मोबाइल में 65 अश्लील वीडियो मिले, एफआईआर दर्ज होने के बाद फरार

**हाथरस (एजेंसी)।** यूपी के हाथरस में एक डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर के मोबाइल से 65 अश्लील वीडियो मिले। पुलिस जांच में पता चला कि ज्यादातर वीडियो कॉलेज की छात्राओं के हैं।

प्रोफेसर ने छात्राओं के कई वीडियो पोर्न साइट पर भी अपलोड कर दिए थे। कहा जा रहा है कि वह 20 साल में 30 से ज्यादा छात्राओं का यौन-शोषण कर चुका है।फिलहाल, आरोपी फरार है। कॉलेज मैनेजमेंट ने उसे सस्पेंड कर दिया है। एसपी ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें लगाई हैं। मामला बागला डिग्री कॉलेज (एडेड) का है।

दरअसल, 6 मार्च को एक छात्रा ने महिला आयोग को लेटर लिखा, साथ ही फोटो-वीडियो भी भेजे। शिकायत सामने आने के बाद पुलिस ने इंटरनल जांच शुरू की। 13 मार्च को दरोगा सुनील कुमार ने थाने में खुद शिकायत दर्ज कराई।

इसके बाद मामला सुर्खियों में आ गया। आनन-फानन में डीएम ने जांच के लिए 4 सदस्यीय कमेटी बनाई। आरोपी प्रोफेसर डॉ. रजनीश की उम्र 54 साल है। वह भूगोल पढ़ाता है।



### छात्रा का लेटर आया सामने

प्रोफेसर डॉ. रजनीश छात्राओं को झांसा देकर कमरे में बुलाता था। आपको बताना चाहती हूं कि प्रोफेसर रजनीश कुमार कई छात्राओं का यौन-शोषण कर रहा है। वह दरिंदा है। वह छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करता है। वीडियो बनाकर उनका शोषण करता है। मैं एक साल से पीएमओ से लेकर सीएम कार्यालय तक इसकी शिकायत कर रही हूं। लेकिन प्रोफेसर इतना ताकतवर है कि किसी भी शिकायत पर उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। मोदी सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का समर्थन करती है, लेकिन फिर भी ऐसे दरिंदे बेखौफ होकर बेटियों के साथ दरिंदगी कर रहे हैं। इस दरिंदे से मैं इतनी परेशान हूं कि कभी-कभी आत्महत्या करने का विचार आता है।

कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष और मैनेजमेंट को प्रोफेसर की करतूतों के बारे में बताया। उन्हें सबूत भी सौंपे, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। जब तक इस दुष्ट पर कोई कार्रवाई नहीं होती, मैं हार नहीं मानूंगी।

ऐसा लगता है कि कॉलेज के प्रधानाचार्य और मैनेजमेंट की शह पर प्रोफेसर कॉलेज की छात्राओं का शोषण कर रहा है। वह भोली-भाली छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा पास कराने और नौकरी के नाम पर बहलाता-फुसलाता है। फिर उनके साथ गलत काम करता है और वीडियो भी बनाता है।

उसके फोटो-वीडियो मेरे हाथ लगे हैं, जिन्हें मैं प्रमाण के रूप में इस पत्र के साथ भेज रही हूं। अब तक मैंने अलग-अलग नाम शिकायतें की हैं, क्योंकि अगर दरिंदे को मेरे बारे में पता चल गया, तो वह मुझे मरवा देगा।

# हेमवती नंदन बहुगुणा ने संघर्षों से प्रशस्त किया था अपना मार्ग : मुख्यमंत्री योगी

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर सोमवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि उन्होंने बेहद संघर्षों से अपना मार्ग प्रशस्त किया था। मुख्यमंत्री यहां योजना भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। बहुगुणा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहुगुणा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ-साथ देश के वरिष्ठ राजनेता थे। योगी ने कहा, उन्होंने (बहुगुणा) अपना मार्ग संघर्षों से प्रशस्त किया था। अपने लंबे राजनीतिक करियर के दौरान सार्वजनिक जीवन की शुचिता व पारदर्शिता के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी अथाह निष्ठा थी। एक बयान के



अनुसार योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उत्तर प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए बहुगुणा जी ने जो संकल्प और जो कार्ययोजना 1973 से 1975 के बीच तय की थी, वह आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक का कार्य करती है। केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्हें अलग-अलग दायित्वों के निर्वहन का अवसर प्राप्त हुआ था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रयागराज उनकी कर्म साधना की स्थली होने के साथ-साथ देश की स्वाधीनता आंदोलन की लौ को प्रखरता से आगे बढ़ाने के लिए उनकी संघर्ष स्थली के रूप में भी जानी जाती है। उन्होंने कहा कि 17 मार्च 1989 को बहुगुणा ने अपना देह त्याग दिया लेकिन उनकी स्मृतियां आज भी समाज जीवन से जुड़े अलग-अलग पक्षों को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए वह प्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश वासियों की तरफ से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। श्रद्धांजलि सभा में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, लालजी प्रसाद निर्मल, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## बारिश से हुए नुकसान का आकलन कर राहत कार्य शुरू करें अधिकारी : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राज्य के विभिन्न हिस्सों में हुई बारिश से हुए नुकसान का आकलन करने और प्रभावित लोगों के लिए पूरी तत्परता से राहत कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सरकार की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने, राहत कार्यों की निगरानी करने तथा प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि बारिश से फसलों को हुए नुकसान का आकलन किया जाए और एक रिपोर्ट सरकार को उपलब्ध कराई जाए, ताकि इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा सके। मौसम विभाग के अनुसार, बाराबंकी जिले की राम सनेही घाट तहसील में सात मिमी और अंबेडकरनगर जिले के टांडा में पांच मिमी बारिश दर्ज की गई।

# कानपुर के पुराने रेलवे ब्रिज का रिप्लेस किया जाएगा एच बीम



**30 अप्रैल तक लखनऊ से कानपुर की ट्रेनों पर असर**

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं.)।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सचिंद्र मोहन शर्मा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 20 मार्च से कानपुर ब्रिज पर सेफ्टी वर्क होगा। ब्रिज को रिपेयर किया जाएगा। ट्रेनों पर कम से कम प्रभाव पड़े इसका ध्यान रखा गया है। 800 मीटर से ज्यादा लंबा यह ब्रिज है इसकी स्टील टर्फ को हम रिप्लेस करेंगे। एच बीम लगाएंगे। इससे लोग पुल से गुजरते हुए मां गंगा के दर्शन भी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि लखनऊ से कानपुर जाते समय अपलाइन में कई सालों से कॉशन लगा हुआ था। 10 किलोमीटर का कॉशन लगा हुआ था तो गाड़ियों में काफी विलंब होता था। अब एच बीम स्लीपर लगाए जा रहे हैं जो स्पेशली ब्रिज के लिए होते हैं। 1560 स्लीपर रिप्लेस होंगे। यह एक-एक करके रिप्लेस किए जाएंगे। रोजाना नौ घंटे का ब्लॉक हर रोज लिया जाएगा। 20 मार्च से शुरू होकर 30 अप्रैल तक ये काम चलेगा। इनमें ऑन एवरेज साढ़े नौ ट्रेनें निरस्त रहेंगी। बाकी डाइवर्ट और शॉर्ट ओरिजिनेट की जाएंगी। लखनऊ से कानपुर तक की पैसेंजर ट्रेनें कैंसिल की जा रही हैं। 10 किलोमीटर का जो कॉशन है वह 45 किलोमीटर का खुलेगा और फुल स्पीड पर भी खुलेगा। इसी के सहारे अपने पेंडिंग काम भी सारे कर लेंगे जिससे बार-बार ब्लॉक न देना पड़े। उन्होंने बताया कि लखनऊ कानपुर में ही प्रतिदिन लगभग साढ़े नौ ट्रेन कैंसिल होंगी। करीब 17 ट्रेनें डाइवर्ट की जाएंगी या तो मुरादाबाद ले जाएंगे या कुछ ऐसी गाड़ियां है जो गोंडा से मिलती थीं और कानपुर जाती थीं उन्हें भी शाहगंज जौनपुर से डायवर्ट करते हुए ले जाएंगे। यह ट्रेन हम कैंसिल नहीं करेंगे। थोड़ा रूट चेंज करेंगे। दो से तीन घंटे का डिले होगा। हो सकता है गाड़ियां आगे जाकर मेकअप कर लें। बाकी ट्रेन उपलब्ध रहेंगी। कुछ शॉर्ट डिस्टेंस वाली पैसेंजर ट्रेनें कैंसिल कर दी जाएंगी

### इन ट्रेनों का देरी से होगा संचालन

- 12535 लखनऊ रायपुर गरीबरथ 120 मिनट
- 64211 लखनऊ कानपुर मेमू 120 मिनट
- 12104 लखनऊ पुणे सुपरफास्ट चारबाग से 30 मिनट
- 16094 मास एक्सप्रेस लखनऊ जंक्शन 30 मिनट
- 05053 गोरखपुर बांद्रा स्पेशल 120 मिनट
- 07076 गोरखपुर हैदराबाद 150 मिनट

### इन ट्रेनों को किया गया निरस्त

- 64203/04 लखनऊ कानपुर सेंट्रल लखनऊ मेमू 20 मार्च से एक मई तक
- 55345/46 लखनऊ कासगंज लखनऊ पैसेंजर 20 मार्च से एक मई तक
- 11109 वीरांगना लक्ष्मीबाई झासी लखनऊ इंटरसिटी 19 मार्च से 30 अप्रैल तक
- 11110 लखनऊ वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी इंटरसिटी 20 मार्च से एक मई तक
- 51813/14 झांसी लखनऊ झांसी पैसेंजर 20 मार्च से एक मई तक
- 09465/66 अहमदाबाद दरभंगा अहमदाबाद स्पेशल
- 05305/6 छपरा आनंद विहार छपरा स्पेशल 30 अप्रैल तक अलग-अलग तारीख में निरस्त रहेगी

### लखनऊ-मुरादाबाद होकर जाएंगी ये ट्रेनें

12180 आगरा फोर्ट लखनऊ बदले रूट लखनऊ शाहजहांपुर कासगंज के रास्ते चलाई जाएगी 12571 गोरखपुर आनंद विहार,12595 गोरखपुर आनंद विहार, 22539 मऊ आनंद विहार, 22411 नाहरलागुन आनंद विहार, 22412 आनंद विहार नाहरलागुन, 12003 शताब्दी एक्सप्रेस, 15025 मऊ आनंद विहार, 15026 आनंद विहार मऊ, 15557 दरभंगा आनंद विहार एक्सप्रेस, 15705 कटिहार दिल्ली एक्सप्रेस लखनऊ से मुरादाबाद के रास्ते संचालित होंगी। ये ट्रेनें कानपुर, टुंडला व अलीगढ़ स्टेशन पर नहीं ठहरेंगी। 20921 बांद्रा लखनऊ, 20922 लखनऊ बांद्रा एक्सप्रेस, 19670 पाटलिपुत्र उदयपुर, 19669 उदयपुर पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, 12179 लखनऊ आगरा फोर्ट, 19410 गोरखपुर साबरमती एक्सप्रेस, 22922 गोरखपुर बांद्रा, 22921 बांद्रा गोरखपुर, 02563 बरौनी नई दिल्ली, 02569 दरभंगा नई दिल्ली, 02564 नई दिल्ली बरौनी, 02570 नई दिल्ली दरभंगा बुढ़वल, सीतापुर शाहजहांपुर, कासगंज के रास्ते संचालित कराई जाएंगी

### ये ट्रेनें नहीं आएंगी लखनऊ

जो ट्रेनें लखनऊ नहीं आएंगी उनमें 22121 एलटीटी लखनऊ सुपरफास्ट 22, 29 मार्च, पांच, 12, 19, 26 अप्रैल व 22122 लखनऊ एलटीटी 23, 30 मार्च, छह, 13, 20, 27 अप्रैल को कानपुर तक ही संचालित होगी

11407 पुणे लखनऊ एक्सप्रेस 18, 25 मार्च, एक, आठ, 15, 22 अप्रैल को कानपुर स्टेशन तक ही संचालित होगी 11408 लखनऊ पुणे वापसी में 20, 27 मार्च, तीन, 10, 17, 24 अप्रैल को कानपुर से ही रवाना होगी

15083 छपरा फर्रुखाबाद व 15084 फर्रुखाबाद छपरा एक्सप्रेस 19 मार्च से 30 अप्रैल तक गोमतीनगर स्टेशन तक ही संचालित कराई जाएगी।

# चारबाग स्टेशन पर ऑटो व टेंपो की मनमानी से यात्री हलकान

- » उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल का मामला
- » रेलवे को भी प्रतिमाह हो रहा डेढ़ लाख का नुकसान

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर पार्किंग ठेका खत्म होने से ऑटो-टेंपो चालक निरंकुश हो गए हैं। यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। शिकायत पर जीआरपी हाथ खड़े कर रहे हैं। यात्रियों के साथ-साथ रेलवे को भी प्रतिमाह डेढ लाख रुपये का नुकसान हो रहा है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग स्टेशन पर एडीएमएस कंपनी पाकिंग का काम संभाल रही थी। बीते चार मार्च को कंपनी ने पाकिंग से हाथ पीछे खींच लिए हैं। स्टेशन पर आटो-टेंपो चालकों से प्रतिमाह पांच





सौ रुपये फीस ली जा रही थी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा से लेकर रेट तक पर नजर रखी जा रही थी। चारबाग में तीन सौ आटो-टेंपो शाही आटो टेंपो ऑनर्स एसोसिएशन के तहत पंजीकृत हैं। इनसे रेलवे को छमाही 2950 रुपये जीएसटी के साथ प्रति आटो दिया जा रहा था। रेलवे को 8.85 लाख रुपये का राजस्व मिल रहा था। लेकिन पिछले करीब एक महीने से आटो-टेंपो संचालन का जिम्मा नहीं सौंपा गया है। इससे आटो-टेंपो चालक निरंकुश हो गए हैं। यात्रियों से मनमाने रेट वसूले जा रहे है। दोबारा संचालन शुरू होने पर रेलवे को प्रतिमाह डेढ लाख रुपये की आमदनी होगी तथा यात्रियों का सफर सुरक्षिल हो सकेगा।

# महापौर ने बुजुर्गों संग मनाई होली

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** होली का त्योहार खुशियों और रंगों का पर्व है, जो हर उम्र के लोगों को एक साथ जोड़ता है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को जोन-7 आदिल नगर स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ होली मनाई। इस अवसर पर उन्होंने बुजुर्गों को गुलाल लगाया और उनके साथ पारंपरिक तरीके से होली खेली। महापौर ने कहा कि बुजुर्ग समाज की धरोहर होते हैं और हमें उन्हें कभी भी अकेला महसूस नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने वृद्धजनों के साथ बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वासन दिया कि नगर निगम उनकी हरसंभव मदद के लिए तैयार है। महापौर सुषमा खर्कवाल के इस प्रयास से वृद्धाश्रम के बुजुर्ग बेहद प्रसन्न नजर आए। उन्होंने कहा कि होली में अपनों का साथ मिलना किसी उपहार से कम नहीं। इस कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार समेत नगर निगम के जोन-7 के जोनल अधिकारी आकाश कुमार, अशोक यादव, कुलदीप सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि नगर निगम सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए इस तरह के आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहेगा। महापौर ने इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया कि बुजुर्गों की देखभाल हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार और समाज में मौजूद वृद्धजनों को समय दें और उनके साथ त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। महापौर और अन्य अधिकारियों ने बुजुर्गों संग होली गीत गाए और उनके साथ यादगार समय बिताया। वृद्धाश्रम में रहने वाले कई बुजुर्गों ने बताया कि पहली बार किसी सरकारी अधिकारी ने आकर उनके साथ त्योहार मनाया है, जिससे वे बेहद खुश हैं।

# बसपा में आम लोगों को बढ़ने का मिलेगा पूरा मौका : मायावती

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पार्टी मुख्यालय से बयान जारी किया है। उन्होंने कहा

**कोई भी भाई-बहन, नाते रिश्तेदार नहीं आएंगे आड़े**

मेरे भाई, बहन और रिश्ते नाते मेरे लिए बहुजन समाज का ही एक अंग है। इसके सिवाय कुछ भी नहीं है। इसके अलावा पार्टी व मूवमेंट के हित में बहुजन समाज के जो भी लोग अपनी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करते हैं तो उन्हें पार्टी में जरूर आगे बढ़ने का मौका दिया जाएगा। इस मामले में मेरे रिश्ते, नाते आदि भी आड़े नहीं आएंगे। मायावती ने कहा कि यहां मैं सावधानी के तौर पर यह भी बताना चाहूंगी कि पिछले कुछ वर्षों से सत्ता व विपक्ष में बैठी सभी जातिवादी, सांप्रदायिक व पूंजीवादी पार्टियां बीएसपी के विरुद्ध अंदर ही अंदर आपस में मिलकर बहुजन समाज की



एकमात्र हितैषी पार्टी बीएसपी को किस्म किस्म के हथकंडों के जरिए इसे कमजोर करने की पूरी कोशिश में लगी हैं। यहां जातिवादी पार्टियों को खासकर सन 2007 में यूपी में बीएसपी का अकेले ही पूर्ण बहुमत के आधार पर सत्ता में आना अभी तक गले के नीचे से कतई भी उतर नहीं पा रहा है। तभी से सभी जातिवादी व खासकर दलित विरोधी पार्टियां किस्म किस्म के हथकंडे इस्तेमाल करके बीएसपी को कमजोर व खत्म करने में लगी हैं। इसी प्रकार डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीते जी भी इन्हीं जातिवादी पार्टियों ने उनके कारवां को किस्म किस्म के हथकंडे इस्तेमाल करके उसे कमजोर करने और खत्म करने का पूरा प्रयास किया था। डॉ अंबेडकर ने और बाद में कांशीराम ने उनके मंसूबों को पूरा नहीं होने दिया। अब मैं भी अपने बहुजन समाज के बलबूते पर उनके इस मंसूबे को किसी भी कीमत पर पूरा नहीं होने दूंगी। यह मेरा पार्टी के लोगों को वायदा है जिसके लिए मुझे अपने बहुजन समाज का हर स्तर पर साथ मिलना भी बहुत जरूरी है। अच्छी बात ये है कि बहुजन समाज पूरे तन मन धन के साथ मेरे साथ अभी भी खड़ा है। इतना ही नहीं बल्कि दलित और अन्य उपेक्षित वर्गों के लोगों को यह मालूम है कि यह लोग यूपी में बीएसपी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से पहले यहां जातिवादी उच्च वर्गों के लोगों के सामने यानी जो बहुजन समाज के लोग जो खास तौर पर दलित वर्ग के लोग यहां जातिवादी उच्च वर्ग के लोगों के सामने न तो चारपाई पर बैठ सकते थे और न ही उनकी बराबरी की कुर्सी पर बैठने की हिम्मत जुटा सकते थे, लेकिन सन 2007 में बहुजन समाज पार्टी की अकेली पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद से यह सब अब काफी कुछ बदल गया है। अब यह लोग उनके बराबर में चारपाई व कुर्सी पर पूरे सम्मान के साथ बैठ सकते हैं यह जो बहुजन समाज के लोग हैं। यही है वास्तव में यहां सही सामाजिक परिवर्तन। यही है जिसे मेरे नेतृत्व में बनी बीएसपी सरकार ने लाया है।

## संतों, गुरुओं और महापुरुषों के बारे में अपने बच्चों से बताएं

मायावती ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री बीच-बीच में अपने खुद की गरीबी का तो जरूर उल्लेख करते रहते हैं लेकिन इन्होंने दलित व अन्य उपेक्षित वर्गों के लोगों की तरह यहां कभी भी कोई जातीय भेदभाव नहीं झेला है। जो यह सब हमारे संतों, गुरुओं और महापुरुषों ने समय-समय पर झेला है। जिसे अभी भी इनके अनुयाई काफी हद तक झेल रहे हैं। पार्टी के मिशनरी व परिपक्व लोगों से आज मेरी यह भी अपील है कि वह यह सभी जरूरी बातें अपने बच्चों खासकर युवा पीढ़ी को जरूर हमेशा बताएं। जिनको त्याग करने की भी वास्तव में सही जिम्मेदारी इन्हीं लोगों की है। इस उम्मीद के साथ होली की बधाई देती हुई। कांशीराम की जयंती बड़े जोश पर उत्साह के साथ मनाई गई। उनके अनुयायियों ने जो अपना पूरा आदर सम्मान दिया है और मेरे साथ-साथ उनके करोड़ों अनुयायियों का भी काफी हौसला बढ़ाया है।

# युवती और उसके दोस्त का एआई से अश्लील फोटो बनाकर किया अपलोड

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक युवती व उसके दोस्त की फोटो पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने एआई से एडिट कर अश्लील फिल्म बनाया और एक ग्रुप बनाकर डाल दिया। जानकारी होने पर पीड़िता ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कॉलोनी में ही रहने वाला अभिषेक सिंह ने फोन से उसकी व उसके दोस्त की फोटो निकाल ली,फिर एआई के द्वारा तस्वीरों को एडिट करके गंदी तस्वीर बनाकर ग्रुप में भेज दिया गया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की है।

# इटावा सफारी पार्क में शेरनी के तीन शावकों को जन्म देने पर अखिलेश ने बधाई दी



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इटावा सफारी पार्क में एक शेरनी के तीन शावकों को जन्म देने पर सभी पशु-प्रेमी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी। सपा प्रमुख ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, होली की शुभ बेला में इटावा लायन सफारी में जन्मे तीन शावकों के लिए सभी पशु-प्रेमी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई। यादव ने कहा कि ये देखकर बड़ी खुशी होती है कि पर्यावरण व पारिस्थितिकी के चक्र को संतुलित करने के साथ ही स्थानीय आर्थिक विकास के बड़े विचार से सपा के समय में शुरू की गई ये सफारी आज फलीभूत हो रही है। उन्होंने कहा कि शेरनी नीरजा व शावकों के स्वस्थ जीवन के लिए मंगलकामनाएं। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि उत्तर प्रदेश के इटावा सफारी पार्क में बब्बर शेरनी नीरजा ने रविवार को तीन शावकों को जन्म दिया। इटावा सफारी पार्क के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पटेल ने बताया कि सफारी पार्क के बब्बर शेर प्रजनन केंद्र में रविवार अपराह्न नीरजा ने एक घंटे के अंतराल में तीन स्वस्थ शावकों को जन्म दिया। उन्होंने बताया कि शेरनी और शावक दोनों स्वस्थ हैं। **(भाषा)**

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी दो लड़के सबूतों के अभाव में बरी

## बलात्कार का कोई सबूत नहीं, किशोर न्याय बोर्ड ने लड़कों को रिहा करने का दिया आदेश

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** गोसाईगंज में छह साल की बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार दो नाबालिग लड़कों को हाल ही में न्यायालय ने बरी कर दिया गया। सूत्रों द्वारा ज्ञात हुआ कि लड़की के परिजनों का एक लड़के के परिवार से पहले भी झगड़ा हुआ था जिसके करण दोनों लड़कों को दुष्कर्म के आरोप में फंसाया गया था। लेकिन सबूतों के अभाव के अलावा बयानों में भी विसंगतियां थीं। इसलिए किशोर न्याय बोर्ड ने करीब 10 और 12 साल की उम्र के लड़कों को रिहा करने का आदेश दिया है, जो करीब 1 साल 7 महीने बाद सुधार गृह से बाहर आए। इस मामले में लड़की के परिवार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 24 जुलाई 2023 को स्कूल गई थी लेकिन जब वह दोपहर में घर लौटी तो वह ठीक से चल नहीं पा रही थी। उसने परिवार को बताया कि उसी इलाके के रहने वाले दो लड़कों ने स्कूल के शौचालय में उसके साथ दुष्कर्म किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों लड़कों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जबकि पुलिस को दिए गए बयान में एक लड़के ने कहा कि आरोप झूठा है और वह निर्दोष है। उसने दावा किया कि दूसरे लड़के के परिवार का लड़की के परिवार से झगड़ा हुआ था और इसलिए उन्होंने उसे फंसाया। दोनों लड़के चचेरे भाई हैं, दूसरे लड़के ने कहा कि वह लड़की को अपनी बहन मानता है और आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। अभियोजन पक्ष की ओर से लड़की, उसके परिवार के सदस्यों और अन्य निवासियों सहित लगभग 16 गवाह थे। हालांकि, बोर्ड ने पाया कि अभियोजन पक्ष ने ऐसा कोई दस्तावेज या भौतिक साक्ष्य नहीं दिया जिससे यह पता चले कि अपराध हुआ था। जांचकर्ताओं के अलावा, डॉक्टर की गवाही भी महत्वपूर्ण थी, खासकर, यह बयान कि लड़की के शरीर पर कोई बाहरी चोट नहीं पाई गई थी, कोई खून नहीं बह रहा था और उसके निजी अंगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा था। बचाव पक्ष ने माना कि बलात्कार के आरोप का समर्थन करने के लिए कुछ भी नहीं था और ऐसा कोई सबूत नहीं था, इसलिए आरोप सही नहीं पाया गया। चूंकि मेडिकल रिपोर्ट में चोट या खून बहने की बात कही गई थी, स्वाब जांच की रिपोर्ट में वीर्य का कोई निशान नहीं मिला, इसलिए बलात्कार साबित नहीं हो सका। स्कूल स्टाफ के बयान से भी पता चला कि बलात्कार का कोई सबूत नहीं है। शिकायतकर्ता के परिवार के दावों में असंगतता थी और ऐसा कोई सबूत नहीं मिला जिससे लड़कों की संलिप्तता का पता चल सके।

**अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया**

# सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** सेना भर्ती कार्यालय (ARO) आगरा के अंतर्गत आनेवाले 12 जिलों अलीगढ़, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, हाथरस, जालौन, झांसी, कासगंज, ललितपुर, मैनपुरी, मथुरा और आगरा के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर (क्लर्क/स्टोर कीपर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं और आठवीं पास श्रेणियों के रूप में भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 10 अप्रैल तक खोला गया है। अग्निवीरों की भर्ती में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (CEE) पहला कदम है और इसके बाद इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सेना भर्ती रैली आयोजित होगी। मध्य कमान के जन संपर्क अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष की आयु वर्ग के अभ्यर्थी पंजीकरण के लिए पात्र हैं। अग्निवीर तकनीकी ट्रेड में प्रवेश के लिए पॉलिटेक्निक और आईटीआई डिप्लोमा धारक पात्र हैं। भर्ती वर्ष 2025-26 से ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (CEE) और रैली के आयोजन में कुछ बदलाव किए गए हैं। ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा 13 भाषाओं अंग्रेजी, हिंदी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, पंजाबी, उड़िया, बंगाली, उर्दू, गुजराती, मराठी और असमिया में आयोजित की जाएगी। इसके बाद वर्ष के अंत में सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। भारतीय सेना के एक हिस्से के रूप में राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित सेना भर्ती कार्यालय आगरा के अंतर्गत आने वाले 12 जिलों के सभी अभ्यर्थियों को ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा के लिए पात्र होने के लिए



joinindianarmy.nic.in पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण पूरा करना होगा। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद, अभ्यर्थियों को ऑनलाइन एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष से अभ्यर्थी अपनी पात्रता के आधार पर अग्निवीर प्रविष्टि की किसी भी दो श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। दो विकल्प चाहने वाले अभ्यर्थियों को दो श्रेणियों के फॉर्म अलग-अलग भरने होंगे। अपनी पसंद की श्रेणियों से संबंधित दो ऑनलाइन सीईई के लिए उपस्थित होना होगा। श्रेणियों की प्राथमिकता अभ्यर्थी आवेदन चरण के दौरान ही भरेगा। पीआरओ शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि इस वर्ष से शारीरिक फिटनेस टेस्ट (पीएफटी) और शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) उत्तीर्ण करने वाले सभी अभ्यर्थियों को नीति के अनुसार अनुकूलनशीलता परीक्षण से गुजरना होगा। अनुकूलनशीलता परीक्षण उन अभ्यर्थियों के चयन के लिए है जो भारतीय सेना के वातावरण के अनुकूल हो सकते हैं और सैन्य जीवन की चुनौतियों के अनुकूल होने में सक्षम हैं। अनुकूलनशीलता परीक्षण (अडाप्टेबिलिटी टेस्ट) उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी मेडिकल परीक्षा और आगे की भर्ती प्रक्रिया के लिए पात्र होंगे। अनुकूलनशीलता परीक्षण एक टैबलेट व मोबाइल फोन पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन को अस्वीकार होने से बचाने के लिए पंजीकरण फॉर्म भरते समय सावधानी बरतें और आवश्यक विवरण सही-सही भरें।

# डीजीपी ने धार्मिक आयोजनों पर निगरानी व खुफिया जानकारी जुटाने के निर्देश दिए

- एसटीएफ की रिपोर्ट में दिए गए थे संकेत
- प्रदेश पुलिस के सभी अधिकारियों को आदेश जारी




ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने सोमवार को विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को राज्य में विभिन्न धार्मिक आयोजनों में मौजूद लोगों के बारे में सतर्कता और खुफिया जानकारी जुटाने के निर्देश दिए। पुलिस मुख्यालय के आधिकारिक बयान के मुताबिक सभी पुलिस आयुक्तों, अपर महानिदेशकों, क्षेत्रीय महानिरीक्षकों, उप महानिरीक्षकों और जिला पुलिस प्रमुखों व थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार यह कदम राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की उन रिपोर्टों के मद्देनजर उठाया गया है, जिनमें संकेत दिया गया है कि अपराधी अक्सर अपराध करने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए धार्मिक आयोजनों का इस्तेमाल करते हैं। पुलिस ने कहा है कि कई मामलों में, दुर्दांत अपराधियों ने पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए ऐसे आयोजनों का इस्तेमाल किया है। इसके मद्देनजर डीजीपी प्रशांत कुमार ने निर्देश दिया है कि पुलिस को धार्मिक आयोजनों में भाग लेने के लिए विभिन्न जिलों और राज्यों से आने वाले व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। पुलिस की जांच-पड़ताल और तहकीकात से एसटीएफ के निष्कर्षों से पता चला है कि कुछ अपराधी पकड़े जाने से बचने के लिए इन समारोहों में शरण लेते हैं।

### मुठभेड़ में इंस्पेक्टर की मौत के मामले में धार्मिक सभा का हुआ था स्तेमाल

डीजीपी प्रशांत कुमार ने शामली जिले में एक मुठभेड़ में पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार के शहीद होने की घटना का भी जिक्र किया। बाद में इस घटना की जांच में पता चला था कि आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए धार्मिक सभाओं का इस्तेमाल किया था। डीजीपी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने वाले व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिला खुफिया इकाइयों और सोशल-मीडिया निगरानी प्रकोष्ठों को सक्रिय किया जाना चाहिए। स्थानीय पुलिस इकाइयों को किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की पहचान करने के लिए बारीकी से समन्वय करना चाहिए।

### विस्तृत रिकॉर्ड एकत्र करने की सलाह

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि अधिकारियों को उपस्थित लोगों का विस्तृत रिकॉर्ड एकत्र करने के लिए कार्यक्रम आयोजकों के साथ संपर्क करना चाहिए। साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जरूरत पडने् पर कानून प्रवर्तन के लिए ऐसी जानकारी उपलब्ध हो। धार्मिक समारोहों में उपस्थित लोगों का एक रजिस्टर बनाया जाना चाहिए जिसमें उनका विवरण, आधार कार्ड जैसी वैध पहचान सहित दर्ज हो। पुलिस अधिकारियों को इन उपायों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया है।

## सिंह इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स का गिरा छज्जा

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** सरोजनीनगर इलाके में कानपुर रोड के हाइडिल स्थित सिंह इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स का छज्जा अचानक सुबह करीब साढ़े पांच बजे भरभरा कर गिर गया, लेकिन सुबह होने के चलते न तो इस घटना में कोई हताहत हुआ और न ही कोई चोटिल हो सका क्योंकि सुबह होने के चलते कोई भी कानपुर रोड पर यातायात संचालित नहीं था। सरोजनीनगर के हाइडिल स्थित कानपुर रोड पर सिंह इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स के नाम से एक भवन है। जहां पर इन दिनों कानपुर रोड निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी द्वारा निर्माण किया जा रहा है। कुछ समय पहले इस छज्जा में कर्मचारियों के कार्य के दौरान टक्कर लग गई। टक्कर लगने से छज्जा कुछ क्षतिग्रस्त हो गया था और छज्जा लटका हुआ था। सुबह समय करीब साढ़े पांच बजे अचानक छज्जा भर भरा कर धराशाई हो गया।गनीमत रही कि छज्जा गिरने के समय यातायात संचालित नहीं था। जिसके चलते न तो कोई हताहत हुआ और न ही कोई अप्रिय घटना घटित हो सकी।

## सुशांत गोल्फ सिटी में हो रहे अवैध निर्माण को एलडीए ने किया सील




ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने सुशांत गोल्फ सिटी में कार्यवाही करते हुए एक अवैध निर्माण को सील किया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि महेश कुमार, रितम प्रिया व अन्य द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी के महमूदपुर, मुजफ्फरनगर घुसवल में भूखण्ड संख्या-सी-1 पर लगभग 1500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से आर0सी0सी0 कॉलम का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त निर्माण कार्य के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता राम सागर वर्मा के नेतृत्व में अवर अभियंता भरत पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से प्रश्नगत स्थल को सील कर दिया गया।

# लखनऊ-रायबरेली रोड पर पिकअप व कार की टक्कर में सात लोग घायल



- हाइवे पर तीन-किलोमीटर तक लगा जाम
- एसीपी मोहनलालगंज मौके पर पहुंचे

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** लखनऊ-रायबरेली रोड पर होंडा डब्ल्यूआरवी कार और पिकअप के बीच टक्कर हो गई। रोड पर लगभग तीन किलोमीटर तक जाम लग गया। हादसा कनकहा स्थित सरदार पटेल इंस्टिट्यूट के सामने हुआ। पिकअप रायबरेली से रॉन्ग साइड में लखनऊ की ओर आ रही थी। घटना में किसी की मौत नहीं हुई। दोनों ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हैं। कार ड्राइवर के सिर और पैर में चोट आई है। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में कुल 7 लोग घायल हुए हैं। पिकअप लखनऊ की है। वह खाली थी। कार में पांच और पिकअप में दो लोग थे। कनकहा हॉस्पिटल के पास हादसा होने की सूचना मिलने पर डॉक्टर गिरजा शंकर मिश्रा ने अस्पताल से सभी स्टाफ को मौके पर भेजा। घायलों को स्ट्रेचर से अस्पताल लाया गया। वहां सभी का फ्री में शुरुआती इलाज किया गया। डॉक्टर गिरजा शंकर ने बताया कि सभी का निशुल्क प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है। घायलों में दो बच्चे सहित करीब सात अन्य लोग घायल थे।

### ये लोग हुए घायल

पुलिस ने बताया रायबरेली के शेखपुरा के रहने वाले मो. सलीम, सना, आयत बानो, इरफान, प्रभात और शुभम का इलाज मोहनलालगंज अस्पताल में चल रहा है। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल थे जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल भिजवाया गया है। एसीपी रजनीश वर्मा का कहना है कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जाम खुलवा दिया है।

## घर में घुसकर लाठी डंडों से मारा पीटा, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** बंथरा इलाके में एक युवक के घर में घुस कर लात घुसो और लाठी डंडों से दबंगो ने मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। मुकदमा दर्ज कर पुलिस तहकीकात करने में लगी हुई है। बंथरा के लोनहा निवासी अमर कांति पत्नी फतेह बहादुर ने पुलिस को बताया कि 15 मार्च को समय करीब 4 बजे शाम को गांव के ही निवासी मुकेश और राकेश पुत्र बिहारी द्वारा नाले पर पड़े पत्थर को लेकर विवाद हुआ था। इसी की लेकर अमर कांति के पुत्र अंकित के घर में घुस कर लात घुसो व लाठी डंडों से मारा पीटा। अमर कांति और बहु के चिल्लाने पर भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ एकत्र होते देख पुत्र और परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। अमर कांति ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

# 11 डीएसपी के ट्रांसफर, छह नए ट्रेनी पीपीएस को मिली तैनाती

- सीएम की सुरक्षा में तैनात अफसरों को जिले में पोस्टिंग
- अधिकारियों की जिम्मेदारियों में फेरबदल



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** होली बाद योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश 11 पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। वहीं, छह ट्रेनी पीपीएस अफसरों को नई तैनाती दी गई है। पीपीएस अफसर राजीव प्रताप सिंह को पुलिस उपाधीक्षक हमीरपुर बनाया गया है। वही पीपीएस अफसर नितेश प्रताप सिंह को पुलिस उपाधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा लखनऊ से पुलिस उपाधीक्षक बिजनौर बनाया गया है। नितेश प्रताप सिंह वर्तमान में पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यमंत्री सुरक्षा, लखनऊ के पद पर तैनात थे। उन्हें बिजनौर में पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। राजीव प्रताप सिंह वर्तमान में पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यमंत्री सुरक्षा, लखनऊ के पद पर तैनात थे। उन्हें पुलिस उपाधीक्षक, जनपद हमीरपुर बनाया गया। अंकित कुमार-1 वर्तमान में पुलिस उपाधीक्षक, सुरक्षा मुख्यालय, लखनऊ के पद पर तैनात थे। उन्हें पुलिस उपाधीक्षक, जनपद हरदोई बनाया गया है। आस्था जायसवाल वर्तमान में सहायक पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा के पद पर तैनात थीं। उन्हें पुलिस उपाधीक्षक, जनपद आजमगढ़ बनाया गया है। जयेंद्र नाथ अस्थाना वर्तमान में सहायक पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ के पद पर तैनात थे। उन्हें पुलिस उपाधीक्षक, जनपद हाथरस बनाया गया है। संदीप कुमार वर्मा वर्तमान में पुलिस उपाधीक्षक, कुंभ मेला, प्रयागराज के पद पर तैनात थे। उन्हें पुलिस उपाधीक्षक, जनपद कासगंज बनाया गया है। रामकृष्ण चतुर्वेदी वर्तमान में पुलिस उपाधीक्षक, कुंभ मेला, प्रयागराज के पद पर तैनात थे। उन्हें मंडलाधिकारी, चित्रकूट बनाया गया है। महेंद्र सिंह देव वर्तमान में पुलिस उपाधीक्षक, कुंभ मेला, प्रयागराज के पद पर तैनात थे। उन्हें पुलिस उपाधीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ बनाया गया। सुशील कुमार सिंह वर्तमान में पुलिस उपाधीक्षक, अभिसूचना मुख्यालय, लखनऊ के पद पर तैनात थे। उन्हें मंडलाधिकारी, लखनऊ बनाया गया है। डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह वर्तमान में पुलिस उपाधीक्षक, कुंभ मेला, प्रयागराज के पद पर तैनात थे। उन्हें पुलिस उपाधीक्षक, जनपद फतेहपुर बनाया गया है। प्रशाली गंगवार वर्तमान में पुलिस उपाधीक्षक, जनपद गोरखपुर के पद पर तैनात थीं। उन्हें सहायक पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर बनाया गया है।

### छह ट्रेनी पीपीएस अफसरों को मिली तैनाती

ट्रेनी पीपीएस अफसर पवीन प्रकाश को पुलिस उपाधीक्षक सिद्धार्थनगर में तैनात किया गया है। अरविंद सोनकर को पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या भेजा गया है। सच्चिदानंद सिंह को पुलिस उपाधीक्षक मैनपुरी बनाया गया है। प्रगति चौहान को पुलिस उपाधीक्षक पीलीभीत तैनात किया गया है। कृष्ण कांत त्रिपाठी को पुलिस उपाधीक्षक बांदा तैनात किया गया है। भूपेश कुमार पांडेय को पुलिस उपाधीक्षक आजमगढ़ भेजा गया है।

# कैफे संचालकों पर किन्नर के तीन लाख हड़पने के आरोप

- अश्लील वीडियो वायरल करने के भी आरोप
- असलहा दिखाकर की मारपीट, मांगी रंगदारी
- हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र की घटना
- इंस्पेक्टर ने कहा पुलिस जांच-पड़ताल में लगी है



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र के नरही स्थित एक कैफे संचालकों ने नुकसान की भरपाई के नाम पर एक किन्नर से तीन लाख रुपये उधार लिए। दो माह में रकम लौटाने का वादा किया था, लेकिन नीयत डगमगा गयी और संचालक रकम हड़प गये। ऐसे आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी गई है। आरोप है कि समय पूरा होने पर पीड़ित ने जब रकम वापस मांगी तो असलहे के बल पर उसे धमकाते हुए गाली-गलौज करते हुए एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी और न देने पर उसके कुछ फोटोज व वीडियो वॉयरल करने की धमकी दी। पीड़ित किन्नर सोमवार को हतरगंज कोतवाली पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाई और तहरीर दी। पुलिस उसकी तहरीर पर मामले की जांच कर रही है। मोहनलालगंज निवासी अनामिका सिंह (काल्पनिक नाम) (बदला हुआ परिवर्तित नाम) एक फाउंडेशन की अध्यक्ष हैं। अनामिका की मानें तो हजरतगंज के नरही स्थित एक कैफे को कई लोग मिलकर संचालित करते हैं। उनमें से एक उनके पूर्व का परिचित है। अनामिका की मानें तो नवंबर 2024 में कैफे संचालकों ने मिलकर उनसे अपने व्यापार में नुकसान होने की बात कहकर तीन लाख रुपये उधार मांगे थे। इस दौरान उन्होंने दो माह में रकम लौटा देने का आश्वासन दिया था। उनके झांसे में आकर अनामिका ने किश्तों ने उन्हें नगद तीन लाख रुपये दे दिए। समय पूरा होने के बाद जब आरोपी रकम नहीं लौटा रहे थे तो अनामिका ने तगादा करना शुरू किया, लेकिन वह टालमटोल करने लगे। अनामिका का आरोप है कि जनवरी में कैफे के अंदर चल रही स्टाफ की पार्टी में पहुंचकर उन्होंने रकम वापस मांगी। इस पर एक उन्हें अपने ऑफिस में ले गया और सभी ने मिलकर उनकी पिटाई शुरू कर दी। कैफे चलाने वाला अपनी कमर से अवैध पिस्टल निकाल कर उनके सिर पर सटा दिया और दोबारा रकम मांगने पर गोली सिर के आरपार करने की धमकी देने लगा। किसी तरह दबंगों के चंगुल से छूटकर अनामिका डरी-सहमी अपने घर पहुंची। तहरीर में लिखी बातों की माने तो अगले दिन दबंग उनके घर आया और माफी मांगने लगा, जिस पर उन्होंने पुलिस से शिकायत नहीं की। इसके बाद वह दिल्ली चली गयीं। वापस आने पर बीते नौ फरवरी को वह जब उससे मिली तो उसने अपनी कार में बैठा लिया। फिर जनेश्वर मिश्र पार्क के पास ले जाकर अपने सेलफोन में अनामिका (बदला हुआ परिवर्तित नाम) की कुछ अश्लील फोटोज और वीडियो दिखाते हुए ब्लैकमेल कर 50 हजार रुपये की मांग की। रंगदारी न देने पर फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल करने की धमकी दी। लोकलाच के भय से अनामिका चुप हो गयीं। आरोप है कि 16 मार्च को होली की पार्टी के आयोजन के दौरान वह कैफे गयीं, जहां उसने अपने कमरे में ले जाकर फिर से अवैध पिस्टल दिखाते हुए अब एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। अनामिका ने विरोध किया तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए उनकी पिटाई कर भगा दिया। डरी-सहमी पीड़िता ने किसी तरह हिम्मत जुटाते हुए सोमवार को हजरतगंज कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। इंस्पेक्टर हजरतगंज ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बन्द मकान में मिली महिला की लाश में हत्या की पुष्टि

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर चोटों के गहरे निशान मिले
- पहने हुए गहने गायब थे शरीर से
- गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र की घटना
- घर से अचानक हुई थी लापता, गुमशुदगी भी थी दर्ज



ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** गोसाईगंज के कपेरा का पुरवा गाँव की रहने वाली बुजुर्ग महिला का शव गाँव के अंदर एक बंद पड़े मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़े मिले शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट हत्या की ओर इशारा कर रही है। महिला की मौत सर पर गम्भीर चोटे लगने के कारण हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला के चेहरे, सर, पीठ पर चोटें होने की पुष्टि हुई। गांव में अंदर महिला की हत्या से नाराज ग्रामीणों व परिजनों ने सोमवार की शाम गांव के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जल्द हत्यारोपियों को जेल भेजने का अस्वाशन देकर शवं का अंतिम संस्कार करवाया। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित को हिरासत में लिया है।जानकारी के मुताबिक कपेरा का पुरवा गाँव निवासी जगराना (60) शनिवार की सुबह 9 बजे से लापता थी । जब वह दोपहर तक वह घर नही पहुंची तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की । शाम तक जब वह घर नही लौटी तो परिजन ने गोसाईगंज थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। बेटे मनोज ने बताया कि वह सुबह 9 बजे घर से दुकान से किराने का सामान लेन के लिए घर से निकली थी,जो वापस नही लौटी । जब काफी देर हो गयी तो खोजबीन शुरू हो गयी लेकिन देर रात तक जब पता नही चला तो गोसाईगंज पुलिस को तहरीर देकर मां की गुमशुदगी दर्ज कराई । रविवार की सुबह खोजबीन के दौरान गाँव मे बंद पड़े एक पुराने मकान की तलाशी के दौरान बाउंड्री वाल के किनारे मृत अवस्था में मिली थी । मृतक के चेहरे, पीठ, व सर पर चोट के निशान थे। महिला की मौत सर पर गंभीर चोट लगने से हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार महिला के सर पर गई वार किए गए। महिला का शव सोमवार की शाम जब गांव पहुंचा तो परिजनों के साथ ग्रामीणों ने गांव के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक ग्रामीणो के प्रदर्शन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी का अस्वाशन देकर शव का अंतिम संस्कार करवाया।

### कान के झाले व नाक की कील गायब

मृतक के बेटे राम कैलाश ने बताया कि उसकी मां के शव मिला तो कान के झाले व नाक की कील गायब थी। महिला के शरीर मे मिले कई जगह चोट के निशान देखकर पता चलता है कि महिला की पिटाई की गई। सर पर आई चोट के कारण उसकी मौत हुई। मारने के बाद आरोपितों ने उसके कान के झाले और नाक की कील निकाल ली।

# लोहा दुकानदार का घर के कमरे में लटकता मिला शव



फाइल फोटो

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** गुडंबा इलाके में लोहा दुकानदार ने फांसी लगाकर जान दे दी। उनका शव कमरे की छत से चादर के सहारे लटकता मिला। परिजनों ने आनन फानन फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिवार ने बताया कि कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उन्होंने मौत का जिम्मेदार खुद को ठहराया है। उन्होंने लिखा कि मैं अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं। बच्चों तुम हमेशा खुश रहना। पत्नी ने कमरे में शव देखा, चीख सुनकर पहुंचे परिजन सीमान्त नगर कल्याणपुर गुडंबा निवासी कृष्ण कुमार यादव लोहे की दुकान चलाते थे। बेटे ललित ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे पिता कृष्ण कुमार यादव ने फांसी लगाकर दे दी। सुबह के वक्त ललित की मां ऊपर के कमरे में गई तो कृष्ण कुमार चादर के फंदे के सहारे पंखे से लटके हैं। परिवार ने आनन-फानन में फंदा काटकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव लेकर वापस आ गए और पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर गुडंबा का कहना है कि अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस से गैंगरेप के आरोपी का एनकाउंटर, दोनों ओर से चली गोली

» लापरवाही बरतने वाले दो दरोगा लाइन हाजिर » एडीएम की फटकार के बाद दर्ज हुआ था मुकदमा

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** गैंगरेप के आरोपी को पुलिस ने एनकाउंटर में गोली मारकर पकड़ लिया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया-मुखबिर से हमें सूचना मिली थी कि गैंगरेप के दोनों आरोपी जंगल की तरफ भाग रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने उनकी घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपी संदीप यादव ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लग गई, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे केजीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, दूसरे आरोपी मायाराम को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस अब इस केस को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में ले जाने की तैयारी कर रही है। संदीप यादव और मायाराम से पूछताछ की जा रही है कि कहीं इस वारदात में और लोग तो शामिल नहीं थे। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 मार्च को दिव्यांग युवती से गैंगरेप हुआ। शुक्रवार दोपहर 12 बजे पीड़िता घर का सामान लेने पड़ोस की दुकान जा रही थी, तभी आरोपी संदीप यादव और मायाराम उसे बहला-फुसलाकर गांव के बाहर ले गए। उसके साथ दरिंदगी की। युवती की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो आरोपी भाग निकले। इसके बाद युवती के पिता ने पुलिस कंट्रोल रूम, मोहनलालगंज और गोसाईगंज थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को समाधान दिवस में एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम से शिकायत की गई।

### दो दरोगा लाइन हाजिर

रविवार देर शाम डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने मामले में सुनवाई न करने पर दो दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया।



### आरोपियों के जंगल की ओर भागने की मिली थी सूचना

इधर, पुलिस आरोपियों को लगातार ट्रेस कर रही थी। देर रात पुलिस को सूचना मिली कि दोनों आरोपी जंगल की तरफ भाग रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत इलाके की घेराबंदी की और एनकाउंटर में दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किए गए। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपी संदीप टाइल्स का काम करता था।

### एडीएम की फटकार के बाद हुई कार्रवाई

एडीएम ने फोन कर अफसरों को फटकार लगाई। तुरंत मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके बाद गोसाईगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। रविवार को डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ित परिवार को आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। फिर देर शाम मामले में लापरवाही बरतने पर मोहनलालगंज के खुजौली चौकी इंचार्ज अर्जुन सिंह और गोसाईगंज के जेल चौकी इंचार्ज अनिरुद्ध कुमार को लाइन हाजिर कर दिया।

## मानवतावादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश कार्यालय इंदिरा नगर लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चितौड़ के नेतृत्व में बामसेफ ऑफ सूट विंग बहुजन मुक्ति मोर्चा अंबेडकर फाउंडेशन के सम्मानित साथियों ने किरन चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन मुक्ति पार्टी महिला विंग और विकास कुमार अध्यक्ष भारत मुक्ति मोर्चा सीतापुर की अध्यक्षता में फुले, शाहू, अंबेडकर और कांशीराम की मानवतावादी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने व बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के कारवां को मंजिल तक पहुंचाने का संकल्प लेकर और राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई साहब चन्द्रशेखर आजाद के बेबाक अंदाज, संघर्ष और बहुजन समाज के प्रति सत्य निष्ठा से प्राभावित होकर आजाद समाज पार्टी कांशीराम का दामन थामा।

# उत्तर प्रदेश में एक जिला, एक माफिया का युग समाप्त, अब एक जिला, एक उत्पाद का युग : योगी

» कार्यक्रम में 365 उद्यमियों को ऋण वितरित किए गए



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) की पूर्ववर्ती सरकार पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि उसकी कथित एक जिला, एक माफिया नीति के कारण राज्य में अराजकता को बढ़ावा मिला, जिसे अब भाजपा की मौजूदा सरकार ने एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल से बदल दिया है। मुख्यमंत्री ने सहारनपुर में युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस कार्यक्रम में 365 उद्यमियों को ऋण वितरित किए गए। योगी आदित्यनाथ ने कहा, पूर्ववर्ती सरकार में पहले हर जिले में एक माफिया होता था। हमने इसे एक जिला, एक उत्पाद से बदल दिया है ताकि कारीगरों और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिले और रोजगार पैदा हो। पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना आदित्यनाथ ने कहा, अगर किसी राज्य का नेता दोपहर में उठता है, दो बजे तक तैयार हो जाता है और फिर अपने दोस्तों के साथ पिकनिक पर चला जाता है तो वह कब काम करेगा? जनता परेशान रही, जबकि उसके साथी राज्य को लूटते रहे। आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार में संपर्क सुविधा बढ़ाने पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर से दिल्ली तक की यात्रा का समय घटाकर सिर्फ एक घंटा 45 मिनट करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ओडीओपी योजना के प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि सहारनपुर का प्रसिद्ध लकड़ी की नक्काशी उद्योग अब दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपए का सामान निर्यात करता है। कारीगरों की उपेक्षा के लिए पूर्ववर्ती सरकारों की आलोचना करते हुए योगी ने कहा, ए कारीगर पहले से ही राज्य में थे, लेकिन पुरानी सरकारें उन्हें वोट बैंक बनाने में व्यस्त थीं। उन्होंने कारीगरों को बेहतर डिजाइन, तकनीक, पैकेजिंग या निर्यात सुविधाएं प्रदान करने की कभी परवाह नहीं की। योगी ने रोजगार सृजन में मौजूदा सरकार के प्रयासों का भी उल्लेख किया और बताया कि होली के दौरान, राज्य सरकार ने पुलिस बल में 60,244 युवाओं के चयनित होने की घोषणा की, जिनमें सहारनपुर के युवा भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से पुलिस की 12,000 से ज्यादा नौकरियां महिलाओं को मिली हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 1947 से 2017 तक केवल 10,000 महिलाएं थीं। सिर्फ एक भर्ती अभियान में हमने 12,000 से ज्यादा बेटियों को पुलिस बल में जोड़ा है। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने अब तक सात लाख से ज्यादा सरकारी नौकरियां दी हैं, जिसमें भाई-भतीजावाद या क्षेत्रीय पक्षपात का कोई आरोप नहीं है। उद्यमिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, योगी ने कहा, यह सरकार आपकी कड़ी मेहनत को पहचानने और उसका समर्थन करने के लिए है। यह वंशवादी राजनीति के लिए नहीं है, जहां मुट्ठी भर लोग अपने लिए सत्ता लूटते हैं। युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा, याद रखें, व्यवसाय में, व्यक्ति में संतुष्टि की भावना होनी चाहिए, अनावश्यक लालच से बचना चाहिए और कड़ी मेहनत करने का जुनून होना चाहिए। जिस क्षेत्र में हम प्रवेश कर रहे हैं, उसके बारे में जानकारी होना और उस ज्ञान के आधार पर आगे बढ़ना यह सुनिश्चित करता है कि कोई समस्या नहीं होगी। केंद्र और उत्तर प्रदेश में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों को लेकर योगी ने कहा,जब डबल इंजन वाली सरकार काम करती है, तो जन कल्याण और राष्ट्रीय हित सर्वोच्च प्राथमिकताएं होती हैं। राज्य में परिवर्तन का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां 2017 से पहले कोई भी निवेश नहीं करना चाहता था, उद्यमी और व्यापारी भाग रहे थे, पूरे शहर वीरान हो गए थे और परिवार अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। उन्होंने कहा कि लड़कियों को सुरक्षित पढ़ाई के लिए छात्रावासों या रिश्तेदारों के पास रहना पड़ता था, किसानों को अपने ट्यूबवेल चोरी होने का सामना करना पड़ता था और लोग लगातार डर में रहते थे। योगी ने दावा किया कि पिछले आठ वर्षों में बेटियों, व्यापारियों और आम लोगों की सुरक्षा में सुधार हुआ है और अब राज्य में केवल माफिया ही असुरक्षित महसूस करते हैं, जो लोग कभी उनका समर्थन करते थे, वे ही परेशान हैं और सोच रहे हैं कि यह परिवर्तन कैसे हुआ। उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश, जो कभी छठे, सातवें या आठवें स्थान पर रहने वाली अर्थव्यवस्था वाले बीमार राज्यों में गिना जाता था।(भाषा)

# 21,511 दीपों से होगा नवसंवत्सर का स्वागत एवं सरयू आरती, तैयारी में लगे लोग



ग्रुप 5 संवाददाता

**टांडा/अंबेडकरनगर।** नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति ,टांडा के पदाधिकारी तथा सदस्य गण होली पर्व सकुशल सम्पन्न हो जाने के बाद भारतीय नव वर्ष के स्वागत में होने वाले आयोजनों की तैयारी में जुट गए हैं। आयोजन को व्यवस्थित तथा भव्य रूप से आयोजित करने के लिए समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की बैठक चौक स्थित श्री नटराज मंदिर के प्रांगण में आनंद कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने किया। बैठक में निर्धारित किए गए कार्यक्रमों के संबंध में महामंत्री ने बताया कि संवत 2082 विक्रमी के चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 30 मार्च को सायंकाल साढ़े पांच बजे से हनुमानगढ़ी मंदिर के समीप पुण्य सलिला मां सरयू का पूजन एवं दुग्ध अभिषेक तथा 21,511 दीपों से महाआरती करते हुए नव संवत्सर का स्वागत किया जाएगा । महा आरती संयोजक पंडित राकेश मिश्रा, अनिरुद्ध अग्रवाल, राजेश कुमार साहू, सरदार त्रिलोक सिंह, संतोष अग्रवाल, बजरंगी लाल सोनी के नेतृत्व में यह आयोजन पूरे विधि विधान से किया जाएगा। इसी क्रम में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी के पावन जन्म दिवस चैत्र शुक्ल नवमी तिथि 6 अप्रैल को सायंकाल सात बजे से अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सरदार त्रिलोक सिंह, महामंत्री दिनेश नारायण सिंह, दीपक केडिया, कृष्ण कुमार सोनी आदि के नेतृत्व में प्रभु श्री राम के बाल स्वरूप की भव्य शोभा यात्रा श्री रामलीला रंगमंच चौक से निकलेगी । शोभा यात्रा गुरुद्वारा सिंह सभा, श्रीझारखंड महादेव मंदिर झारखंडी, नवदुर्गा मंदिर फट्टू पट्टी , आदर्श जनता इंटर कॉलेज चौराहा ,रोडवेज होते हुए नागेश्वर नाथ मंदिर चौक पहुंचेगी वहां पर पूजन अर्चन के पश चात भारतीय स्टेट बैंक तिराहा, मीरानपुरा ,उदासीन आश्रम, सब्जी मंडी, कपड़ा मंडी पिंडी महादेव मंदिर, मठिया माता मंदिर के सम्मुख होते हुए परंपरागत शोभा यात्रा मार्ग पूरा करके चौक पहुंचेगी। चौक में पुलिस बूथ के समीप बजरंगी लाल सोनी, आकाश शाह, काशीनाथ मिश्र, सलिल अग्रवाल, राजेश कुमार साहू, गोविन्द सिंह आदि के नेतृत्व में विशाल हवन एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। बैठक में राजेश कुमार साहू, राकेश कन्नौजिया, अरुण अग्रवाल, विवेक चंद्रा, जयप्रकाश यादव, अखिल कपूर, सुनील सोनी, शौर्य सिंह आदि उपस्थित रहे। महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए तत्परता से सक्रिय होने का निवेदन किया।

# बिजनौर में महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति का अपहरण कराने के बाद हत्या की



**बिजनौर।** जिले में एक महिला ने अपने प्रेमी और उसके साथियों के साथ मिलकर पति का अपहरण कराने के बाद उसकी हत्या करवा दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस मामले में महिला और उसके प्रेमी समेत सभी नौ आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं, महिला का पति उसके अवैध संबंध में कथित तौर पर बाधा बन रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राम अर्ज ने सोमवार को बताया कि जिले के थाना शिवाला कलां के गांव शहबाजपुर की पारुल ने थाने में 14 मार्च को अर्जी दी कि उसका पति मकेन्द्र (36) एक दिन पूर्व 13 मार्च की शाम को दवा लेने गया, मगर वापस नहीं लौटा और उसकी स्कूटी गांव के बाहर खड़ी मिली है। एएसपी ने बताया कि 15 मार्च को अमरोहा जिले के थाना हसनपुर के गांव बावनहेड़ी के जंगल में मकेन्द्र का शव पड़ा मिला। उसके गले और सिर पर चोट के निशान थे। उन्होंने कहा कि इस बीच पुलिस को जांच के दौरान मकेन्द्र की पत्नी पारुल और विनीत शर्मा नामक व्यक्ति के अवैध संबंधों के बारे में पता चला। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो पूरे हत्याकांड की साजिश का खुलासा हो गया। राम अर्ज ने बताया कि पारुल और विनीत ने पुलिस को बताया कि दोनों के संबंध का मकेन्द्र को पता चल गया था और उसने पत्नी के मोबाइल में दोनों के आपत्तिजनक फोटो भी देख लिए थे। इसे लेकर पति-पत्नी में झगड़े हो रहे थे। मकेन्द्र 13 मार्च को राजस्थान की अपनी नौकरी से घर आया था। उधर पारुल और विनीत ने उनके मिलने में बांधा बने मकेन्द्र को रास्ते से हटाने को योजना बना ली थी। पारुल ने 13 मार्च की शाम मकेन्द्र को अपनी दवा लाने के लिए भेजा था। विनीत अपने सात दोस्तों को लेकर गांव के बाहर मौजूद था। मकेन्द्र के अपने गांव के बाहर आते ही सब उसे कार में डालकर अमरोहा के गांव बावनहेड़ी के जंगल में लाए जहां विनीत ने अपनी बेल्ट से मकेन्द्र का गला घोंटा और एक अन्य आरोपी ने मकेन्द्र के सिर पर लोहे की छड़ से वार किए।(भाषा)

# बलिया में 10वीं की परीक्षा देने आई छात्रा के साथ दुष्कर्म, सपा नेता गिरफ्तार

**बलिया।** जिले में 10वीं कक्षा की परीक्षा देने आई एक छात्रा के साथ स्कूल के प्रबंधक एवं समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इस घटना के सिलसिले में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि इस सिलसिले में छात्रा के चाचा की तहरीर पर रविवार को आरोपी जनार्दन यादव के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के साथ ही यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार गाजीपुर जिले के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग छात्रा(16) भीमपुरा थाना क्षेत्र में स्थित एक विद्यालय में 10वीं कक्षा की परीक्षा देने आई हुई थी। पीड़िता के चाचा द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार एक मार्च को गणित की परीक्षा के दिन छात्रा को स्कूल का प्रबंधक जनार्दन यादव मदद करने के बहाने स्कूल के एक कमरे में ले गया तथा वहां छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रबंधक यादव ने छात्रा को घटना की जानकारी न देने की हिदायत देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के चाचा के मुताबिक घटना के बाद से उनकी भतीजी डरी सहमी रहने लगी थी, पूछने पर उसने रोते हुए इस घटना की पूरी जानकारी दी। एसपी ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को छात्रा को चिकित्सा जांच के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही रसड़ा के पुलिस उपाधीक्षक आशीष मिश्रा को मौके पर भेजा गया तथा इसके बाद पुलिस ने सोमवार को आरोपी जनार्दन यादव को गिरफ्तार कर लिया है।(भाषा)

## सड़क हादसे में पिता पुत्र हुए घायल, रेफर

**मसौली बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े लिंक मार्गो के मोड कितने खतरनाक है जो आये दिन जरा सी लापरवाही बड़े हादसों को दावत देते है। सोमवार की दोपहर ज्वारीपुर भौका मोड पर दो बाइकों के बींच हुई टक्कर में पिता पुत्र घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया है। सोमवार की दोपहर थाना व कस्बा जहाँगीराबाद निवासी हुकुम सिंह पुत्र बहराइच ज्वारीपुर भौका मोड से जैसे ही हाइवे पर चढ़े तभी गोंडा से बाराबंकी की ओर जा रहे बाइक सवार गोंडा के थाना परसपुर के ग्राम पुरवाघाट निवासी संतोष कुमार अपने पिता देवीदयाल के साथ जा रहे थे जिसकी टक्कर हो गयी। दुर्घटना में पिता पुत्र घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया। जिन्हे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएचसी अधीक्षक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**सुलतानपुर।** जिले के बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। विभागीय सूत्रों के मुताबिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश यादव सोमवार को अपने आवास पर ही थे और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया था। सीएचसी के कर्मचारियों ने उन्हें शिविर के आयोजन का ध्यान दिलाया, तो उन्होंने जवाब दिया कि अभी आ रहा हूं। इसके बाद काफी देर हो गई और चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश यादव नहीं पहुंचे। सीएचसी के कर्मचारी उन्हें कॉल करते रहे, घंटी बजती रही लेकिन फोन नहीं उठा। अंत में सीएचसी के कर्मचारी उनके कमरे पर पहुंचे और दरवाजा खटखटाया। काफी देर तक कोशिश के बावजूद दरवाजा नहीं खुला, तब पुलिस को सूचना दी गई। बल्दीराय थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धीरज कुमार ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दरवाजा तोड़ा और अंदर घुसी, तो डॉक्टर कमरे में नहीं थे। पुलिस ने शौचालय में चिकित्सक को मृत अवस्था में पाया। अचनाक मौत की सूचना से सीएचसी के आसपास भीड़ जमा हो गई। बल्दीराय की उपजिलाधिकारी (एसडीएम) गामिनी सिंगला समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिवार को इस बारे में सूचित किया गया है। चिकित्सक का परिवार लखनऊ में रहता है। कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चिकित्सक की मौत हृदय गति रुकने से हुई। लेकिन, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने पर ही सही कारणों का पता चल सकेगा।(भाषा)

### ससुर को रंग लगाने पर सास की डांट से क्षुब्ध महिला ने की आत्महत्या

**बलिया।** जिले में एक युवती ने होली के दिन ससुर को रंग लगाने को लेकर सास की डांट-फटकार से नाराज होकर कथित रूप से जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जिले के सहतवार थाना क्षेत्र के त्रिकालपुर गांव में रविवार को धनावती देवी (30) ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी दिनेश पाठक ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि धनावती देवी ने होली के दिन अपने ससुर को रंग लगा दिया था, जिसको लेकर उसकी सास ने उसे फटकार लगाई थी। इसी को लेकर धनावती ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर खुदकुशी कर ली। उन्होंने कहा कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।(भाषा)

### अयोध्या जा रही पिकअप वाहन पलटा, 13 श्रद्धालु घायल

**सुलतानपुर।** जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बिहार के रोहतास से अयोध्या धाम दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं का पिकअप वाहन पलट गया, जिससे तीन वर्षीय बच्चे समेत 13 श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक जिले के जयसिंहपुर कोतवाली के बिरसिंहपुर गांव के पास पिकअप वाहन का पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक्सेल अचानक टूट गया और वाहन एमबीसीबी से टकराकर पलट गया। पिकअप वाहन का 23 वर्षीय चालक निशु कुमार समेत गाड़ी में सवार अधिकतर यात्री बिहार के रोहतास जिले के दिनारा क्षेत्र के रहने वाले हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सहायक सुरक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ पांडे ने बताया कि सभी घायलों को सीएचसी दोस्तपुर भेजा गया है जिसमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।(भाषा)

### बाइक फिसलने से युवक घायल

**जैदपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के भगेला गांव के पास नेशनल हाइवे पर एक गंभीर सड़क हादसा हुआ।जब जैदपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी शानू सफदरगंज से डीजल लेकर वापस लौट रहा था।भगेला गांव के पास पहुंचते ही सामने से आ रही एक बाइक को देखकर उसने अचानक ब्रेक लगाई।सड़क पर बजरी अधिक होने के कारण बाइक फिसल गई।इस हादसे में बाइक सवार दोनो व्यक्ति सड़क पर गिर गए।शानू को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी।घायल शानू को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर ले जाया गया।वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से पैदल जा रहे राहगीर की मौत

**अमेठी।** जिले में सोमवार को घर से पैदल बैंक जा रहे राहगीर को एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक जिले के जामो कस्बा के स्वामी नाथ तिवारी (60) घर से पैदल निकट ग्रामीण बैंक जा रहे थे, तभी सड़क पार करते समय एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जामो थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसएचओ ने कहा कि मोटरसाइकिल सवार की तलाश की जा रही है।(भाषा)

### ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर होने से दो लोगों की मौत

**महराजगंज।** जिले में एक ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर होने से दोपहिया वाहन पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार रात महराजगंज-गोरखपुर मार्ग पर हुई। उसने बताया कि मृतकों की पहचान गंगेश (25) और उसके दोस्त मिथलेश यादव (22) के रूप में की गई है। उसने बताया कि गंगेश की मौके पर ही मौत हो गई और यादव ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।क्षेत्राधिकारी (सदर) आभा सिंह ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की जांच जारी है।(भाषा)

# झांसी में अलग-अलग स्थानों पर एक युवक और महिला ने आत्महत्या की

**झांसी।** जिले के दो अलग-अलग स्थानों पर एक युवक और एक महिला ने पारिवारिक कलह के चलते कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार थाना पूंछ के ग्राम कनेछा निवासी अखिलेश सेन (19) रविवार देर शाम निकट के गांव सेसा स्थित अपने बड़े भाई मनीष के सैलून पर शराब पीकर पहुंचा तो बड़े भाई ने उसे फटकार लगा दी। पुलिस ने बताया कि इसी बात से नाराज अखिलेश ने सैलून में रखा उस्तरा उठाकर अपना गला रेत लिया। उसने बताया कि मनीष उसे तत्काल अस्पताल ले गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले अखिलेश की मौत हो गई। पुलिस के बताया कि दूसरी घटना थाना प्रेमनगर क्षेत्र में हुई जहां बल्लमपुर निवासी संध्या यादव (26) ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसने बताया कि यह कदम उठाने से पूर्व उसने रविवार शाम एक वीडियो बनाया था जिसमें संध्या ने उसे लगातार प्रताड़ित किए जाने और पति की यारी दोस्ती से परेशान होने की बात कही थी। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दोनों ही मामलों में अभी तक किसी परिजन द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। (भाषा)

## ट्रांसफार्मर बदलने के कारण 18 मार्च को कल्पीपारा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बहराइच, (ग्रुप 5 सं.)।** विद्युत वितरण उपखण्ड-प्रथम के उप खण्ड अधिकारी महेन्द्र कुमार ने बताया कि आज 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-कल्पीपारा, बहराइच की क्षमतावृद्धि हेतु स्थापित 05 एम.वी.ए. पावर परिवर्तक के स्थान 10 एम.वी.ए. परिवर्तक की स्थापना का कार्य प्रस्तावित है। जिस कारण विद्युत उपकेन्द्र-कल्पीपारा, बहराइच के समस्त फीडर प्रातः 08 बजे से रात्रि तक बन्द रहेंगे। इस दौरान समस्त औद्योगिक उपभोक्ता एवं घोसियाना दरगाह, गल्लामण्डी, फलमण्डी, आसाम चौराहा, पहाड़ा पक्कड़, पलरीबाग, महराजगांव, सगरा आदि क्षेत्र विद्युत आपूर्ति से प्रभावित होंगे।

# ईद की तैयारी में साफ-सफाई की कमेटी ने एडीएम से किया मांग



**टाण्डा (अम्बेडकर नगर), (ग्रुप 5 सं.)।** ईद पर्व की तैयारी को लेकर ईदगाह मुतवल्ली ने तहसील दिवस में अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर साफ सफाई आदि की मांग किया तो अपर जिलाधिकारी ने पूर्व की भांति ईदगाह पर पूरी व्यवस्था किये जाने का दिशा निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिया। सोमवार को तहसील सभागार टाण्डा में आयोजित तहसील दिवस में ईदगाह मुबारकपुर के मुतवल्ली हाजी मोहम्मद रमज़ान व सदस्य वकील अहमद ने अपर जिलाधिकारी सदानन्द गुप्ता से मुलाकात कर ईदगाह के परिसर में व बाहर साफ सफाई, चूना का छिड़काव पेयजल, ईदगाह सहन पर नगर पालिका परिषद टाण्डा द्वारा लगवाए जा रहे परम्परागत टेंट ,पंखा जनरेटर व सुरक्षा व्यवस्था की मांग किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी टाण्डा डॉक्टर शशि शेखर, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद टाण्डा व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टाण्डा को निर्देशित किया कि पूर्व की भांति ईदगाह मुबारकपुर में समुचित व्यवस्था की जाए।ईद गाह मुतवल्ली ने प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान मोहम्मद जावेद सिद्दीकी एडवोकेट,अब्दुल माबूद एडवोकेट, मोहम्मद सलमान एडवोकेट, मोहम्मद शहबाज़ एडवोकेट, मोहम्मद नदीम एडवोकेट , मौजूद रहे।

# नगर निगम की जमीन पर अवैध मस्जिद और 33 मकान किए जा सकते हैं ध्वस्त



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी शहर में नगर निगम की जमीन पर अवैध रूप से बनी मस्जिद और 33 मकानों को कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार ध्वस्त किया जा सकता है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। तहसील दिवस के निरीक्षण के दौरान, संभल के जिलाधिकारी (डीएम) राजेंद्र पेंसिया ने चंदौसी नगर पालिका परिषद के अंतर्गत वारिस नगर में निगम की जमीन का जायजा लिया और पाया कि जमीन पर अवैध निर्माण हो रहा है। डीएम पेंसिया ने कहा, यह जमीन नगर पालिका की है, बिना किसी स्वामित्व के अवैध रजिस्ट्री की गई है। 33 मकान और एक मस्जिद सहित कुल 34 ढांचे अवैध रूप से बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कुछ समय से तहसीलदार द्वारा की जा रही थी और रिपोर्ट पहले ही उप-जिलाधिकारी (एसडीएम) को सौंप दी गई थी। उन्होंने कहा,हम प्रत्येक तहसील दिवस के दौरान व्यक्तिगत रूप से दो शिकायतों का संज्ञान लेकर मौके पर जाते हैं। हमने आज इस स्थान का निरीक्षण किया और अब दूसरे स्थान पर जाएंगे। कोई भी अतिक्रमण पाया गया तो उसे कानून के अनुसार ध्वस्त कर दिया जाएगा। विवादित जमीन लगभग 6.5 बीघा में फैली हुई है। अगले कदमों के बारे में पूछे जाने पर जिलाधिकारी ने कहा, अतिक्रमण की गई जमीन पर बने किसी भी ढांचे को कानूनी प्रावधानों के अनुसार ध्वस्त कर दिया जाएगा।(भाषा)

## संभल की जामा मस्जिद में दूसरे दिन भी रंगाई-पुताई का काम जारी

**संभल।** जिले में शाही जामा मस्जिद में सोमवार को दूसरे दिन भी रंगाई-पुताई का काम जारी रहा। मस्जिद के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रंगाई-पुताई और लाइटिंग (पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था) का काम भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की देखरेख में किया जा रहा है। शाही जामा मस्जिद के सदर (अध्यक्ष) जफर अली ने संवाददाताओं से कहा,आज 13-14 लोग काम कर रहे हैं। एएसआई के अधिकारी जामा मस्जिद में बैठे हैं और उनके निर्देशन और देखरेख में काम चल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि मस्जिद परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी की जा रही है, और यह काम भी एएसआई द्वारा किया जा रहा है। अली ने बताया कि मंगलवार से मजदूरों की संख्या बढ़ा दी जाएगी। मस्जिद समिति के एक वकील ने बताया कि उत्तर प्रदेश के संभल में शाही जामा मस्जिद की बाहरी दीवार की सफेदी का काम रविवार सुबह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की देखरेख में उच्च न्यायालय के आदेश के अनुरूप शुरू हुआ। मुगलकालीन जामा मस्जिद एक बड़े विवाद का केंद्र रही है, जब एक याचिका में दावा किया गया कि यह एक प्राचीन हिंदू मंदिर था। पिछले साल 24 नवंबर को अदालत द्वारा मस्जिद के सर्वेक्षण के आदेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए थे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 12 मार्च को एएसआई को निर्देश दिया था कि वह एक सप्ताह के भीतर मस्जिद की बाहरी दीवार पर सफेदी का काम शुरू करे।(भाषा)

# भदोही में परिवार के दबाव में अपहृत लड़की को ट्रेन में बैठाकर युवक फरार

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में 17 साल की एक लड़की का अपहरण करने वाला युवक पुलिस और परिवार के दबाव में ली को ट्रेन में बैठाकर फरार हो गया। आरोपी युवक शादी के इरादे से लड़की का अपहरण कर उसे मैसुरु ले गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह मामला जिले के औराई थाना के घोसिया क्षेत्र का है, जहां की एक महिला ने अमन (22) और उसकी मां के खिलाफ 16 मार्च, 2025 को मामला दर्ज कराया था। अधिकारी के मुताबिक, शिकायत में महिला का आरोप है कि कर्नाटक के मैसुरु में रहकर काम करने वाला अमन, 12 मार्च को उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर उसे मैसुरु ले गया था और इसमें अमन की मां शहनाज की बड़ी भूमिका थी। पुलिस निरीक्षक अंजनी कुमार राय ने बताया की इस मामले में रविवार को महिला की शिकायत के आधार पर अमन और उसकी मां के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से लड़की के बारे में जानकारी जुटा कर युवक पर शिकंजा कसा। उन्होंने बताया कि लड़की सोमवार को अपने घर पहुंची जिसे उसकी मां थाने लेकर आई। लड़की की चिकित्सा जांच कराई जा रही है और जांच के बाद अदालत में कलम बंद बयान दर्ज कराने के बाद जांच रिपोर्ट और बयान के आधार पर अन्य धाराएं जोड़ी जाएंगी।

## राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

**बहराइच, (ग्रुप 5 सं.)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि जनपद में बूथ लेबिल एजेन्ट की बूथवार तैनाती कर जिला निर्वाचन कार्यालय, बहराइच को सूची उपलब्ध करा दें। सीआरओ श्री सिंह ने कहा कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने में बूथ लेबिल एजेन्ट की महती भूमिका है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक से दिनदहाड़े स्मार्टफोन छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**हरबर्टपुर, एजेंसी।** कोतवाली क्षेत्र के हरबर्टपुर में युवक से स्मार्ट फोन छीनने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पूर्व में भी कोतवाली क्षेत्र में डकैती की घटना को अंजाम दे चुका है। पुलिस आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर रही है।

जानकारी के अनुसार 11 मार्च को हरबर्टपुर चौक के पास बाइक सवार एक युवक से स्मार्टफोन छीनकर फरार हो गया था। मध्यप्रदेश के जिला दतिया के रांव गांव निवासी शिवम अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी थी। कोतवाली प्रभारी राजेश साह ने बताया कि आरोपी की धर पकड़ के लिए हरबर्टपुर चौकी प्रभारी सनोज कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। बताया कि टीम ने सीसीटीवी कैमरा की फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की। बताया सहसपुर थाना क्षेत्र के आसान पुल निवासी आरिफ को कैनाल रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी का स्मार्ट फोन भी मिला है। बताया कि आरोपी पूर्व में भी विकासनगर में डकैती की घटना को अंजाम दे चुका है। बताया वह नशेड़ी है और लत को पूरा करने के लिए चोरी करता है।

### एक्सीडेंट और झगड़ों से दून में हॉस्पिटल पहुंचे 93 लोग




**देहरादून, एजेंसी।** होली के दिन जश्न मनाकर हुड़दंग कर रहे करीब 61 लोग दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय की इमरजेंसी में पहुंचे. जश्न के दौरान लापरवाही बरतने की वजह से 13 लोगों को अस्पताल मे एडमिट भी करना पड़ा. होली के पर्व में हर बार की तरह इस वर्ष भी मारपीट व दुर्घटना के कई घायल दून अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे. इनमें नशे के कारण हुई सड़क दुर्घटनाओं, आंखों और स्कीन की एलर्जी जैसी घटनाओं के मरीज शामिल थे. राजधानी देहरादून के दून अस्पताल की ओटी और इमरजेंसी यूनिट मे तेज रफ्तार बाइक और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुए सड़क हादसों के करण 18 लोगों का उपचार किया गया. होली के दिन 13 लोगों को भर्ती करना पड़ा. दून अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ आरएस बिष्ट ने बताया अस्पताल की इमरजेंसी में 7 से 8 मरीज रंगों के कारण आंखों में जलन और संक्रमण के भी सामने आए. उन्होंने बताया रंगों की वजह से आंखों की परेशानी लेकर यह मरीज इमरजेंसी में पहुंचे थे. इसके अलावा 7 से 8 मरीज स्किन एलर्जी के भी हॉस्पिटल पहुंचे. सभी मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया. उन्होंने बताया होली के दिन सड़क हादसों, आपसी झगड़ों और मारपीट की घटनाओं में घायल 13 मरीजों एडमिट करना पड़ा. इधर जिला चिकित्सालय कोरोनेशन अस्पताल की इमरजेंसी में भी होली के जश्न के दौरान लापरवाही बरतने के 32 मामले सामने आए.

### सड़क के किनारे खड़े वाहनों को टक्कर मारने वाला कार चालक पकड़ा

**देहरादून, एजेंसी।** कांठ बंगला पुल के पास सड़क के किनारे खड़े वाहनों को टक्कर मारने वाले कार चालक को पुलिस ने एक घंटे के भीतर पकड़ किया। आरोपी की कार को सीज कर दिया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि रविवार को कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि कांठ बंगला पुल के पास सड़क किनारे खड़े दो वाहनों को एक कार ने टक्कर मार दी है। इसके बाद वाहन की तलाश के लिए पुलिस को निर्देशित किया गया। आसपास के बैरियरों पर सघन जांच की गई। इस बीच पुलिस ने किरसाली चौक के पास वाहन को पकड़ लिया। आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उसके वाहन को सीज कर थाने में खड़ा किया गया है। पिछले दिनों राजपुर रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद एक बार फिर से पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। शनिवार की रात शहर में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जबकि, 25 वाहनों को सीज किया गया। इसके अलावा हुड़दंग करने वाले 55 लोगों को थाने लाकर कार्रवाई की गई।

# प्रेमचंद अग्रवाल के समर्थन में 3 घंटे बंद रहा डोईवाला का बाजार, देहरादून-ऋषिकेश में बंद बेअसर

**देहरादून/ डोईवाला, एजेंसी।** कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपना इस्तीफा सौंप दिया था. दरअसल विधानसभा में बजट सत्र के दौरान उनके एक बयान ने इतना तूल पकड़ लिया था कि हर तरफ से उनके इस्तीफे की मांग होने लगी थी. धरना-प्रदर्शन हो रहे थे. जुलूस निकल रहे थे. राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में रिटायर्ड फौजी भूख हड़ताल पर बैठ गए थे. उन्होंने प्रेमचंद अग्रवाल को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को खून से लिट्ठी लिखी थी.

प्रेमचंद अग्रवाल के समर्थन में डोईवाला का बाजार बंद रहा- प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफे के बाद उनके बयान से नाराज हुए लोग जहां खुशी मना रहे हैं, वहीं उनके समर्थकों ने आज बंद का ऐलान किया था. इस ऐलान का मिलाजुला असर दिखाई दिया. प्रेमचंद अग्रवाल के गृह इलाके में आने वाले डोईवाला का बाजार आज बंद कुछ घंटे बंद रहा. हालांकि आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई वाली दुकानें खुली हुई थी. जब प्रेमचंद अग्रवाल वहीं खुद पहुंचे तो उन्होंने दुकाने खोलने का आह्वान किया. जिसके बाद व्यापारियों ने दुकानें खोल दीं.

**प्रेमचंद अग्रवाल का इस्तीफा वापस लेने की मांग-** बता दें कि इस्तीफा देने वाले कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल डोईवाला निवासी हैं. उनका परिवार भी डोईवाला में ही रहता है. वहीं डोईवाला में व्यापार संघ ने बाजार बंद का आह्वान किया था. बाजार बंद के बाद प्रेमचंद अग्रवाल के समर्थक डोईवाला चौक पर धरने पर बैठ गए. धरने पर बैठे लोगों का कहना था कि कुछ लोग क्षेत्रवाद की राजनीति कर रहे हैं, जो भी घटनाक्रम हुआ है, वह उत्तराखंड के विकास के लिए अच्छा नहीं है. इन लोगों का कहना था कि इस्तीफा प्रेमचंद अग्रवाल पर दबाव बनाकर लिया गया है, वह वापस होना चाहिए.

**देहरादून-ऋषिकेश में बंद बेअसर :** उधर देहरादून में फिलहाल प्रेमचंद अग्रवाल के समर्थन में बंद बेअसर दिखाई दे रहा है. राजधानी का सबसे व्यस्त मार्केट पलटन बाजार पूरी तरह खुला हुआ है. यहां बंद का



कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है. इसके साथ ही ऋषिकेश में भी प्रेमचंद अग्रवाल के समर्थन में बंद का असर नहीं दिखाई दे रहा है.

**प्रेमचंद अग्रवाल ने बाजार खोलने की अपील की-** इधर डोईवाला में प्रेमचंद अग्रवाल के समर्थन में बाजार बंद होने और धरना-प्रदर्शन की खबर आई तो वो खुद ही वहां पहुंच गए. डोईवाला चौक पर धरने पर बैठे हैं लोगों के बीच पहुंचे प्रेमचंद अग्रवाल ने व्यापारियों से दुकान खोलने की अपील की. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि ना मेरा कुछ था, ना है. मैंने तो जनता का प्यार पाया है.

इस्तीफे से पहले अपने आवास पर की थी प्रेस कॉन्फ्रेंस- प्रेमचंद अग्रवाल ने रविवार को इस्तीफा देने से पहले अपने आवास पर बयान दिया था. उन्होंने कहा था- मैं राज्य आंदोलकारी रहा हूं. हमें साबित करना पड़ रहा है हमने उत्तराखंड के लिए क्या किया है. मुझे टारेगट किया जा रहा है. मेरी बातों को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया. प्रेस कॉन्फ्रेंस में भावुक होते हुए प्रेमचंद अग्रवाल ने इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया था.

**सीएम धामी को सौंपा था इस्तीफा :** इसके साथ ही प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा था कि उनकी सरकार विकास का काम कर रही है. वे भी हमेशा राज्य के विकास को लेकर काम करते हैं. प्रेमचंद अग्रवाल ने पहाड़ मैदान विवाद पर बोलते हुए राज्य आंदोलन से जुड़ी यादों को ताजा किया था. इसके साथ ही उन्होंने विवादों पर दुख जताया था. इसके बाद सीएम हाउस जाकर उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपना इस्तीफा सौंप दिया था.

**नरेंद्र सिंह नेगी ने होली पर बनाया था गीत :** उत्तराखंड की राजनीति पर पैनी नजर रखने वाले लोकप्रिय लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी भी प्रेमचंद अग्रवाल के बयान से नाराज थे. उन्होंने होली पर इस घटना के विरोध में गीत बनाया था. होली पर ये गीत खूब वायरल भी हुआ था. गीत के बोल थे मत मारो प्रेम लाला पिचकारी. नरेंद्र सिंह नेगी उत्तराखंड की पहली निर्वाचित एनडी तिवारी सरकार के दौरान भी एक गीत गाया था. वो गीत इतना अधिक लोकप्रिय हुआ था कि अगले चुनाव में कांग्रेस हार गई थी. इसके बाद जब रमेश पोखरियाल निशंक मुख्यमंत्री थे तो तब भी नरेंद्र सिंह नेगी ने गीत गाया था. अगला चुनाव बीजेपी हार गई थी. इस बार होली पर नरेंद्र सिंह नेगी ने प्रेमचंद अग्रवाल पर गीत गाया तो उन्होंने भी मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है.

## केदारनाथ में नॉनवेज और शराब परोसने वालों को बैन करने की तैयारी! मंत्री की बैठक के बाद बीजेपी विधायक ने दिया बयान



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में 30 अप्रैल से चारधाम यात्रा 2025 की शुरू होने जा रही है. चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले केदारनाथ में गैर हिंदुओं की एंट्री बैन का मुद्दा उठ गया है. इस मामले पर बीजेपी नेताओं के भी अलग-अलग बयान आ रहे हैं. केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने भी कई तथ्यों को सामने रखते हुए केदारनाथ यात्रा में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की वकालत की है.

केदारनाथ से बीजेपी विधायक आशा नौटियाल ने कहा कुछ गैर हिंदू केदारनाथ धाम को बदनाम करने के लिए वहां पर मांस, मछली व शराब परोसने का काम करते हैं. ऐसे में उनका प्रयास है कि इस तरह के लोगों को चिन्हित करते हुए उन्हें प्रतिबंधित किया जाये.

उन्होंने आगे कहा पिछले दिनों रुद्रप्रयाग के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने तमाम लोगों के साथ बैठक की. जिसमें यह सुझाव भी आया था कि गैर हिंदू केदारनाथ धाम को बदनाम करने का काम करते हैं, इसलिए उन्हें चिन्हित किया जाए. जिसके बाद उन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाये.

होली से पहले रुद्रप्रयाग के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने केदारनाथ यात्रा को लेकर क्षेत्र के तमाम लोगों के साथ बैठक की थी. उस बैठक में स्थानीय कारोबारियों ने खुले रूप से यहीं मांग की थी कि कुछ गैर हिंदू लोग केदारनाथ में मांस और शराब जैसी चीजें ले जाने का काम करते हैं. इससे केदारनाथ धाम बदनाम हो रहा है. ऐसे लोगों की जांच होनी और उन पर प्रतिबंध लगना चाहिए.

वहीं, इस बारे में मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया होली से पहले यात्रा सीजन को लेकर उन्होंने रुद्रप्रयाग में केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर बैठक की थी. इस बैठक में जिले के सभी उच्च अधिकारी, जनप्रतिधियों और यात्रा से जुड़े सभी स्टेक होल्डर के अलावा पड़ा पुरोहित, व्यापारी, खच्चर, डंडी कंठी और अन्य कारोबारियों के प्रतिनिधियों को बुलाया गया. सभी ने आगामी यात्रा सीजन को लेकर अपने सुझाव दिए थे. कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया इस बैठक में सभी लोगों के अलग अलग सुझाव आए. इन्हीं सुझावों में से एक सुझाव यह भी आया कि धाम में शराब, मांस इत्यादि जैसी गतिविधियों की शिकायतें रहती हैं. इस पर यह फैसला लिया गया कि विशेषतौर पर केदारनाथ में इस तरह के लोगों को चिन्हित किया जाए, जो लोग धाम की अस्मिता और धार्मिक महत्व के साथ खिलवाड़ करते हैं. सौरभ बहुगुणा ने कहा केदारनाथ हमारी आस्था का केंद्र हैं. यहां शराब मांस इत्यादि का प्रचलन सीधे तौर पर हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ है. इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है.

## झमाझम बारिश से उत्तराखंड में लौटी ठिठुरन, भारी बर्फबारी से रास्ते बंद

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में मौसम के करवट बदलने से पहाड़ों में दुश्वारियां बढ़ गई हैं। चारधाम समेत तमाम चोटियों पर भारी हिमपात हुआ। जिससे गंगोत्री, बदरीनाथ हाईवे समेत कई मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। इसके अलावा निचले इलाकों में भी झमाझम वर्षा हुई और पहाड़ से मैदान तक पारे में भी गिरावट दर्ज की गई है।

आज रविवार को भी प्रदेश के अधिकतर इलाकों में मौसम खराब बना हुआ है। हल्द्वानी में बूंदाबांदी के साथ हवाएं चलीं। जिससे मौसम में कुछ ठंडक महसूस की गई।

कुमाऊं के भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात हुआ है। चीन सीमा से सटे क्षेत्रों में सड़क मार्ग बाधित हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण मार्ग अवरुद्ध होने से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। बिजली-पानी समेत रसद की आपूर्ति प्रभावित होने के साथ ही कड़ाके की ठंड परीक्षा ले रही है। पहाड़ों में अभी बर्फबारी का सिलसिला जारी रह सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, आज चोटियों पर भारी हिमपात को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही निचले इलाकों में भी हल्की वर्षा के आसार हैं। ज्यादातर क्षेत्रों में तापमान सामान्य से कम बना रह सकता है।

होली के दिन शुक्रवार को उत्तराखंड के ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदला रहा। दिनभर बादलों और धूप की आंख-मिचौनी चलती रही। शाम को घने बादलों के आसमान में डेरा डालने के साथ ही ज्यादातर क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। देर शाम चोटियों पर हिमपात का दौर शुरू हुआ, जो देर रात तक चला। इसके अलावा निचले इलाकों में भी झमाझम वर्षा का



क्रम बना रहा।

नीति-मलारी हाईवे कई जगह बर्फबारी के कारण बंद है। चमोली जिले में औली, बदरीनाथ, हेमकुंड सहित आसपास के ऊंचाई वाले स्थानों पर जमकर बर्फबारी हुई। जिससे 12 से अधिक गांव बर्फबारी से प्रभावित हैं। बदरीनाथ हाईवे हनुमानचट्टी व नीति-मलारी हाईवे मलारी के पास बाधित है। गंगोत्री मार्ग भी सुक्की टाप के पास अवरुद्ध हो गया है।

केदारनाथ समेत मदमहेश्वर, तुंगनाथ, कार्तिक स्वामी, चंद्रशिला आदि चोटियों पर खूब हिमपात हुआ। उधर, कुमाऊं में पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी-धापा-मिलम मार्ग जिमिघाट के पास मलबा आने के कारण मार्ग बंद हो गया है। तवाघाट-लिपुलेख मार्ग पर छियालेख से लेकर लिपुलेख तक भारी बर्फबारी हुई।

गुंजी और छियालेख में डेढ़ फीट से अधिक हिमपात हो चुका है। छियालेख से गुंजी के बीच सीती और खलंगा में ग्लेशियर से हिमखंड टूटकर मार्ग पर आ चुके हैं। चीन सीमा से संपर्क कट गया है।

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बेटे संग खेला क्रिकेट, सोशल मीडिया पर तस्वीरें की शेयर



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बेटे के साथ क्रिकेट खेला। उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो साझा की हैं। जिसमें सीएम बेटे संग क्रिकेट खेलते नजर आ रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, व्यस्त दिनचर्या के बीच आज बेटे के साथ क्रिकेट खेला। अनुशासित लाइफस्टाइल और नियमित व्यायाम ही स्वस्थ जीवन का आधार है। हमें नई पीढ़ी को किसी न किसी खेल में रुचि रखने और नियमित रूप से खेलने के प्रति उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीएम ने कुछ तस्वीरें और 58 सेकंड का एक वीडियो पोस्ट किया। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने हाथ में बल्ला थाम कर शानदार बल्लेबाजी करते दिखे। साथ ही उन्होंने लिखा, टीम स्पिरिट और जीत के प्रति जुनून का खेल है क्रिकेट।

## उत्तराखंड के इन जिलों में बारिश और बर्फबारी के आसार

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में मौसम का मिजाज कब बदल जाए कहा नहीं जा सकता. मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है. साथ ही मौसम विभाग ने बारिश को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है. कई जिलों में बारिश की संभावना- देहरादून मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में हल्की बारिश के आसार दिखाई दे रहे हैं. मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, देहरादून, पौड़ी, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जनपदों के कई स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. हरिद्वार, चंपावत और नैनीताल जिले के भी कहीं-कहीं बदरा बरस सकते हैं.राज्य के जनपदों में कहीं कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने की संभावना है. मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट- उत्तरकाशी, चमोली व पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं- कहीं भारी बारिश और बर्फबारी का अंदेशा जताया गया है. जिसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है. साथ ही अलर्ट जारी कर लोगों को सतर्क रहने की अपील की है. आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे. जबकि कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश हो सकती है. देहरादून में अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान क्रमशः 29एष्ट व 14एष्ट के लगभग रहने की संभावना है. गौर हो कि प्रदेश के कई जिलों में बीती देर रात से बारिश और बर्फबारी की दौर जारी है. प्रदेश के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी देखने को मिल रही है.



# रंग में भंग, उत्तराखंड में भीड़ ने रिसॉर्ट में लगाई आग, सबकुछ जलकर खाक

**विकासनगर, एजेंसी।** कोतवाली अंतर्गत बादामावाला पंचायत के पश्चिमवाला गांव के एक रिसॉर्ट में होली के रंग के दौरान युवकों की पहले कहासुनी हुई, पुलिस के समझाने के बाद सब चले गए।

थोड़ी देर में दो युवक अपने 20-30 साथियों के साथ आए और रिसॉर्ट में आग लगाकर फरार हो गए। रिसॉर्ट संचालक की तहरीर पर दो नामजद व 20-30 अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर आग लगाने व हुड़दंग करने वाले युवकों को चिन्हित करने का काम कर रही है।

कोतवाली विकासनगर में रिसॉर्ट संचालक राहुल पुत्र सुरेश कुमार निवासी मेहूंवाला ने दी तहरीर में कहा कि ग्राम पंचायत बादामावाला के ग्राम पश्चिमवाला में आनंद वाटिका नामक रिसॉर्ट में नौ केबिन, हॉल, किचन के साथ-साथ बड़ा हाल व स्टाफ रुम थे। केबिन के बाहर एक सुन्दर गार्डन व चारों तरफ बांस की बाउन्ड्री थी। जिसमें सभी प्रकार के रिसॉर्ट चलाने के लिए राशन व सामग्री उपलब्ध थी।

होली के रंग के दिन शुक्रवार को अपरान्ह करीब सवा तीन बजे सागर निवासी गुडरिच, हिमांशु शर्मा उर्फ गोल्डी व उनके अन्य साथी के साथ आकर किसी बात को लेकर रिसॉर्ट में कुछ कहा सुनी हुई। जिस पर रिसॉर्ट संचालक राहुल द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर पुलिस के बीट कर्मचारी द्वारा आकर उनको समझा दिया गया।

उसके बाद भी उनके द्वारा गुस्से की भावना से दोबारा 20 से 30 लोगों को अपने साथ में



लाकर रिसॉर्ट में आग लगा दी और फरार हो गए। जिसमें उसका सारा सामान व रिसॉर्ट जलकर खाक हो गया। रिसॉर्ट के अंदर खड़ी बाइक जलकर खाक हो गई है।

आरोपित जाते हुए उसे भविष्य में जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना के समय उसके रिसॉर्ट में काम करने वाले श्रमिक भी अन्दर मौजूद थे, जिन्होंने बाहर भाग कर अपनी जान बचाई।

मौके पर सीसीटीवी की फुटेज देखने पर पता चला कि बाइकों पर आए युवकों के हाथ में लाठी डंडे थे, जो घटना के बाद भाग रहे थे। सागर, हिमांशु व अन्य 20 से 30 लोगों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

कोतवाल राजेश साह के अनुसार मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्य आरोपितों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। विकासनगर- फायर स्टेशन डाकपत्थर को सूचना देर से मिली। घटना शुक्रवार तीन से साढ़े तीन बजे के बीच की बताई जा रही है, लेकिन फायर स्टेशन को सूचना 3-40 बजे मिली। पश्चिमवाला में रिसार्ट में लगी आग की सूचना पर तत्काल टीम मौके पर पहुंची, तब तक काफी सामान जल चुका था, आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। फायर यूनिट ने मिनीहाईप्रेशर से हॉजरील फैलाकर पंपिंग चालू की और फायर यूनिट ने सूझबूझ के साथ वहां से सिलेंडर को बाहर निकाला। वाटर टेंडर से भी हॉजरील फैलाकर दोनों ओर से पानी डालकर आग को पूर्णतः बुझाया गया। फायर सर्विस की सतर्कता से आग को गेहूं के खेतों में पहुंचने से रोका गया, आग को अन्य स्थल पर फैलने से रोका गया। यदि आग गेहूं के खेत तक जा पहुंचती तो संबंधित किसान को भी नुकसान पहुंचता।

## सम्पादकीय

# खतरे में फसलों की विविधता



सैयद अहमर हसनैन

इसी रफ्तार से दुनिया में तापमान बढ़ता रहा तो फसलों की विविधता खतरे में पड़ जाएगी। एक अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि यदि वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है, तो फसल विविधता खो सकती है, जिससे विश्वव्यापी खाद्य सुरक्षा के लिए जोखिम बढ़ सकता है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि उच्च तापमान के कारण वैश्विक खाद्य उत्पादन का लगभग एक तिहाई हिस्सा खतरे में पड़ सकता है। दुनिया में हर 11 में से एक व्यक्ति भूख से जूझ रहा है । इसका एक छिपा हुआ और बढ़ता हुआ कारण है पानी की कमी। नए विश्लेषण से पता चलता है कि दुनिया की एक-चौथाई फ़सलें ऐसे क्षेत्रों में उगाई जाती हैं जहाँ पानी की आपूर्ति अत्यधिक तनावग्रस्त, अत्यधिक अविश्वसनीय या दोनों है। जलवायु परिवर्तन और पानी के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा जैसे बढ़ते जोखिम पानी की आपूर्ति और बदले में खाद्य सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। चावल, गेहूँ और मक्का जो दुनिया के आधे से ज़्यादा खाद्य कैलोरी प्रदान करते हैं। विशेष रूप से कमज़ोर हैं : इन तीन मुख्य फ़सलों में से 33 प्रतिशत का उत्पादन ऐसे पानी की आपूर्ति का उपयोग करके किया जाता है जो अत्यधिक तनावग्रस्त या अत्यधिक परिवर्तनशील है।

खास कर उष्णकटिबंधीय देशों के बड़े हिस्से सबसे अधिक नुकसान उठाने वाले हैं। जैसे-जैसे तापमान बढ़ेगा, इन क्षेत्रों में कृषि के लिए बहुत अधिक भूमि अनुपयुक्त होती जाएगी। फसलों की विविधता में भी भारी गिरावट आएगीकिसान अपनी फसलों को प्राकृतिक रूप से होने वाली वर्षा या सिंचाई के माध्यम से पानी देते हैं, जहां पानी को नदियों या जलाशयों से मोड़ दिया जाता है या जमीन के नीचे से पंप करके भूमि की सतह पर लाया जाता है। खाद्य सुरक्षा के लिए वर्षा आधारित और सिंचित दोनों ही फसलें महत्वपूर्ण हैं, लेकिन दोनों के सामने बढ़ते खतरे हैं।फिर भी हम फसलों और उनके जंगली रिश्तेदारों की विविधता को खतरनाक दर से खो रहे हैं। फसल विविधता का यह क्षरण खाद्य प्रणालियों की लचीलापन को कम कर रहा है। तेजी से बढ़ते पर्यावरणीय, तकनीकी और सामाजिक परिवर्तन, जिसमें चरम मौसम की घटनाएं, कृषि पद्धतियों में परिवर्तन, नए कीटों और बीमारियों का उद्भव और प्रसार, और संघर्ष शामिल हैं, दुनिया भर में कई जगहों पर फसल विविधता को गायब कर रहे हैं। यह जीनबैंक में संरक्षित विविधता पर भी लागू होता है यदि उनका उचित रखरखाव नहीं किया जाता है, और एक बार जब कोई विरासत में मिली किस्म या जंगली फसल का कोई रिश्तेदार नष्ट हो जाता है, तो वह हमेशा के लिए खत्म हो जाता है। कि कुछ क्षेत्रों में खेती के लिए उपलब्ध खाद्य फसलों के दायरे में काफी कमी आ सकती है। इससे खाद्य सुरक्षा कम होगी और पर्याप्त कैलोरी और प्रोटीन प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाएगा। इन बदलती परिस्थितियों से दुनिया के मौजूदा खाद्य फसल उत्पादन का आधा हिस्सा प्रभावित हो सकता है। चावल, मक्का, गेहूं, आलू और सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों को उपयुक्त कृषि भूमि में भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। इससे उन लोगों के लिए चुनौतियां बढ़ सकती हैं जो दैनिक पोषण के लिए इन फसलों पर निर्भर हैं। अफ्रीका के सहारा रेगिस्तान के दक्षिण में स्थित देश सबसे अधिक प्रभावित होंगे। यदि ग्लोबल वार्मिंग तीन डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाती है तो इन देशों में वर्तमान उत्पादन का लगभग तीन चौथाई हिस्सा खतरे में पड़ जाएगा। वैश्विक तापमान वृद्धि का असर सब जगह एक जैसा नहीं होगा। नया अध्ययन निम्न अक्षांश और मध्य से उच्च अक्षांश क्षेत्रों के बीच एक स्पष्ट अंतर को दर्शाता है। भूमध्य रेखा के नजदीकी देशों को जहां फसल की भारी क्षति और विविधता में गिरावट का सामना करना पड़ सकता है, वहीं ठंडी जलवायु वाले देश अपने समग्र उत्पादन स्तर को बनाए रख सकते हैं। मध्य और उच्च अक्षांश क्षेत्रों में गर्म होती दुनिया में फसलों की एक विस्तृत श्रृंखला की खेती करने में सक्षम हो सकते हैं। ग्लोबल वार्मिंग नए कीट पैदा कर सकती है और चरम मौसम की घटनाएं ला सकती है। अगर हम भविष्य में अपनी खाद्य प्रणाली को सुरक्षित करना चाहते हैं, तो हमें जलवायु परिवर्तन को कम करना पड़ेगा और इसके प्रभावों के अनुकूल होना पड़ेगा।

## भारतीय संस्कृति पर धब्बा

# विदेशी महिलाओं से दुष्कर्म से शर्मसार होता देश



ललित गर्ग

**विदेशी महिलाओं के साथ होने वाले ऐसे घिनौने एवं दुराचारी कृत्य देश की छवि को धूमिल करने वाले है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं। इसने न सिर्फ समाज की छवि को धूमिल किया, बल्कि देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर भी प्रभाव डाला है। यह भारतीय पर्यटन को आहत कर सकता है, बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें। समाज विज्ञानियों को आत्ममंथन करना होगा कि यौन अपराधों को लेकर सख्त कानून बनने के बावजूद इस आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? विदेशों में भारत की छवि यौन अपराधियों के चलते लगातार क्षत-विक्षत हो रही है...**

**अतिथि देवो भवः भारतीय संस्कार में मेहमान को भगवान का दर्जा दिया गया है, लेकिन आए दिन विदेशी मेहमानों के साथ हो रहे अपराध, यौन-दुराचार एवं व्यभिचार इसे धता बता रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद विदेशियों के साथ होने वाले अपराध कम नहीं हो रहे, ऐसी ही दो विदेशी महिलाओं संग हुई दरिंदगी की घटनाओं को सुन भारतीय लोगों का दिल दहल गया। कर्नाटक के हंपी में इस्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। थोड़े-थोड़े अन्तराल के बाद होने वाली ऐसी घटनाएं न केवल शर्मसार कर रही है बल्कि भारत के संस्कारों एवं अस्मिता पर भी दाग लगा रही है। हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है। न केवल विदेशी बल्कि भारतीय महिलाओं के साथ घृणित यौन अपराधों की इन तमाम घटनाओं को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस नैतिक पराभव का कारण क्या है? कहीं न कहीं ये जीवन मूल्यों में क्षरण एवं विकृत होती मानसिकता का भी परिचायक है। दरअसल, इंटरनेट और कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की बाढ़-सी आई हुई है। देश का युवा उसकी चपेट में आकर भटकाव की राह में बढ़ रहा है, जिसे नियंत्रित करना सरकार एवं प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए एवं सामाजिक जागृति का माहौल भी बनाया जाना चाहिए।**

निश्चय ही विदेशी महिलाओं के साथ होने वाले ऐसे घिनौने एवं दुराचारी कृत्य देश की छवि को धूमिल करने वाले है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं। इसने न सिर्फ समाज की छवि को धूमिल किया, बल्कि देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर भी प्रभाव डाला है। यह भारतीय पर्यटन को आहत कर सकता है, बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें। समाज विज्ञानियों को आत्ममंथन करना होगा कि यौन अपराधों को लेकर सख्त कानून बनने के बावजूद इस आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? विदेशों में भारत की छवि यौन अपराधियों के चलते लगातार क्षत-विक्षत हो रही है। गाहे-बगाहे सुनसान पर्यटक स्थलों पर यौन दुर्व्यवहार की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं। लेकिन दिल्ली के एक होटल में एक ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म का मामला अधिक चिन्ताजनक है। एक युवक ने सोशल मीडिया पर दोस्ती करके भारत घूमने आई ब्रिटिश महिला को दिल्ली बुलाया और एक होटल में दुष्कर्म किया। इस मामले में ब्रिटिश दूतावास ने संज्ञान लिया है। सवाल है कि जब ऐसी कोई आपराधिक घटना हो जाती है और जनाक्रोश उभरता तथा मामला तूल पकड़ लेता है, तभी सरकार, प्रशासन एवं पुलिस की नींद क्यों खुलती है? यही सक्रियता अगर सामान्य स्थितियों में भी कायम रहे, तो शायद आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति के भीतर कानूनी कार्रवाई का डर बन सकता है और इस तरह ऐसे अपराधों को पहले ही रोका जा सकता है। विदेशी महिलाओं के प्रति यह संवेदनहीनता एवं बर्बरता कब तक चलती रहेगी? भारत विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कई हिस्सों में विदेशी महिलाओं को लेकर गलत धारणा एवं विकृत सोच कायम है जो भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति को धुंधलाती है। देश की राजधानी दिल्ली में ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म की घटना ने एक बार फिर हमें शर्मसार किया है, झकझोर दिया है। बड़ा सवाल यह है कि नारी अस्मिता को कुचलने की हिंसक मानसिकता का तोड़ हम अब भी



क्यों नहीं तलाश पा रहे हैं? क्यों नये-नये एवं सख्त कानून बन जाने के बावजूद नारी की अस्मिता एवं अस्तित्व असुरक्षित है? क्यों हमारे शहरों को 'रेप सिटी ऑफ द वर्ल्ड' कहा जाने लगा है। आखिर कब तक महिलाओं के साथ ये दरिन्दगीभरी एवं त्रासद घटनाएं होती रहेंगी? नारी की अस्मत का सरेआम लूटा जाना एवं उन पर हिंसा - एक घिनौना और त्रासद कालापृष्ठ है और उसने आम भारतीय को भीतर तक झकझोर दिया। कौन मानेगा कि यह वही दिल्ली है, जो करीब तीन दशक पहले निर्भया के साथ हुई निर्ममता पर इस कदर आन्दोलित हो गई थी कि उसे इंसाफ दिलाने सड़कों पर निकल आई थी। जाहिर है, समाज की विकृत सोच को बदलना ज्यादा जरूरी है। रेप, यौन-दुष्कर्म, व्यभिचार जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रेपिस्टों एवं दुष्कर्मियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने और पुलिस व्यवस्था को और चाक-चौबंद करने की मांग के साथ समाज के मन-मिजाज को दुरुस्त करने का कठिन काम भी हाथ में लेना होगा। ये घटनाएं शिक्षित समाज के लिए बदनुमा दाग है। अगर ऐसी घटनाएं होती रहीं तो फिर कानून का खौफ किसी को नहीं रहेगा और अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी। कानून कितने भी क्यों न हों जब तक समाज स्वयं महिलाओं को सम्मान नहीं देगा तब तक कुछ नहीं हो सकता। समाज तमाशबीन बना रहेगा तो फिर कौन रोकेगा हैवानियत, दरिन्दगी को, बलात्कार को। जैसे-जैसे देश आधुनिकता की तरफ बढ़ता जा रहा है, नया भारत-सशक्त भारत-शिक्षित भारत बनाने की कवायद हो रही है, वैसे-वैसे महिलाओं पर हिंसा एवं यौनाचार के नये-नये तरीके और आंकड़े भी बढ़ते जा रहे हैं।

# आधुनिक परिवेश में समाजकार्य दिखावा बनकर ना रह जाए

## विश्व समाज कार्य दिवस पर विशेष



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

**आज भी देश में कुछ गुमनाम समाजकार्यकर्ता अपने काम से मानवता और समाज को विकसित करने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर चुके हैं। अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन जो खुद से पहले औरों का विचार करें, निस्वार्थ भाव से लोगों के लिए जियें और खुद के प्रसिद्धि के लिए कभी ढिंढोरा नहीं पिटे, वही सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता कहलाते हैं। हर साल मार्च माह के तीसरे मंगलवार को विश्व समाजकार्य दिवस दुनियाभर में मनाया जाता हैं। इस साल विश्व सामाजिक कार्य दिवस 2025 की थीम है स्थायी कल्याण के लिए अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को मजबूत करना। यह थीम पीढ़ियों के बीच एक-दूसरे की देखभाल करने और सम्मान करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। समाजकार्य जीवन में सद्भाव, समानता और मानव विकास कल्याण पर केंद्रित हैं। मनुष्य होने के नाते, समाज के प्रत्येक व्यक्ति में परोपकार की भावना होनी चाहिए। महान लोग अक्सर कहते थे कि निस्वार्थ भाव से समाजकार्य या लोगों की मदद करो, तो किसी को पता न चले, इस तरह करें, ताकि सेवा लेनेवाले को भी शर्मिंदगी या हिचक न महसूस हो और हम में भी अहंकार का निर्माण न हों। अच्छा कर्म करके भूल जाओ, हर धर्म और महापुरुषों ने भी यही सीख दी है...**

**दुनियाभर के महान समाज सुधारकों का नाम मन में आते ही, हम उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा से भर जाते हैं, क्योंकि उन्होंने लोककल्याण हेतु अपार पीड़ा व कष्ट सहकर और कठिन परिस्थितियों से जूझते हुए संघर्षपूर्ण जीवन जिया है, उन्होंने खुद की परवाह न करके लोगों के अधिकार, मानवता, समानता, एकता, समाज उत्थान के लिए वे जीवन के अंत तक प्रयासरत रहे, लोगों की समस्या और उनके दर्द को उन्होंने महसूस किया, उस दर्द को जिया हैं। ऊंच-नीच, जाति-भेद, लिंग-भेद, वर्णव्यवस्था, अन्याय, सामाजिक कुप्रथा जैसे अनेक बुराइयों को खत्म करने का बीड़ा उठाया। आज प्रत्येक व्यक्ति को हर प्रकार के जो अधिकार मिले है, यह उन समाजसुधारकों के मेहनत का फल हैं। जानवरों से भी बदतर हालात से गुजरने के बाद मानव ने यह स्थिति पायी हैं। अनादिकाल से भारत देश में सती प्रथा, देवदासी प्रथा, डायन शिकार की प्रथा, बाल विवाह व बहुपत्नी विवाह प्रथा, महिला जननांग विकृति प्रथा, छुआछूत, स्त्री भ्रूण हत्या जैसे भयावह प्रथाएं मौजूद सामान्य सामाजिक बुराइयां थीं।**

दहेज लड़कियों के माता-पिता के लिए चिंता का एक और प्रमुख कारण था, जिससे कन्या शिशु की हत्या का कारण भी बढ़ गया। स्त्री को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, पितृसत्तात्मक व्यवस्था का वर्चस्व था। निम्न जाति वर्ग और महिलाओं को पशुओं से भी तुच्छ माना जाता था। सदियों से चलते आ रहे ऐसे कुप्रथाओं के जुल्मों सितम को महान समाज सुधारकों ने रोका। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने देश में स्त्री शिक्षा की लौ प्रज्वलित की। भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने कर्मचारियों और महिलाओं को अधिकार, वंचितों को समानता का स्थान दिलवाया। पंडिता रमाबाई ने बाल विवाह रोकने और महिलाओं व विधवाओं के शिक्षा को मजबूत बनाया। राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, भूदान प्रणेता विनोबा भावे, पेरियार ई. वी. रामासामी, कबीर, रविदास, ताराबाई शिंदे, रमाबाई रानाडे, फातिमा शेख, स्वर्णकुमारी देवी, सिस्टर निवेदिता, कादम्बिनी गांगुली, धोंडो केशव कर्वे, मदर टेरेसा, बाबा आमटे, सिंधुताई सपकाळ से लेकर वर्तमान के मेधा पाटकर, सुपर 30 के आनंद कुमार, कैलाश सत्यार्थी, इरोम शर्मिला, सोनम वांगचुक जैसे अनेक का नाम समाजकार्य के लिए प्रसिद्ध हैं। राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज, संत गाडगे बाबा जैसे अनेक संतों ने भी देश के सामाजिक विकास में अमूल्य योगदान दिया हैं। आज भी देश में कुछ गुमनाम समाजकार्यकर्ता अपने काम से मानवता और समाज को विकसित करने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर चुके हैं। अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन जो खुद से पहले औरों का विचार करें, निस्वार्थ भाव से लोगों के लिए जियें और खुद के प्रसिद्धि के लिए कभी ढिंढोरा नहीं पिटे, वही सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता कहलाते हैं। हर साल मार्च माह के तीसरे मंगलवार को विश्व समाजकार्य दिवस दुनियाभर में मनाया जाता हैं। इस साल विश्व सामाजिक कार्य दिवस 2025 की थीम है स्थायी कल्याण के लिए अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को मजबूत करना। यह थीम पीढ़ियों के बीच एक-दूसरे की देखभाल करने और सम्मान करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। समाजकार्य जीवन में सद्भाव, समानता और मानव विकास कल्याण पर केंद्रित हैं। मनुष्य होने के नाते, समाज के प्रत्येक व्यक्ति में परोपकार की भावना होनी चाहिए। महान लोग अक्सर कहते थे कि निस्वार्थ भाव से समाजकार्य या लोगों की मदद करो, तो किसी को पता न चले, इस तरह करें, ताकि सेवा लेनेवाले को भी शर्मिंदगी या हिचक न महसूस हो और हम में भी अहंकार का निर्माण न हों। अच्छा कर्म करके भूल जाओ, हर धर्म और महापुरुषों ने भी यही सिख दी है, यहीं हमारे संस्कार भी होने चाहिए। अगर हम सक्षम है, चाहे तन, मन, धन या ज्ञान से हो, तो अवश्य हमें असहायों की अपनी क्षमता अनुरूप बिना किसी अपेक्षा के मदद करनी चाहिए। अच्छे कामों को हमेशा सराहना मिलनी चाहिए, ताकि अन्यों को भी प्रेरणा मिलें, लेकिन दिखावा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। अतिसामान्य वयोवृद्ध गरीब ग्रामीण मजदूर माउंटेनमैन दशरथ मांझी ने अकेले 22 साल के अथक संघर्ष से पहाड़ काटकर लोगों के लिए मार्ग बनाया और इतिहास रच दिया। आर्थिक कमी से जूझते हुए उनका परिवार तंगहाली में जिया, लेकिन कभी किसी से अपेक्षा नहीं की। आज भी देश-दुनिया में अनेक ऐसे समाजसेवी है जो अतिसामान्य जीवन जीते है लेकिन उनके काम असमान्य होते है, भले ही बहुत से समाजसेवी आधुनिकता की चकाचौंध और प्रसिद्धि से दूर है लेकिन कभी-कभार इनके बारे में देखने-सुनने मिलता है तो बड़ा फक्र और सुकून महसूस होता हैं। आज के समय में ईमानदारी से मेहनत का पैसा कमाकर असहायों का मददगार बड़ी मुश्किल से दिखाई पड़ता हैं। हमारे देश में चुनाव के वक्त नेताओं द्वारा लाखों-करोड़ों रुपया पानी की तरह बहा दिया जाता हैं, ताकि चुनाव जीतकर गरीब जनता की निस्वार्थ भाव से सेवा कर सकें, लोककल्याण के लिए अपना सर्वस्व त्यागने की बात करते है, नेताओं को दल बदलना है, तो भी लोककल्याण के लिए कर रहे, सत्ता का कोई लालच नहीं है ऐसा ही स्पष्टीकरण देते है, उनमें अच्छे कार्य का श्रेय लेने के लिए होड़ लगी रहती हैं। आज के आधुनिक परिवेश में देखा जाए तो हर क्षेत्र, हर ओर समाजसेवियों की बाढ़ सी आ गयी है। कोई भी व्यक्ति, कभी भी अपने नाम के साथ सामाजिक कार्यकर्ता शब्द जोड़ देता है और विविध कार्यक्रमों के दौरान गली-चौराहों में सामाजिक कार्यकर्ता के नाम से खूब बैनर-बोर्ड भी लगवा देते हैं। समाचारपत्रों में भी अक्सर लोग सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर संदेश छपवाते है, अभी तो सामाजिक कार्यकर्ताओं के रूप में नाबालिगों के भी चौराहों पर बैनर-बोर्ड और सोशल मीडिया पर फोटो नजर आते है। लोककल्याण के लिए निस्वार्थ कार्य करनेवाले सामाजिक कार्यकर्ता की जगह फोटो खींचनेवाले कार्यकर्ता ही कार्यकर्ता दिखाई दे रहे हैं। समाज में रसूखदार और धनवानों का बहुत बड़ा वह वर्ग भी है, जो चैरिटी नहीं बल्कि दिखावे वाले इवेंट्स के नाम पर पैसा खर्च करना पसंद करते हैं, ताकि उसका नाम प्रसिद्ध हो जाये। समाजसेवा के नाम पर सस्ती प्रसिद्धि पाने का विचार लोगों में खूब नजर आता हैं। जरूरतमंद को थोडासा खाद्य, अनाज की किट, सामान या अन्य कोई भी मदद देकर फोटो निकालते या रील बनाकर, फिर उसे सोशल मीडिया पर खूब बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं। वैसे तो अधिकतम संस्थान, एनजीओ धनोपार्जन के केंद्र बने हुए है, फिर भी कुछ संस्थान आर्थिक तंगी से जूझते हुए भी सही अर्थों में समाजसेवा कार्य में लगे हुए हैं।

## महाकुंभ-2025

# कुंभ से उपजते युवा पीढ़ी के लिए शोध के विषय



डॉ. मनमोहन प्रकाश

**कुंभ सनातनियों के लिए आस्था और विश्वास का सबसे बड़ा मेला सिद्ध हुआ। इसमें युवा पीढ़ी को भी विविध अखाड़ों के साधु-संतों, ऋषि-मुनियों , कथावाचकों आदि को निकट से देखने, विविध पूजा पद्धतियों, तप, साधना आदि को करीब से जानने तथा वेद, पुराण , उपनिषद, भागवत, गीता, रामायण आदि सनातन ग्रंथों के गुंढ रहस्यों से साक्षात्कार करने के साथ साथ शासन, प्रशासन, समाजिक संस्थाओं तथा मठ, मंदिर, अखाड़ों, आश्रमों की व्यवस्था तथा क्रिया कलापों को समझने का अवसर भी प्राप्त हुआ। महाकुंभ 2025 ने युवाओं के मन से इस विचार को मुक्ति दिलाने में सफलता प्राप्त की जिसमें यह कहा जाता रहा है कि स्नान , ध्यान, पूजा, पाठ, धर्म,दान,पुण्य, तीर्थाटन आदि जैसे धार्मिक आयोजनों में सहभागिता के लिए जीवन का उत्तरार्ध समय सबसे उपयुक्त है। सनातन धर्म के तीज त्योहार,वृत अवैज्ञानिक है। कुंभ 2025 में युवाओं की बढ़ती सहभागिता से ऐसा लगा कि आज की युवा पीढ़ी में न सिर्फ अपने सनातन धर्म और उससे जुड़े संस्कार, संस्कृति, रीति, रिवाज के प्रति आस्था और विश्वास बढ़ा है अपितु वह उससे जुड़े सभी पक्षों को करीब से जानना चाहती है। वह उस विचार से भी बाहर निकलना चाहती हैं जिसमें कहा जाता रहा है कि सनातन विज्ञान को न मानने वालों का धर्म है, ढोंग और पाखंडियों का धर्म है, पंडित ।**

कुंभ ने यह बता दिया कि देश की सनातन युवा पीढ़ी का झुकाव देश के तीर्थ स्थलों, मेलों, तीज़-त्यौहारों की ओर बढ़ रहा है,वह भी इस विश्वास के साथ कि उनकी अधिक से अधिक धार्मिक आयोजनों में सहभागिता धर्म के नाम पर किए जानें वाले पाखंड और अवैज्ञानिक कृत्यों से छुटकारा दिला सकती है। सनातन को सर्व ग्राह्य बना सकती है। प्रयाग महाकुंभ ने युवाओं के मन में कई प्रश्नों को जन्म दिया है, शायद यह वर्ग शोध के माध्यम से उन प्रश्नों के उत्तर खोजने का प्रयास भी करें जैसे क्या कुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन देश में चली आ रही विभिन्न समस्याओं जैसे भुखमरी, बेरोजगारी , मंदिरों के प्रबंधन, जलस्रोतों के प्रदूषण , शहरों की साफ, सफाई, स्वच्छता, विकास के साथ स्थानीय लघु और कुटीर उद्योगों आदि की समस्याओं को और जटिल बनाते हैं या समाधान कारक बनते हैं ? क्या इस तरह के आयोजनों में विभिन्न साधु-संतों, महात्माओं, महापुरुषों आदि से मिलना, उनके विचारों को सुनना और योग, प्रणायाम,ध्यान-साधना आदि में में भाग लेने से जीवन में स्थिरता आती है, आत्मिक शांति मिलती है?क्या इस तरह के आयोजन उन्हें अपनी सनातन संस्कृति और परंपराओं को करीब से जानने, जुड़ने और सहजने के लिए प्रेरित करते हैं? क्या युवाओं को अपने इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति गर्व होता है? क्या इस तरह के आयोजन से उन्हें सामाजिक समरसता को करीब से जानने और अनुभव करने का अवसर मिलता हैं ! लिंग, जाति, भाषा, ऊंच-नीच ,अमीर-गरीब के मध्य भेद दिखाई देता? क्या इस तरह के आयोजन सही अर्थों में एकता और समानता के महत्व को समझने में मदद करते हैं ? क्या इस तरह के आयोजन समाज में भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करते हैं? क्या इस तरह के आयोजन सम्पन्न लोगों को गरीबों के लिए दान और सेवा भाव के लिए प्रेरित करते हैं?क्या महाकुंभ के दौरान ध्यान, प्रणायाम,योग, आर्युवेद और प्राकृतिक चिकित्सा आदि को वैश्विक पहचान मिलती है? क्या कुंभ जैसे आयोजन युवाओं को एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं?क्या कुंभ जैसे आयोजन पर्यावरण का महत्व, संसाधनों के संरक्षण का संदेश,पवित्र नदियों को प्रवाहमान एवं प्रदूषण से मुक्त रखने की सीख दे पाने में सफल होते हैं? क्या कुंभ जैसे मेले सहभागियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बना पाते हैं? क्या कुंभ से युवा पीढ़ी नेतृत्व, टीम वर्क, अनुशासन ,और समाज सेवा का महत्व समझ पाती है? महाकुंभ जैसे आयोजन देशवासियों के साथ ही विदेशियों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र रहते हैं और उन्हें सहभागिता प्रदान करने का अवसर प्रदान करते हैं। क्या विदेशियों की उपस्थिति भारतीय युवाओं को विभिन्न विदेशी संस्कृतियों और विचारधाराओं को समझने का मौका देती है?या फिर भारतीय दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव का कारण बनती है? क्या कुंभ जैसे धार्मिक मेलों से मिलने वाले आध्यात्मिक अनुभवों का मानव मस्तिष्क और मानसिक स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है?स्टार्टअप के लिए एक अवसर हैं? कुंभ जैसे आयोजनो में महिलाओं, ट्रांसजेंडर, गरीबों और हाशिए पर रहने वाले वर्गों की भागीदारी और उनके अनुभवों पर भी शोध होना चाहिए।

## गीता के श्लोक

❖ हारना सबसे बड़ी असफलता नहीं है परंतु हारने के बाद प्रयास करना छोड़ देना हमारी सबसे बड़ी असफलता है।

❖ सफलता की राह में रोकने वाले हजारों लोग मिल जाएंगे परंतु खुद को हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए।

❖ सफल बनने के लिए खुद मैं इतना वक्त लगा दो कि किसी और की बुराई करने का वक्त ही ना मिले।

❖ लहरों के डर से नौका कभी पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

❖ एक सफल व्यक्ति वह है जो औरों द्वारा अपने ऊपर फेंके गए ईटों से एक मजबूत नींव रख सकता है ।

## जिज्ञासा — सिद्ध की पहचान

आचार्य रामकृष्ण परमहंस से किसी ने पूछा, 'सिद्ध के लक्षण क्या हैं?' परमहंस ने उत्तर दिया, 'जैसे चावल पकने पर नरम, कोमल, कण रहित और मृदु हो जाता है, वैसे ही साधक का हृदय जब साधना से परिपक्व हो जाता है, तो वह विनम्र, मधुर, कोमल, निरभिमान और असंग हो जाता है। ऐसे व्यक्ति को सिद्ध कहा जाता है।' इसका अर्थ यह है कि जब साधक अपनी साधना के माध्यम से आत्मा की उन्नति करता है, तो वह अपने भीतर से अहंकार, मोह और बंधनों को छोड़ देता है। उसका हृदय शुद्ध, निर्मल और मृदु हो जाता है। वह संसार के प्रति असंग और अविचलित हो जाता है। सिद्ध वही होता है, जो आत्मज्ञान में परिपूर्ण हो, जिनका हृदय प्रेम और शांति से भरपूर हो, जीवन विनय और सरलता से परिपूर्ण हो। सिद्ध की यह अवस्था साधना और आत्मविकास की अंतिम परिणति होती है।

## आज का राशिफल



**मेष:** मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कार्य बनेंगे। निवेश लाभप्रद रहेगा। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा।

**वृषभ:** नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा।आय में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखलंदाजी न करें। स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी।

**मिथुन:** किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क :** बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर अशांति रहेगी।

**सिंह:** कर्ज में कमी होगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या:** व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें।नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला:** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक :** व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**धनु:** नौकरीपेशा को अचानक ससुराल पक्ष से धनार्जन होगा।पुराना धन बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी।

**मकर:** नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नई योजना बनेगी। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कुंभ :** आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। दूसरे के काम में दखल न दें।

**मीन:** आय बनी रहेगी। कारोबार-व्यवसाय आज ठीक चलेगा। किसी कार्य में मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। घरेलू मामलों में क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है। जोखिम न लें।

## आज का पंचांग

18 मार्च को चैत्र कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि और मंगलवार का दिन है। चतुर्थी तिथि मंगलवार रात 10 बजकर 10 मिनट तक रहेगी। 18 मार्च को शाम 5 बजकर 52 मिनट तक स्वाती नक्षत्र रहेगा। इसके अलावा मंगलवार को पूरा दिन, पूरी रात पार कर बुधवार सुबह 5 बजकर 39 मिनट पर हर्षल वृष राशि में प्रवेश करेंगे।

18 मार्च 2025 का शुभ मुहूर्त

चैत्र कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि- 18 मार्च 2025 को रात 10 बजकर 10 मिनट तक

स्वाती नक्षत्र- 18 मार्च 2025 को शाम 5 बजकर 52 मिनट तक स्वाती नक्षत्र रहेगा

हर्षल वृष राशि में प्रवेश- 18 मार्च 2025 को पूरा दिन, पूरी रात पार कर कल सुबह 5 बजकर 39 मिनट पर हर्षल वृष राशि में प्रवेश करेंगे

सूर्योदय-सूर्यास्त का समय

सूर्योदय- सुबह 6:27 बजे

सूर्यास्त- शाम 6:31 बजे

# निवेश-बचत: नए-पुराने निवेशकों के लिए हाइब्रिड फंड अच्छा विकल्प

## कम जोखिम व सुरक्षा के लिए शॉर्ट ड्यूरेशन बेहतर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक आक्रामक हाइब्रिड फंड 65 से 80 फीसदी तक इक्विटी में और बाकी डेट में निवेश करता है। यानी 100 रुपये में से 65 से 80 रुपये शेयर में लगाया जाता है। इस रणनीति से इक्विटी फंड की तुलना में रिटर्न थोड़ा कम हो सकता है, लेकिन इसमें फंड से जुड़ा जोखिम भी कम है। बाजार में उठा-पटक के दौरान यह विशेषता महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि पोर्टफोलियो के मूल्य में गिरावट कम होगी। बाजार की तेजी में फंड का इक्विटी हिस्सा असाधारण रिटर्न देता है और गिरावट के समय डेट सुरक्षा का काम करता है। इससे पोर्टफोलियो के नीचे जाने के समय निवेश की रकम की सुरक्षा होती है। जब ब्याज दरों में कटौती होती है, तो पोर्टफोलियो में डेट का हिस्सा असाधारण रिटर्न भी देता है।

**इक्विटी-डेट दोनों से मिलता है फायदा-** पोर्टफोलियो में आक्रामक हाइब्रिड फंड जोड़ने से इक्विटी और डेट दोनों एसेट क्लास में लाभ मिलता है। इसलिए, निवेशकों को पोर्टफोलियो में कम से कम एक आक्रामक हाइब्रिड फंड शामिल करना ही चाहिए। इस कैटेगरी में सबसे अच्छी ऑफरिंग में से एक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इक्विटी और डेट फंड है।



नवंबर, 1999 में शुरू इस फंड का 25 साल का ट्रैक रिकॉर्ड है। इसका एसेट अंडर मैनेजमेंट 39,886 करोड़ रुपये है। इस फंड के एयूएम का 74.6 फीसदी हिस्सा इक्विटी में बाकी डेट में निवेश होता है। डेट का 21.33 फीसदी फिक्स्ड इनकम में, 2.5 फीसदी रियल एस्टेट डेट में निवेश किया गया है। शुरु से फंड ने सालाना 15 फीसदी चक्रवृद्धि दर से रिटर्न दिया है। अगर कोई निवेशक इस फंड में मासिक 10,000 रुपये का निवेश किया तो इसकी शुरुआत से लेकर 25 सालों में आज उसका 30 लाख रुपये का निवेश तीन करोड़ रुपये हो गया होगा, यानी निवेश में 10 गुना की वृद्धि हुई है।

### 10 वर्षों में आक्रामक हाइब्रिड फंड से निवेशकों को मिला बेहतर रिटर्न

10 साल की अवधि में इस इक्विटी एंड डेट फंड ने 13.84 फीसदी की दर से चक्रवृद्धि रिटर्न दिया है। कैटेगरी के 23 फंडों में 10 वर्षों में यह पहले स्थान पर है। सात साल, तीन साल और पांच साल में लगातार दूसरे या तीसरे स्थान पर है। फंड ने इंडेक्स के 9 फीसदी की गिरावट की तुलना में 4.1 फीसदी की गिरावट दर्ज की है। यानी बाजार में गिरावट के दौरान फंड ने गिरावट से सुरक्षा प्रदान करने में कामयाबी हासिल की है।

### कम जोखिम व सुरक्षा के लिए शॉर्ट ड्यूरेशन बेहतर

6 महीने से शेयर बाजार में भारी अस्थिरता के बीच शॉर्ट ड्यूरेशन वाली म्यूचुअल फंड स्कीमों ने निवेशकों को बैंक एफडी से ज्यादा यानी 7.51 फीसदी तक रिटर्न दिया है। तीन साल में इस स्कीम ने सात प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है। शॉर्ट ड्यूरेशन फंड में निवेशक कम समय के लिए निवेश कर सकते हैं। यह एक ऐसी स्कीम होती है जो मूलरूप से डेट में निवेश करती है। इसलिए इसमें सुरक्षा अच्छी होती है और रिटर्न भी औसतन ठीक-ठाक मिलता है। एक्सिस शॉर्ट ड्यूरेशन एक ओपन एंडेड शॉर्ट टर्म डेट स्कीम है जो मुख्य रूप से एक से तीन साल के लिए निवेश करती है। यह फंड उच्च क्वालिटी और कम जोखिम वाली रणनीति का पालन करता है जिससे स्थिर रिटर्न पैदा होता है।

### अच्छी तरह से विविधीकृत होता है आपका निवेश

इस तरह की स्कीमों का पोर्टफोलियो अच्छी तरह से विविधीकृत होता है। इसमें निवेश एक साल के लिए कर सकते हैं। यह मुख्य रूप से एएए और ए1 प्लस वाले एवं इसके समकक्ष वाली परिसंपत्तियों में निवेश करती हैं। एए रेटिंग से कम एसेट्स में यह फंड कोई निवेश नहीं करता है। एक्सिस शॉर्ट ड्यूरेशन का कॉरपोरेट बॉन्ड में निवेश 61 प्रतिशत है जबकि सरकारी बॉन्ड में 25 प्रतिशत से ज्यादा होता है। अच्छी बात यह है कि इस फंड में एंट्री या एग्जिट लोड नहीं होता है। एकमुश्त 5,000 रुपये व मासिक एसआईपी एक हजार रुपये से निवेश कर सकते हैं। किसी ने 2013 की शुरुआत में इस स्कीम में 10,000 रुपये का निवेश किया होगा तो वह रकम अब 31 जनवरी, 2025 तक 25,824 रुपये हो गई होगी।

## आईपीओ प्राइस से भी नीचे आए मोबिक्विक के शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेमेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली कंपनी मोबिक्विक के शेयर धड़ाम हो गए हैं। मोबिक्विक के शेयर सोमवार को बीएसई में 13 पर्सेंट से ज्यादा लुढ़ककर 231.05 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया लो लेवल बनाया है। मोबिक्विक के शेयर सोमवार को अपने आईपीओ प्राइस से भी नीचे जा पहुंचे हैं। सोमवार 17 मार्च 2025 को कंपनी के शेयरों का 3 महीने का लॉक-इन पीरियड खत्म हुआ है। मोबिक्विक की पैरेंट कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड है।

मोबिक्विक के 46 लाख शेयर या कंपनी की आउटस्टैंडिंग इक्विटी का 6 पर्सेंट सोमवार को ट्रेडिंग के योग्य होगा। नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वॉन्टिटेटिव रिसर्च के डेटा के मुताबिक, मोबिक्विक के शेयरों का 3 महीने का लॉक-इन पीरियड सोमवार को खत्म हो रहा है। दिसंबर 2024 को खत्म हुई तिमाही में मोबिक्विक का रेवेन्यू सालाना आधार पर 17.7 पर्सेंट बढ़कर 269.5 करोड़ रुपये पहुंच गया।

## 53 प्रतिशत लोगों को नियमित सोने के रूटीन न होने के कारण

### नींद से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है: सर्वे

**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्ड स्लीप डे से पहले, यू गो और अमेजन एलेक्सा ने भारतीय लोगों के सोने के रूटीन को समझने के लिए लगभग 10 शहरों में एक सर्वे किया। इस सर्वे के अनुसार, 53 प्रतिशत लोग नियमित सोने के रूटीन न अपनाने पर नींद से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करते हैं। ज़्यादातर वयस्क लोग सक्रिय रूप से समय पर सोने के रूटीन का पालन करते हैं। लगभग 54 प्रतिशत लोगों ने नियमित सोने के रूटीन को अपनाने पर नींद में स्पष्ट सुधार देखा है। 52 प्रतिशत सर्वे में शामिल लोग नियमित सोने का समय और सोने से पहले की आदतों का पालन करते हैं। 86 प्रतिशत सर्वे में शामिल लोग रोज़ाना रात 8 बजे के बाद अपने सोने का रूटीन शुरू करते हैं, जिसमें से 53 प्रतिशत लोग रात 10:30 बजे के बाद इसे शुरू करना पसंद करते हैं। सोने से पहले की सबसे आम गतिविधियों में वीडियो कंटेंट देखना (63 प्रतिशत), परिवार और दोस्तों से जुड़ना (59 प्रतिशत), पॉडकास्ट, संगीत या ऑडियोबुक सुनना (58 प्रतिशत) और सोशल मीडिया ऐप्स स्क्रॉल करना (57 प्रतिशत) शामिल हैं।

## इम्युनिटी बढ़ाने के लिए अपनी डाइट में शामिल में करें बादाम, लहसुन, खट्टे फल: शीला

**मुंबई, एजेंसी।** मौसम बदलने पर बीमारियों से बचने के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार लेना बेहद जरूरी होता है। सही खानपान न केवल हमारी इम्युनिटी को मजबूत करता है, बल्कि हमें मौसमी संक्रमणों से भी बचाता है। बादाम, मौसमी फल और हरी सब्जियों को अपनी रोजमर्रा की डाइट में शामिल करने से शरीर को आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं, जो संक्रमणों से लड़ने की ताकत देते हैं। बादाम सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं, बल्कि पौष्टिकता का खजाना हैं। इनमें विटामिन ई, जिंक, फोलेट और आयरन सहित 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं। रोज़ाना एक मुट्ठी बादाम खाना या इन्हें नाश्ते में शामिल करना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। बादाम स्वाभाविक रूप से कुरकुरे, स्वादिष्ट और बहुपयोगी होते हैं, जिन्हें दिनभर कभी भी खाया जा सकता है।

## बिना फंडिंग के बना दी देश की सबसे बड़ी शू कंपनी, दिल्ली के हरि कृष्ण अग्रवाल ने कैसे किया यह कमाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कैंपस एक्टिववियर भारत की सबसे बड़ी शू कंपनी है। इसे दिल्ली के उद्यमी हरि कृष्ण अग्रवाल ने शुरू किया था। इसने नाइकी, एडिडास और प्यूमा जैसे जाने-माने विदेशी ब्रांड्स को कहीं पीछे छोड़ दिया है। कंपनी के 20,000 से भी ज्यादा रिटेल आउटलेट और 35 से ज्यादा एक्सक्लूसिव स्टोर हैं। कंपनी के देशभर में 5 कारखाने हैं और यह कई देशों को जूते एक्सपोर्ट करती है। यह सालाना 1.5 करोड़ पेयर शू बेचती है। सचिन तेंदुलकर और वरुण धवन जैसी हस्तियां कंपनी का विज्ञापन कर चुकी हैं।



हरि कृष्ण अग्रवाल पहली पीढ़ी के उद्यमी हैं। यानी उन्हें विरासत में कोई बिजनस नहीं मिला था बल्कि उन्होंने अपने दम पर इतना बड़ा कारोबार खड़ा किया। गरीबी के कारण उन्हें बचपन से ही काम करना पड़ा और वे बिजनस की बारीकियां सीखते गए। 18 साल की उम्र से ही उन्होंने छोटे-मोटे धंधों में हाथ आजमाना शुरू कर दिया था। साल 1983 में 'एक्शन' ब्रांड के तहत स्पोर्ट्स शूज बेचने का अपना बिजनस शुरू किया। इसके लिए उनके पास कोई फंडिंग नहीं थी। उन्होंने उन्होंने दोस्तों और परिवार के पैसे लेकर बिजनस स्टार्ट किया।

**विदेशी कंपनियों पर भारी-** साल 1991 में देश का बाजार विदेशी कंपनियों के लिए खुलने के बाद एडिडास, नाइकी और प्यूमा जैसे कई जाने-माने ब्रांड्स भारत आए। इन कंपनियों के जूते काफी महंगे थे और आम भारतीयों की पहुंच से बाहर थे। अग्रवाल ने इसी बात को समझा और साल 2005 में कैंपस शूज की शुरुआत की। उन्होंने खासतौर पर स्पोर्ट्स शू को टारगेट किया। उनकी कंपनी के जूते क्वालिटी के मामले में एडिडास और नाइकी को टक्कर देते थे जबकि इनकी कीमत काफी कम थी। पहले ही साल कंपनी ने करोड़ों रुपये का मुनाफा कमाया। कंपनी ने प्रीमियम कैटगरी में भी एंट्री की। 1000 रुपये से कम कीमत वाले बाजार में उसकी करीब 48 फीसदी हिस्सेदारी है।

## 50 रुपये से भी नीचे आए ओला इलेक्ट्रिक के शेयर, 65 प्रतिशत से ज्यादा गए हैं लुढ़क




**नईदिल्ली, एजेंसी।** ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयरों में सोमवार को तेज गिरावट आई है। कंपनी के शेयर सोमवार को बीएसई में 5 पर्सेंट से ज्यादा लुढ़ककर 47.80 रुपये पर पहुंच गए हैं। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर 52 हफ्ते के नए लो पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों में यह तेज गिरावट एक अपडेट के बाद आई है। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि रॉसमर्टा डिजिटल सर्विसेज ने उसके पूर्ण मालिकाना हक वाली इकाई ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज के खिलाफ इनसॉल्वेंसी पिटीशन (दिवालिया याचिका) फाइल की है।

**पेमेंट डिफॉल्ट से जुड़ा है मामला-** रॉसमर्टा डिजिटल सर्विसेज ने इनसॉल्वेंसी पिटीशन नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की बेंगलुरु बेंच में सबमिट की है। रॉसमर्टा डिजिटल सर्विसेज , ओला की ऑपरेशनल क्रेडिटर है। रॉसमर्टा डिजिटल सर्विसेज ने उपलब्ध कराई गई सर्विसेज के लिए कथित रूप से पेमेंट डिफॉल्ट्स की बात कही है और ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज के खिलाफ कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रेजॉलूशन प्रोसेस शुरू करने की मांग की है। वहीं, ओला इलेक्ट्रिक ने कहा है कि कंपनी ने इस मामले को लेकर उचित कानूनी सलाह ली है।

### 65 प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गए हैं ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर

ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयरों में इधर कुछ महीनों में तेज गिरावट आई है। ओला इलेक्ट्रिक के शेयर अपने 52 हफ्ते के हाई लेवल से 65 पर्सेंट से ज्यादा टूट गए हैं। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर 20 अगस्त 2024 को 157.53 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 17 मार्च 2025 को 47.80 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर अपने आईपीओ प्राइस से भी नीचे जा पहुंचे हैं। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 76 रुपये था। ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ दांव लगाने के लिए 2 अगस्त 2024 को खुला था और यह 6 अगस्त तक ओपन रहा। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का आईपीओ टोटल 4.45 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 4.05 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

## कर्ज फ्री होगी टाटा मोटर्स!

### 930 पर जा सकता है शेयर, एक्सपर्ट बोले- खरीदो, होगा मुनाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा मोटर्स के शेयर लगातार चर्चा में हैं। इस साल अब तक कंपनी के शेयर में 15 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। टाटा मोटर्स के शेयर बीते गुरुवार को 2 प्रतिशत तक गिरकर 655.40 रुपये पर बंद हुए थे। इस बीच, टाटा मोटर्स को सीएलएसए से हाई कन्विक्शन आउटपरफॉर्म रेटिंग मिली है और इसका टारगेट प्राइस 930 रुपये प्रति शेयर है। ब्रोकरेज ने भरोसा जताया कि जेएलआर अपने वित्त वर्ष 2025 के लक्ष्यों को पूरा करेगी। ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने टाटा मोटर्स को 861 रुपये प्रति शेयर के टारगेट प्राइस के साथ खरीदें रेटिंग दी है। मैक्वेरी ने स्टॉक पर आउटपरफॉर्म रेटिंग दी है और 826 रुपये प्रति शेयर का टारगेट प्राइस तय किया है। गुरुवार को टाटा मोटर्स का मार्केट कैप 2.41 लाख करोड़ रुपये था।




**कंपनी की योजना-** टाटा मोटर्स के सीएफओ ने हाल ही में एनालिस्ट्स को आश्वस्त किया कि जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) अपने क्यू4 एफवाय25 इबीआइटीडीए मार्जिन मार्गदर्शन 10 प्रतिशत को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष के अंत तक यह नेट कर्ज-फ्री भी हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि टाटा मोटर्स जेएलआर के जरिए चीन में बेहतर प्रदर्शन कर रही है और अमेरिकी बाजारों में भी अच्छा प्रदर्शन जारी है। यूरोपीय संघ में मांग अनुमान से अधिक अनुकूल रही है, और यूके बाजार में सुधार जारी है। जबकि पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में अभी भी सुधार की आवश्यकता है, भारत में जेएलआर और कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट का प्रीमियमीकरण अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है। कंपनी छोटे सीवी सेगमेंट में अपने बाजार हिस्से को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है, साथ ही घरेलू सीवी सेगमेंट में मार्जिन में सुधार को भी लक्षित कर रही है।

**कंपनी के शेयरों के हाल-** शेयर वर्तमान में अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर 606 रुपये प्रति शेयर से लगभग 8 प्रतिशत अधिक पर कारोबार कर रहे हैं। टाटा मोटर्स लिमिटेड के शेयरों ने पिछले पांच सालों में 56 प्रतिशत का रिटर्न और 699 प्रतिशत का शानदार रिटर्न दिया है। छह महीने में यह शेयर 35 प्रतिशत और सालभर में 32 प्रतिशत तक टूट गया है। बता दें कि कंपनी का टाटा मोटर्स के रेवेन्यू में 2.7 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी देखी गई, यह क्यू3क्यू4 एफवाय24 में 110,577 करोड़ रुपये से बढ़कर क्यू3 एफवाय25 में 113,575 करोड़ रुपये हो गया। इसी अवधि में उनका शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत घटकर 7,145 करोड़ रुपये से 5,578 रुपये रह गया।

### टाटा मोटर्स के शेयरों में करीब 2 प्रतिशत की उछाल

टाटा मोटर्स की बोर्ड मीटिंग से पहले सोमवार को कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। टाटा मोटर्स की बोर्ड मीटिंग में 2000 करोड़ रुपये तक का फंड जुटाने को लेकर फैसला होना है। यह पैसा कंपनी नॉन कंवर्टिबल डिबेंचर के जरिए जुटाने का प्रयार करेगी। आज 665.50 रुपये के लेवल पर ओपन हुए थे। दिन में कंपनी के शेयर करीब 2 प्रतिशत की तेजी के साथ 666.15 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। कंपनी के शेयरों के प्रदर्शन को लेकर एक्सपर्ट्स बुलिश हैं। आइए जानते हैं टारगेट प्राइस क्या है

### ब्रोकरेज ने कहा खरीद लो

एचएसबीसी ब्रोकरेज हाउस ने टाटा मोटर्स लिमिटेड के शेयरों को खरीदने के सलाह दी है। इस टाटा ग्रुप के स्टॉक को ब्रोकरेज हाउस ने 'बाय' टैग दिया है। पहले 'होल्ड' टैग दिया गया था। एचएसबीसी ने टारगेट प्राइस में भी इजाफा किया है। पहले टाटा मोटर्स के लिए टारगेट प्राइस 840 रुपये था। जिसे बढ़ाकर 930 रुपये प्रति शेयर कर दिया गया है। जोकि मौजूदा प्राइस से करीब 30 प्रतिशत अधिक है।

## टाटा प्ले बिंज आपके लिए लेकर आया है शानदार होली बिंजलिस्ट

**मुंबई, एजेंसी।** होली पर हर घर में हँसी-खुशी का माहौल होता है। सड़कें रंगों से भर जाती हैं और गुजिया की मिठास एक मीठी झप्पी की तरह लगती है। त्योहार के उत्साह और दोस्ताना शरारतों के बीच रंगबिरंगी फिल्मों के साथ होली मनाने से बेहतर और क्या हो सकता है? टाटा प्ले बिंज आपके लिए लेकर आया है, शानदार होली बिंजलिस्ट, जिसमें इस खुशनुमा मौसम के मिजाज की तरह ही भरपूर रोमांस, कॉमेडी और ड्रामा मिलेगा। तो अब रंग खेलने के बाद जब स्नैक्स का समय हो, तब अपने प्रियजनों के साथ फिल्मों का आनंद लीजिए! ये जवानी है दीवानी प्यार, दोस्ती और खुद की खोज के साथ देखिए आधुनिक रोमांस भी लेकर आती है। इसके निर्देशक अयान मुखर्जी हैं। इसमें रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, आदित्य रॉय कपूर और कल्कि कोचलिन मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसमें युवा सपनों और रिश्तों का सार दिखाया गया है। इस फिल्म में बलम पिचकारी जैसे लोकप्रिय गाने होली के माहौल के लिए उपयुक्त हैं। अपने रंगबिरंगे दृश्यों, हृदयस्पर्शी दोस्ती और फील-गुड वाइब्स के साथ, यह फिल्म होली की खुशी बढ़ाने के लिए एकदम सही है!

## पारादीप परिवहन लिमिटेड का आईपीओ खुला

### फ्रेश इश्यू - 45,78,000 इक्विटी शेयर, प्रत्येक 10 रुपए

**मुंबई, एजेंसी।** पारादीप परिवहन लिमिटेड (पारादीप परिवहन, दी कंपनी) एक थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स प्रदाता है, जो एंड-टू-एंड सेवाएँ प्रदान करता है, जिसमें कार्गो हैंडलिंग, पोर्ट संचालन, मल्टीमॉडल परिवहन, वेयरहाउसिंग, कस्टम क्लीयरेंस और प्रोजेक्ट कार्गो हैंडलिंग शामिल हैं। कंपनी ने अपने इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग को सोमवार, 17 मार्च 2025 को खोलने का प्रस्ताव दिया है, जिससे 44.86 करोड़ (अपर प्राइस बैंड पर) जुटाने की योजना है। कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे।

इसका इश्यू साइज 45,78,000 इक्विटी शेयर है, जिनका अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर है और प्राइस बैंड 93/- से 98/- प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। आईपीओ से प्राप्त आय का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट खर्चों के लिए किया जाएगा। एंकर पोर्शन 13 मार्च 2025 को खुलेगा और इश्यू 19 मार्च 2025 को बंद होगा। इस इश्यू के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर शेयर इंडिया कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है, और रजिस्ट्रार बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है।

पारादीप परिवहन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री खालिद खान ने कहा, जैसे ही कंपनी हमारे आईपीओ के साथ इस परिवर्तनकारी चरण में प्रवेश कर रही है, हम लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में स्थापित अपनी मजबूत नींव पर अत्यधिक गर्व महसूस कर रहे हैं। यह आईपीओ हमारी वृद्धि, परिचालन उत्कृष्टता और मूल्य सृजन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस माध्यम से जुटाई गई धनराशि न केवल हमारी कार्यशील पूंजी को मजबूत करेगी, बल्कि हमें अपनी क्षमताओं का विस्तार करने, नवाचार में निवेश करने और अपनी सेवा पेशकशों को बेहतर बनाने में भी सक्षम बनाएगी।

कार्गो हैंडलिंग, पोर्ट संचालन और इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन में वर्षों के अनुभव के साथ, हमने विश्वसनीयता और दक्षता के लिए एक मजबूत प्रतिष्ठा बनाई है। भविष्य में, हम सुरक्षा, गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

शेयर इंडिया कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक, सचिन गुप्ता ने कहा, हम इस आईपीओ (आईपीओ) के लिए कंपनी के मर्चेंट बैंकर के रूप में जुड़कर प्रसन्न हैं। बढ़ती व्यापारिक गतिविधियों, इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन के उदय से प्रेरित भारत लॉजिस्टिक्स उद्योग मे महत्वपूर्ण वृद्धि का अनुभव कर रहा है। सरकार द्वारा परिवहन नेटवर्क में सुधार और लॉजिस्टिक्स में डिजिटलाइजेशन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, यह क्षेत्र निरंतर विस्तार के लिए तैयार है।

कंपनी ने कार्गो हैंडलिंग, पोर्ट संचालन और एंड-टू-एंड इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन प्रबंधन में मजबूति स्थापित की है। संचालन उत्कृष्टता, दक्षता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति इसकी प्रतिबद्धता ने इसे उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। यह आईपीओ एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो कार्यशील पूंजी को मजबूत करने, क्षमताओं का विस्तार करने और नवाचार में निवेश करने के लिए आवश्यक पूंजी प्रदान करता है–जिससे यह क्षेत्र में बढ़ते अवसरों का लाभ उठा सके।

हमें विश्वास है, कि कंपनी की स्ट्रैटेजिक दृष्टि और मजबूत निष्पादन क्षमताएं इसे उद्योग की वृद्धि का लाभ उठाने में सक्षम बनाएंगी। सफल लिस्टिंग की आशा करते हुए, हम लॉजिस्टिक्स के भविष्य को उज्वल करने की और कंपनी की निरंतर सफलता की कामना करते हैं।

## नेस्ले इंडिया ने लॉन्च किया किटकैट प्रोफेशनल स्प्रेड - डेज़र्ट्स को मिलेगा नया स्वाद और क्रंच!

**मुंबई, एजेंसी।** नेस्ले प्रोफेशनल ने कोकोआ-बेस्ड स्प्रेड्स कैटेगरी में कदम रखते हुए किटकैट आर प्रोफेशनल स्प्रेड लॉन्च किया है। यह स्प्रेड खासतौर पर होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग सेक्टर के लिए तैयार किया गया है, ताकि किटकैट के अनोखे स्वाद और क्रंची टेक्सचर को प्रोफेशनल किचन में शामिल किया जा सके।




आज के बदलते उपभोक्ता माहौल में, शेफ लगातार नए प्रयोग कर रहे हैं ताकि वे अनोखे और लाजवाब डेज़र्ट बना सकें। अपने रिच चॉकलेटी स्वामद और कुरकुरे टेक्सरचर के साथ, किटकैट0 प्रोफेशनल स्प्रेड एक बेहतरीन और रेडी-टु-यूज़ समाधान है, जिसे गर्म या ठंडे व्यंजनों में आसानी से मिलाया जा सकता है। हाथों से बनाई गई पेस्ट्री से लेकर आधुनिक डेज़र्ट तक, इस स्प्रेड का इस्तेमाल टॉपिंग, फिलिंग या डेकोरेशन के रूप में किया जा सकता है, जिससे केक, कुकीज़, पेस्ट्री और बीवरेजेज़ जैसे ढेरों व्यंजनों में किटकैट0 वेफर का मज़ा जुड़ जाता है।

किटकैट0 प्रोफेशनल स्प्रेड के लॉन्च पर प्रतिक्रिया व्यऔक्तब करते हुये, सौरभ मखीज़ा, डायरेक्ट र-नेस्लेफ प्रोफेशनल, नेस्लेर इंडिया ने कहा, ''किटकैट0 भारत के सबसे पसंदीदा ब्रांडों में से एक है। अब किटकैट आर प्रोफेशनल स्प्रेड के साथ, शेफ इसके खास स्वाद और क्रंची टेक्सचर को आसानी से अपने व्यंजनों में इस्तेमाल कर सकते हैं। यह नया प्रोडक्ट शेफ को और ज्यादा क्रिएटिव बनने और खाने-पीने के शौकीनों को एक नये स्वाद का अनुभव लेने का मौका देता है।

इस प्रोडक्ट को पहली बार, भारत के अंतरराष्ट्रीय फूड और हॉस्पिटैलिटी फेयर- आहार में पेश किया गया, जिसका आयोजन 4 से 8 मार्च 2025 तक नई दिल्ली में किया गया था। इस लॉन्च के तहत, नेस्लें ने एक इंटरएक्टिव बूथ लगाया था, जहां लाइव टेस्टर सेशन और डेमो के जरिए किटकैट0 प्रोफेशनल स्प्रेड के अलग-अलग तरीके से इस्ते्माल को दिखाया गया। शेफ और इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स ने खुद अनुभव किया कि यह स्प्रेड विभिन्नक डेज़र्ट में स्वाद और टेक्सचर को कैसे बेहतर बनाता है।

किटकैट प्रोफेशनल स्प्रेड 1 किलो के सुविधाजनक पैक में उपलब्ध होगा, जिसे खासतौर पर होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग मार्केट की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

# क्रिकेट का सबसे बूढ़ा खिलाड़ी, 62 साल की उम्र में किया डेब्यू, बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट में खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस पर काफी काम करना पड़ता है. ऐसे में काफी कम खिलाड़ी ही 40 साल की उम्र के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट खेलना जारी रखते हैं. लेकिन कभी-कभी ऐसे खिलाड़ी भी सामने आते हैं जो अपनी उम्र के बावजूद खेल में अपनी जगह बनाते हैं और इतिहास रचते हैं. मैथ्यू ब्राउनली एक ऐसे ही खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अपनी उम्र से हर किसी को हैरान कर दिया है.

मैथ्यू ब्राउनली ने 62 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखा है, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है. दरअसल, इंटरनेशनल क्रिकेट में एक नई टीम की एंट्री हुई है, ये टीम फॉकलैंड आइलैंड है. इस टीम ने कोस्टा रिका के दौरे पर अपना पहला इंटरनेशनल मैच खेला, जो एक टी20द्ध मैच था. 10 मार्च, 2025 को खेले गए इस मैच ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया. फॉकलैंड आइलैंड्स इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाली 106वीं टीम है. चौंकाने वाली बात ये रही कि इस टीम ने अपने पहले मुकाबले में जो प्लेइंग 11 मैदान पर उतारी थी उसमें सभी खिलाड़ी 31 साल से ऊपर के थे. वहीं, सबसे उम्रदराज खिलाड़ी मैथ्यू ब्राउनली थे.

मैथ्यू ब्राउनली ने 62 साल की उम्र इंटरनेशनल डेब्यू करके इतिहास रच दिया. वह पुरुषों के इंटरनेशनल क्रिकेट इतिहास में सबसे उम्रदराज डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बन गए.



इतना ही नहीं, ब्राउनली 60 साल की उम्र पार करने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले पहले खिलाड़ी भी बने.

मैथ्यू ब्राउनली ने इस दौरे पर कुल 3 टी20 मैच खेले. इस दौरान उन्होंने 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पहले मैच में 1 रन, दूसरे मैच में नाबाद 2 रन और तीसरे मैच में नाबाद 3 रन बनाए. इसके अलावा उन्होंने एक ओवर गेंदबाजी भी की. लेकिन वह विकेट हासिल नहीं कर सके.

## फॉकलैंड आइलैंड को पहले मैच में मिली हार

फॉकलैंड आइलैंड के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरुआत कुछ खास नहीं रही. उसे अपने पहले मुकाबले में 66 रनों से हार का सामना करना पड़ा. दोनों टीमों के बीच इस दौरे पर कुल 6 टी20 मैच खेले गए. इस दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट फॉकलैंड आइलैंड ने एक मैच में बाजी मारी और 5 मैच कोस्टा रिका की टीम के नाम रहे. हालांकि, जिस मैच में फॉकलैंड आइलैंड ने बाजी मारी उस मुकाबले में मैथ्यू ब्राउनली प्लेइंग 11 का हिस्सा नहीं थे.

# मुंबई इंडियंस के स्टार ऑलराउंडर को भेजा कानूनी नोटिस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग के लिए पाकिस्तान सुपर लीग के अपने अनुबंध को छोड़ दिया क्योंकि 5 बार की आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस ने चोटिल लिजाद विलियम्स की जगह उनकी सेवाएं लेने के लिए कहा। बॉश के इस फैसले से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड नाराज है और खिलाड़ी को कानूनी नोटिस भी भेजा है। ऐसे में दोनों टी20 लीग्स के एक साथ होने से टकराव की स्थिति सामान्य है और इसे लेकर खिलाड़ियों को फैसला करना था कि वह किस लीग में खेलना चाहते हैं। इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू करने वाले बॉश को 13 जनवरी को लाहौर में आयोजित पाकिस्तान सुपर लीग प्लेयर्स ड्राफ्ट के दसवें संस्करण के दौरान डायमंड श्रेणी में पेशावर जाल्मी द्वारा चुना गया था। इस महीने की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग की एक प्रमुख फ्रैंचाइजी मुंबई इंडियंस ने घोषणा की कि उसने चोटिल लिजाद विलियम्स के प्रतिस्थापन के रूप में बॉश को चुना है, जो दक्षिण अफ्रीका से भी हैं। बॉश उन विदेशी खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें आईपीएल नीलामी में नहीं चुने गए और फिर उन्होंने पीएसएलका रूख किया था।

बॉश को उनके एजेंट के माध्यम से कानूनी नोटिस भेजा गया है। पीसीबी प्रबंधन ने लीग से उनके हटने को रेखांकित किया है और निर्धारित समय सीमा के भीतर उनके जवाब की अपेक्षा है।

# आईपीएल 2025: के पूरे सीजन से उमरान मलिक बाहर

## कोलकाता ने चेतन सकारिया को किया शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेज गेंदबाज उमरान मलिक आईपीएल 2025 के पूरे सीजन से चोट की वजह से बाहर हो गए हैं। लीग का यह सीजन 22 मार्च से शुरू होकर 25 मई तक चलेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने उनकी जगह लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर चेतन सकारिया को टीम में शामिल किया गया है। चेतन सकारिया भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेल चुके हैं। सकारिया ने एक वनडे और दो टी-20 इंटरनेशनल मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वह 19 आईपीएल मैच भी खेले हैं, जिनमें उन्होंने 20 विकेट लिए हैं। सकारिया को 75 लाख रुपए में टीम में शामिल किया है।

नेट गेंदबाज के तौर पर केकेआर से जुड़े थे चेतन सकारिया चेतन सकारिया को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में कोई भी खरीददार नहीं मिला था। इसके बाद सकारिया कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में बतौर नेट गेंदबाज शामिल हुए थे। अब केकेआर ने उन्हें उमरान मलिक के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल कर लिया।

# विराट के बाद एक और भारतीय क्रिकेटर का फूटा बीसीसीआई पर गुस्सा,

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन के लिए बीसीसीआई ने नई पॉलिसी लागू की थी. नई पॉलिसी में कई सारे नए नियम जोड़े गए, जिनमें से एक कहता है कि किसी खिलाड़ी के फैमिली मेंबर्स, प्रैक्टिस सेशन या मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में प्रवेश नहीं कर सकते और ना ही मिल सकते हैं. अब यही नियम बीसीसीआई के लिए बड़ी मुसीबत बनता जा रहा है. पहले विराट कोहली ने फैमिली रूल पर कड़ा विरोध जताया था. अब दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज मोहित शर्मा ने भी इस नियम के प्रति विरोध जताया है. मोहित शर्मा ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर परिवार की मौजूदगी बुरी चीज कैसे हो सकती है? उन्होंने कहा, कुछ चीजें हमारे नियंत्रण में नहीं होती. हम सबके व्यक्तिगत विचार अलग-अलग हो सकते हैं, यह जरूरी है कि हम उन चीजों पर ध्यान लगाएं जिनपर नियंत्रण बना सकते हैं. परिवार की मौजूदगी बुरी चीज कैसे हो सकती है?

# आईएमएल टी-20 | युवराज और सचिन से आगे निकला इंडिया का ओपनर बल्लेबाज, इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में बनाए दोनों से ज्यादा रन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सचिन तेंदुलकर की कप्तानी में इंडिया मास्टर्स ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 के फाइनल में ब्रायन लारा की कप्तानी वाली वेस्टइंडीज मास्टर्स को 4 विकेट से हरा दिया और खिताब अपने नाम किया। तेंदुलकर की कप्तानी में इंडिया ने कमाल किया और इस लीग से पहले सीजन में अपनी बादशाहत दिखाई।

फाइनल में भारत की जीत में सबकी अहम भूमिका रही, लेकिन अंबाती रायुडू की बैटिंग खास रही और उनकी पारी से भारत को जीत मिली। अंबाती अपनी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में इंडिया ने गजब का प्रदर्शन किया और इस टीम ने सिर्फ एक मैच पूरे टूर्नामेंट के दौरान गंवाया। अन्य सभी मुकाबलों में भारत को जीत मिली। इस लीग में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर की बात करें तो इसमें युवराज सिंह और सचिन तेंदुलकर पर अंबाती रायुडू भारी पड़े और फाइनल में खेली 74 रन की पारी के दम पर वो दोनों से आगे निकल गए। फाइनल से पहले भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर युवराज सिंह थे और दूसरे नंबर पर सचिन तेंदुलकर थे, लेकिन फाइनल के बाद तस्वीर पूरी तरह से बदल गई और अंबाती पहले नंबर पर, सचिन दूसरे जबकि युवराज सिंह तीसरे नंबर पर आ गए।

इस लीग में भारत के लिए अंबाती ने सबसे ज्यादा रन बनाए और उन्होंने 6 मैचों में 47.00 की औसत के साथ 188 रन बनाए जबकि सचिन तेंदुलकर इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रहे और इंडिया की कप्तानी करने वाले सचिन ने 6 मैचों में 30.17 की औसत के साथ 181 रन ठोके। अंबाती का स्ट्राइक रेट इन मैचों में 142.42 का रहा जबकि सचिन का औसत 153.39 का रहा। युवराज सिंह की बात करें तो उन्होंने 6 मैचों में 179.00 की औसत के साथ 179 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 184.54 का रहा। युवराज ने 6 मैचों में 14 चौके और 13 छक्के लगाए। आपको बता दें कि फाइनल मैच में लारा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था और फिर इस टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 148 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने 17.1 ओवर में 6 विकेट पर 149 रन बनाकर मैच जीत लिया।

फाइनल में भारत की तरफ से कप्तान सचिन तेंदुलकर ने 18 गेंदों पर एक छक्का और 2 चौकों की मदद से 25 रन की पारी खेली जबकि युवराज सिंह ने 11 गेंदों पर एक चौके की मदद से नाबाद 13 रन की पारी खेली। स्टुअर्ट बिन्नी भी 16 रन बनाकर नाबाद रहे।

## फाइनल में युवराज सिंह और टीनो बेस्ट के बीच तीखी नोकझोंक



ंटरनेशनल मास्टर्स लीग के फाइनल के दौरान युवराज सिंह और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज टीनो बेस्ट के बीच मैदान पर तीखी नोकझोंक देखने को मिली। यह घटना मैच की दूसरी पारी के दौरान हुई, जब युवराज और बेस्ट के बीच बहस हुई। बेस्ट 13वां ओवर पूरा करने के बाद मैदान से बाहर जाना चाहते थे, लेकिन युवराज ने अंपायर को इसकी जानकारी दे दी, जिससे बेस्ट को वापस लौटना पड़ा। इस फैसले से वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज नाराज हो गए।

बेस्ट ने पूर्व भारतीय ऑलराउंडर पर हमला किया जो अपनी बात पर अड़े रहे। दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और एक-दूसरे पर उंगली उठाई जिसके बाद वेस्टइंडीज के कप्तान ब्रायन लारा ने बीच-बचाव किया। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डैरेन गॉफ ने कमेंट्री में बताया, वह (टिनो बेस्ट) ऐसा खिलाड़ी है जो पीछे नहीं हटता। वह ऐसा खिलाड़ी है जो बातचीत करना पसंद करता है। दो खिलाड़ी जो पीछे नहीं हटते। तभी आपको कोई समस्या होती है। युवराज ने 11 गेंदों पर नाबाद 13 रन बनाए और अपनी टीम को 17.1 ओवर में 149 रन बनाने में मदद की। भारत की जीत का श्रेय अंबाती रायडू और सचिन तेंदुलकर के बीच 67 रनों की ओपनिंग साझेदारी को जाता है। तेंदुलकर 18 गेंदों पर 25 रन बनाकर आउट हो गए जबकि रायडू अंत तक टिके रहे और 50 गेंदों पर 74 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई, जिसमें 9 चौके और तीन छक्के शामिल थे।

## नई-नई हुई है शादी...

# IPL 2025 में लेडी लक के साथ उतरेंगे इतने सारे खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नया साल, नया आईपीएल सीजन और नई-नई शादी. ये कहानी है उन खिलाड़ियों की जो आईपीएल 2025 में लेडी लक के साथ उतरने वाले हैं. शादी-शुदा ग्रुप में नए-नए शामिल खिलाड़ियों में कुछ बड़े नाम हैं तो कुछ ऐसे जो उतने बड़े स्टार नहीं. किसी ने अपनी गर्लफ्रेंड को ही जीवनसाथी बनाया है तो किसी ने घरवालों की पसंद की हुई लड़की के साथ ब्याह रचाया है.

आज हम उन देसी-विदेशी खिलाड़ियों की बात कर करने जा रहे हैं, जिन्होंने आईपीएल 2025 से पहले शादी की है. आईपीएल 2025 से पहले शादी के बंधन में बंधने वाले सबसे बड़े खिलाड़ी राशिद खान है. इन्होंने 3 अक्टूबर 2024 को काबुल में निकाह किया. रिपोर्ट्स के मुताबिक राशिद ने जिस लड़की से शादी की वो उन्हीं की रिश्तेदारी में है. क्रिकेट की दुनिया के नामचीन लेग स्पिनर राशिद खान आईपीएल में गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा हैं.

**डेविड मिलर ने गर्लफ्रेंड को बनाया हमसफर:** विदेशी खिलाड़ियों की शादी की बात चली ही है तो उनमें एक और बड़ा नाम डेविड मिलर का है, जिन्होंने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड को जीवनसाथी बनाया है. मिलर ने कैमिला हैरिस के साथ 28 मई 2024 को ब्याह रचाया. आईपीएल 2025 में डेविड मिलर लखनऊ सुपर जायंट्स



का हिस्सा हैं. एलएसजी ने उन्हें 7.5 करोड़ रुपये में खरीदा है.

**वेंकटेश अय्यर भी शादी के बाद खेलेंगे पहला आईपीएल:** भारतीय क्रिकेटरों में वेंकटेश अय्यर ने भी आईपीएल 2025 से पहले शादी कर ली है. उन्होंने केकेआर के साथ आईपीएल 2024 का खिताब जीतने के तुरंत बाद ये मंगल कार्य किया. 2 जून 2024 को वेंकटेश अय्यर ने श्रुति रघुनाथन के साथ शादी की. श्रुति का साथ मिलने के बाद एक बार तो आईपीएल 2025 के ऑक्शन में वेंकटेश की किस्मत चमक चुकी है,

**चेतन साकरिया से मोहसिन खान तक ने की शादी:** चेतन साकरिया भी आईपीएल 2025 में केकेआर से जुड़े हैं. उन्हें उमरान मलिक के रिप्लेसमेंट के तौर पर 75 लाख रुपये में लिया गया है. उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड मेघना जामबूचा से शादी की है. मोहसिन खान ने 11 नवंबर 2024 को शादी की.

बाएं हाथ का ये तेज गेंदबाज आईपीएल 2025 में एलएसजी का हिस्सा है. फ्रेंचाइजी ने इन्हें खरीदने के लिए 4 करोड़ रुपये खर्च किए हैं. हालांकि, ये खेलेंगे या नहीं उनकी आने वाली फिटनेस रिपोर्ट पर होना है.

## हरप्रीत ब्रार ने की शादी, जितेश शर्मा ने सगाई

हरप्रीत ब्रार आईपीएल 2025 से पहले शादी वाले क्लब में शामिल हुए सबसे लेटेस्ट सदस्य हैं. उन्होंने मॉली संधू के साथ शादी की, जिनके इंस्टाग्राम अकाउंट से पता चलता है कि वो पेशे से डॉक्टर हैं. ये शादी मार्च 2025 में हुई. यानी, आईपीएल 2025 के आगाज से ठीक पहले. हरप्रीत ब्रार आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स का हिस्सा हैं . आरसीबी के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने शादी भले नहीं की पर सगाई करके इन्होंने भी आईपीएल 2025 में लेडी लक लेने का इंतजाम कर लिया है. इन्होंने अगस्त 2024 में सगाई की है. पिछले सीजन पंजाब किंग्स का हिस्सा रहे जितने को आरसीबी ने 11 करोड़ रुपये में खरीदा है. :

# एंड्रीवा ने सबालेंका को हराकर इंडियन वेल्स का महिला एकल खिताब जीता

**इंडियन वेल्स, एजेंसी** । मीरा एंड्रीवा ने इंडियन वेल्स ओपन के फाइनल में विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता। 17 वर्षीय रूसी खिलाड़ी 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद सबसे कम उम्र की इंडियन वेल्स ओपन चैंपियन बन गई हैं, और 1998 में मार्टिना हिंगिस और सेरेना के बाद टूर्नामेंट के इतिहास में तीसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। एंड्रीवा ने पिछले महीने दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के बाद एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लगातार 12वां मैच जीता। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, एंड्रीवा 2009 में प्रारूप की शुरुआत के बाद से लगातार 12 डब्ल्यूटीए 1000 जीत दर्ज करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। एंड्रीवा ने कोर्ट पर अपने भाषण में कहा, मैं अंत तक लड़ने और हमेशा मुझ पर विश्वास करने तथा कभी हार न मानने के लिए खुद को फिर से धन्यवाद देना चाहूंगी।मैंने आज



खरगोश की तरह दौड़ने की कोशिश की। बस बने रहना वाकई मुश्किल था, इसलिए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और इसलिए मैं खुद को धन्यवाद देना चाहती हूं, क्योंकि मुझे लगता है कि मैंने भी इसमें थोड़ी भूमिका निभाई। एंड्रीवा, टोक्यो 2005 में मारिया शारापोवा द्वारा लिंडसे डेवनपोर्ट को हराने के बाद से डब्ल्यूटीए फाइनल में विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी को हराने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं, और पिछले 40 वर्षों में 17 या उससे कम उम्र की तीसरी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने एक ही डब्ल्यूटीए इवेंट में विश्व की नंबर 1 और विश्व की नंबर 2 खिलाड़ी को हराया है। सेमीफाइनल में, एंड्रीवा ने दो बार की चैंपियन और नंबर 2 इगा स्वीयाटेक के खिताब के बचाव को समाप्त कर दिया, उन्हें इतने ही टूर्नामेंट में दूसरी बार हराया।

इंडियन वेल्स एंड्रीवा का तीसरा करियर खिताब और इस सीजन का दूसरा खिताब है। उनके तीन खिताबों में से दो खिताब अब डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर आए हैं और वह सोमवार को डब्ल्यूटीए रैंकिंग में अपने करियर के सर्वोच्च 6वें स्थान पर पहुंच जाएंगी। वह इस सीजन में 19 जीत के साथ इंडियन वेल्स से सबसे ज्यादा जीत के साथ शीर्ष पर हैं।

# बिहार के युवा क्रिकेटर को सीएसके ने नेट बॉलर के तौर पर चुना, मां ने कहा- इसकी उम्मीद नहीं थी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार के सुपौल के युवा क्रिकेटर मोहम्मद इजहार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्य्) के लिए नेट बॉलर के तौर पर चुना गया है जिससे परिवार और उनके राज्य में गर्व और खुशी की लहर दौड़ गई है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स 23 मार्च को चेपक स्टेडियम के घरेलू मैदान में चिर प्रतिद्वंद्वी और पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। अपने अभियान से पहले उन्होंने बिहार के इस युवा खिलाड़ी को नेट बॉलर के तौर पर शामिल किया है और वादा किया है कि वह अपने क्रिकेट सफर में उसे बहुत आगे ले जाने वाले अनुभव और यादें देगा। इजहार की मां शबनम खातून अपने बेटे के चयन से खुश हैं। उन्होंने कहा, हमें इसकी उम्मीद नहीं थी। यहां तक ??पहुंचने के लिए उसे काफी संघर्ष और कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हम वाकई बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि वह हमें गौरवान्वित करेगा और मेरा आशीर्वाद उसके साथ है। इजहार के भाई साद आलम ने भी कहा कि वह चाहते हैं कि वह टीम इंडिया के लिए खेले। उन्होंने कहा, हम उसके चयन से खुश हैं। यहां तक ??पहुंचने के लिए उसने काफी संघर्ष किया है।



गेंदबाज के चाचा मोहम्मद जहांगीर ने भी कहा कि इजहार हमेशा से क्रिकेट खेलना चाहता था और उसने अपने खेल के लिए काफी मेहनत की। उन्होंने कहा, वह मेरा भतीजा है और परिवार और समुदाय में इसको लेकर काफी खुशी है। वह हमेशा से क्रिकेट खेलना चाहता था। हमारे मना करने के बावजूद भी वह नहीं माना। 2019-2020 में उसे बिहार के लिए राज्य स्तर पर चुना गया और तब से वह आगे बढ़ता रहा और बहुत से लोगों ने उसका समर्थन किया। उसने पढ़ाई की और क्रिकेट खेला। हमें उम्मीद है कि वह भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलेगा और हमें गौरवान्वित करेगा।

बिहार के मंत्री नीरज कुमार बबलू ने कहा, मैं इजहार को जिले और राज्य को गौरवान्वित करने के लिए बधाई देता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### विवादित बयान, मंत्री पद से प्रेमचंद अग्रवाल का इस्तीफा, अटैकिंग मोड में विपक्ष

**देहरादून, एजेंसी।** विधानसभा सत्र के दौरान दिए अपने विवादास्पद बयान से सुर्खियों में आए धामी सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने आखिरकार इस्तीफा दे दिया है. 21 फरवरी 2025 को सदन में दिए बयान के बाद लगातार पिछले करीब 22 दिन से मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का विरोध करते हुए जनता इस्तीफे की मांग कर रही थी. वहीं 16 मार्च को मंत्री अग्रवाल ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को अपना इस्तीफा सौंपा. इस इस्तीफा के बाद कांग्रेस के नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आने लगी है. मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के विवादास्पद बयान के खिलाफ जनविरोध प्रदर्शन का नतीजा आखिरकार उनके इस्तीफे तक पहुंच ही गया. रविवार 16 मार्च को दोपहर बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अपने मंत्री पद से इस्तीफे का ऐलान किया. इसके कुछ समय बाद उन्होंने सीएम धामी से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपा. इससे पहले उन्होंने मुजफ्फरनगर के शहीद स्मारक पहुंचकर राज्य आंदोलनकारियों को नमन भी किया. वहीं उनके अचानक इस्तीफे से एक तरफ भाजपा नेताओं में खलबली मची है तो दूसरी तरफ कांग्रेस नेता उन्हें इस्तीफे के जरिए प्रायश्चित के लिए धन्यवाद दे रहे हैं. इस मामले पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत का बयान आया है. उन्होंने कहा अहंकार का यही नतीजा निकलता है. हरीश रावत ने कहा एक व्यक्ति के अहंकार का नतीजा सामने आ गया भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित कुछ और लोगों के अहंकार भी है जिनका जवाब उत्तराखंड उन्हें देगा. महेंद्र भट्ट ने अपने राजनीतिक विरोधियों को सड़क छाप कहकर एक घटिया दर्जे का बयान दिया है, उत्तराखंड उनके उस बयान के लिए भाजपा और भट्ट को क्षमा नहीं करेगा

### महाराष्ट्र के रायगढ़ में निजी बस और दोपहिया वाहन की टक्कर में दो लोगों की मौत

**रायगढ़, एजेंसी।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में रविवार सुबह एक निजी बस और दोपहिया वाहन के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दोपहिया वाहन पर सवार दोनों व्यक्ति ओंबली गांव के एक मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही बस ने उन्हें टक्कर मार दी। अधिकारी के मुताबिक, हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए राहुल श्रीरंग सालुंके और सिद्धेश गणेश सकपाल को पोलादपुर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अधिकारी के अनुसार, दोनों मृतकों की उम्र 20 से 30 वर्ष के बीच थी। उन्होंने बताया कि मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### अमित शाह 21 मार्च से ओडिशा की तीन दिवसीय यात्रा करेंगे

**संबलपुर , एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय यात्रा पर 21 मार्च को ओडिशा आएंगे और इस दौरान राज्य में कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को यह जानकारी दी। भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने बताया कि शाह 21 मार्च की शाम झारसुगुड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और एमसीएल अतिथि गृह में रुकेंगे। उन्होंने बताया कि शाह 22 मार्च को झारसुगुड़ा के पीएचडी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करने से पहले संबलपुर स्थित मां समलेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। भाजपा नेता के मुताबिक जनसभा को संबोधित करने के अलावा केंद्रीय मंत्री वहां कुछ परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। सामल ने संवाददाताओं को बताया कि इसके बाद वह भुवनेश्वर होते हुए पुरी जाएंगे और रात्रि विश्राम तटीय शहर में करेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक तय कार्यक्रम के अनुसार शाह 23 मार्च को पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर जाएंगे और जटनी में प्रस्तावित फॉरेंसिक विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। केंद्रीय मंत्री के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की। पार्टी नेता के मुताबिक, शाह के दौरे के दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

# श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी को किया मालामाल, सोने-चांदी की हुई बौछार

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।**
श्रद्धालुओं के भंडार भरने वाले मां वैष्णो देवी मंदिर में पांच सालों में दान में भारी वृद्धि हुई है. माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अनुसार तीर्थयात्रियों का दान वित्तीय वर्ष 2024-25 (जनवरी तक) में 171.90 करोड़ रुपए हो गया है, जो 2020-21 में 63.85 करोड़ रुपये था. इसी दौरान मंदिर में चढ़ाया गया सोना भी नौ किलोग्राम से बढ़कर 27.7 किलोग्राम हो गया है, जबकि चांदी 753 किलोग्राम से बढ़कर 3,424 किलोग्राम हो गई है. ये जानकारी कार्यकर्ता रमन शर्मा द्वारा दायर एक आरटीआई आवेदन का जवाब देते हुए दी गई है. डोनेशन पहुंचा 170 करोड़ के पारः माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में दान या भेंट के रूप में 63.85 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे. इसके बाद वित्तीय वर्ष 2021-22 में 166.68 करोड़ रुपए बोर्ड को मिले थे. वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 223.12 करोड़ रुपए भक्तों ने मां के दरबार में चढ़ाए थे. इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2023-24 में 231.50 करोड़ रुपए और वित्तीय वर्ष 2024-25 (इस साल जनवरी तक) में 171.90 करोड़ रुपए बोर्ड को प्राप्त हुए हैं. मां वैष्णो देवी मंदिर में हर साल बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्याः यह मंदिर अपने इतिहास में पहली बार कोविड-19 के कारण पांच महीने तक बंद रहा था. इसे 16 अगस्त 2020 को तीर्थयात्रियों के लिए फिर से खोल दिया गया था. 1986 में जब तीर्थस्थल बोर्ड ने बेहतर प्रबंधन के लिए तीर्थस्थल के मामलों को अपने हाथ में लिया था, तब से लेकर अब तक तीर्थयात्रियों की संख्या 13.95 लाख थी, जो हर बीतते वर्ष के साथ लगातार बढ़ती जा रही है और साल 2012 में यह संख्या 1.04 करोड़ तक पहुंच गई थी, जबकि पिछले वर्ष यह 1.01 करोड़ थी. साल 2024 में 94.84 लाख तीर्थयात्री पहुंचे मां के दरबारः आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मां वैष्णो देवी मंदिर में साल 2020 में केवल 17.20 लाख तीर्थयात्री आए, जो पिछले तीन दशकों में सबसे कम है. मां वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे थे, जबकि साल 2022 में 91.25 लाख तीर्थयात्रियों ने मां वैष्णो देवी का आशीर्वाद लिया था. वहीं, साल 2023 में 95.22 लाख तीर्थयात्रियों ने मां वैष्णो देवी का दीदार किया था. साल 2024 की बात करें,तो 94.84 लाख तीर्थयात्रियों का आगमन मां वैष्णो देवी में हुआ था. भक्तों ने दिल खोलकर सोना किया दानः माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सोने-चांदी के संबंध में बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में 9.075 किलोग्राम सोना प्राप्त हुआ था, जबकि वित्तीय वर्ष 2021-22 में 26.351 किलोग्राम सोना मिला था. वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 33.258 किलोग्राम और वित्तीय वर्ष 2023-24 में 23.477 किलोग्राम सोना मंदिर में चढ़ाया गया था. इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 (इस वर्ष जनवरी तक) में 27.717 किलोग्राम सोना मंदिर को मिला. मां पर चांदी की भी हुई बौछारः वहीं, बात अगर चांदी की करें, तो वित्तीय वर्ष 2020-21 में 753.630 किलोग्राम चांदी माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को दान के रुप में मिली थी, जबकि वित्तीय वर्ष 2021-22 में 2400.705 किलोग्राम चांदी भक्तों ने मां वैष्णो देवी को अर्पित की थी. वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3756.582 किलोग्राम और वित्त वर्ष 2023-24 में 4072.486 किलोग्राम चांदी माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को मिली थी. वित्त वर्ष 2024-25 में इस साल जनवरी तक 3424.538 किलोग्राम चांदी दानस्वरुप मिली है।



## कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई को समन भेज सकती है एसआइटी, पहले कई लोगों से हो चुकी है पूछताछ



**गुवाहाटी।** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पाकिस्तान से संबंध के मुद्दे पर एसआईटी के सामने पेश होने को लेकर तैयार है। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार कहा है कि मैं किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार हूं।

उन्होंने कहा कि जब भी एसआइटी बुलाएगी, मैं जांच दल के समक्ष उपस्थित हो जाऊंगा। उन्हें मुझे कॉफी या चाय भी देने की जरूरत नहीं है। इससे पहले गौरव गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न गोगोई के पाकिस्तान से संबंधों की जांच के लिए असम पुलिस द्वारा गठित एसआईटी दिल्ली और पंजाब में कई लोगों से पूछताछ कर वापस आ गई है।

जांच दल ने हाल ही में एक पर्यावरण विज्ञानी और दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग के दो कर्मचारियों से पूछताछ की है और ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि गौरव गोगोई को भी पूछताछ के लिए एसआईटी की ओर से समन भेजा जाएगा।

पुलिस के अनुसार, एसआईटी ने ब्रिटिश उच्चायोग के दो कर्मचारियों से पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के साथ उनके संबंधों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए पूछताछ की। तौकीर शेख का नाम सांप्रदायिक सद्भाव को अस्थिर करने में भूमिका के लिए असम पुलिस की प्राथमिकी में दर्ज किया गया है।

शेख राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारी हासिल करने में अपनी भूमिका के लिए जांच के घेरे में हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि एसआईटी को पाकिस्तानी नागरिक अली शेख से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं।

## मांड्या में संदिग्ध फूड पॉइजनिंग से एक छात्र की मौत, 28 अस्पताल में भर्ती

**मांड्या (कर्नाटक), एजेंसी।** होली के अवसर पर बनाए गए भोजन को खाने के बाद पेट दर्द और उल्टी की शिकायत के बाद फूड पॉइजनिंग के संदिग्ध मामले में 13 साल के छात्र की मौत हो गई. वहीं 28 अन्य छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने बताया कि ये सभी छात्र एक निजी स्कूल द्वारा संचालित अवैध छात्रावास में रह रहे थे. घटना मांड्या जिले के मालवल्ली तालुका के टी कागेपुरा गांव में गोकुला विद्या संस्थान में घटी. मृतक की पहचान केरलोंग के रूप में हुई है और वह मेघालय का रहने वाला था. बताया जाता है कि शनिवार रात को 30 बच्चों ने खाना खाया और सो गए. इसके बाद सभी को पेट दर्द और उल्टी होने लगी. फलस्वरूप सभी को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहीं मामले की जानकारी मिलने पर जिला कलेक्टर कुमार, एसपी मल्लिकार्जुन बालादंडी और जिला प्रभारी मंत्री चालुवरायस्वामी ने अस्पताल का दौरा किया और बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली. अधिकारियों ने आवासीय विद्यालय के छात्रावास का भी दौरा किया. आवासीय विद्यालय के अनाधिकृत होने का पता चलने पर उन्होंने विद्यालय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिया. डीएचओ डॉ. मोहन ने बताया, 29 बच्चे बीमार थे. उन्हें इलाज के लिए मालवल्ली अस्पताल भेजा गया. बाद में गंभीर हालत वाले 8 बच्चों को इलाज के लिए मंड्या जिला अस्पताल ले जाया जा रहा है. जिला कलेक्टर और मंत्री के निर्देशानुसार हम बाकी सभी बच्चों को इलाज के लिए यहां ले आए हैं. जिला कलेक्टर कुमार ने बताया, गोकुला नामक एक निजी शिक्षण संस्थान अवैध रूप से 24 बच्चों को छात्रावास में रखकर शिक्षा दे रहा है. इसके लिए कोई अनुमति नहीं है. 14 मार्च को इन 24 बच्चों और ट्यूशन पढ़ने आए 6 बच्चों सहित कुल 30 बच्चों ने होली के त्यौहार के बाद सब्जी पुलाव खाया था. शनिवार को 6 बच्चों का फूड पॉइजनिंग के कारण इलाज किया गया. आज केरलोंग नामक 13 वर्षीय छात्र की स्कूल में ही बेहोशी की हालत में मौत हो गई।

## ग्रेटर नोएडा से जुड़ेगा फरीदाबाद, मंझावली पुल तक चार किमी सड़क बनाने को खरीदी जाएगी जमीन

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा को फरीदाबाद के मंझावली पुल से जोड़ने की राह आसान हो गई है। इसके लिए शासन से 25.62 करोड़ का बजट जारी हो गया है। वहीं, अगले सप्ताह तक जिला प्रशासन की ओर से भूमि खरीद की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। करीब 4 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए साढ़े 6 हेक्टेयर जमीन खरीदी जानी है। किसानों की आपत्ति निस्तारण के लिए सूचना प्रकाशन तक हो चुका है। अब गांवों में कैंप लगाकर किसानों की सहमति से रजिस्ट्री कराकर जमीन पर कब्जा लिया जाएगा। भूमि खरीद और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया को अगले सप्ताह तक पूरा करने की तैयारी है।

जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि हरियाणा की सीमा में मंझावली गांव के सामने यमुना नदी पर ग्रेटर नोएडा जाने के लिए पुल तैयार है, लेकिन ग्रेटर नोएडा के अट्टा गुजरान तक करीब 4 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण पूरा न होने के चलते यहां सुगम तरीके से यातायात सुचारू नहीं हो पा रहा है।

पुल तक सड़क का निर्माण करने के लिए प्रशासन को 6.8884 हेक्टेयर जमीन मुरसदपुर, अफजलपुर, जगनपुर और अट्टा गुजरान की खरीदी जानी है। प्रशासन नेअधिग्रहण के बदले इन किसानों को 3720 रुपये प्रतिकर के हिसाब से करीब 25.69 करोड़ रुपये मुआवजा बांटने के लिए 40 किसानों की सूची तैयार की है। यह बजट शासन से भी जारी हो चुका है। वहीं, प्रशासन ने भूमि पर कब्जा हासिल करने से पहले किसानों से आपत्तियां मांगी है, जिसकी सूचना भी पांच दिन पूर्व प्रकाशित हो चुकी है। किसानों को आपत्ति दर्ज कराने के लिए सात दिनों का समय दिया गया है, जिसमें सिर्फ दो दिन शेष बचे हैं। अब तक किसी किसान ने कोई आपत्ति नहीं लगाई है। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह तक जमीन का बैनामा कर किसानों को मुआवजा वितरित कर दिया जाएगा। मंझावली पुल तक बनने वाली सड़क का निर्माण करीब 10 वर्षों से अटका पड़ा है। मुआवजा दर पर किसानों के साथ विवाद के कारण काम रुका हुआ है। हालांकि, अब सभी किसान सहमति जताते हुए जमीन देने के लिए तैयार है। जिला प्रशासन ने किसानों के साथ विवाद सुलझाकर जमीन खरीदने की प्रक्रिया को काफी आगे बढ़ा दिया है।



# पंजाब के मुख्यमंत्री के तौर पर पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे भगवंत मान : अरविंद केजरीवाल

**चंडीगढ़ , एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि भगवंत मान पंजाब के मुख्यमंत्री के तौर पर अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे. केजरीवाल ने विपक्षी दलों के उन दावों को खारिज कर दिया कि मान को पद से हटा दिया जाएगा.

हालांकि, केजरीवाल ने यह भी कहा कि पंजाब में नशा और भ्रष्टाचार सबसे बड़ी समस्या है. केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य में पार्टी की सरकार के तीन साल पूरे होने पर रविवार को अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल पंजाब के होशियारपुर में 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र पूरा करने के बाद शनिवार को अमृतसर पहुंचे. स्वर्ण मंदिर में केजरीवाल के साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब सरकार में मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल समेत आम आदमी पार्टी के कई नेता भी मौजूद थे. 'आप' ने 2022 में पंजाब में कुल 117 विधानसभा सीट में से 92 सीट जीतकर सरकार बनाई थी. केजरीवाल ने अमृतसर में संवाददाताओं से कहा, ''मान साहब ने 16 मार्च 2022 को पंजाब के मुख्यमंत्री का पद संभाला था. आज हम यहां गुरु महाराज का आशीर्वाद लेने आए हैं. तीन वर्षों में उन्होंने (गुरुओं ने) हमारा मार्गदर्शन किया और लोगों की सेवा करते रहने की शक्ति प्रदान की.'' उन्होंने कहा, ''आज पंजाब में सबसे बड़ी समस्या नशा और भ्रष्टाचार है. पंजाब के तीन करोड़ लोग नशे और भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए एक साथ आए हैं... यह न्याय की लड़ाई है. '' केजरीवाल ने कहा कि वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें शक्ति प्रदान करें ताकि वे पंजाब के लोगों की सेवा करते रहें. आप प्रमुख ने कहा, '' हम यहां पंजाब में लोगों की सेवा करने के लिए हैं, सत्ता के लिए नहीं.'' आप के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों द्वारा यह दावा किए जाने के बारे में पूछे जाने पर कि पंजाब के मुख्यमंत्री को जल्द ही बदल दिया जाएगा, केजरीवाल ने कहा, '' मान साहब पांच साल पूरे करेंगे, आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है... वे अगले पांच साल भी पूरे करेंगे.'' पिछले महीने पंजाब में कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने दावा किया था कि आम आदमी पार्टी के 32 विधायक उनके संपर्क में हैं।



## गुरुग्राम में दो कारों का कहर, कई गाड़ियों को ठोका; पुलिस ने वाहन जब्त कर लड़कों को गिरफ्तार किया

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
गुरुग्राम के सेक्टर 4 में दो लड़कों ने एक पतली गली को रेसिंग ट्रैक में बदल दिया। दोनों अपनी-अपनी कारों को आड़े-तिरछे भगा रहे थे। इस दौरान उन्होंने कई गाड़ियों में टक्कर मारी। पुलिस ने उनकी कारों को जब्त कर लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में दोनों लड़कों को गिरफ्तार कर लिया है। दो लड़कों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि उन्होंने एक संकरी गली को रेसिंग ट्रैक में बदल दिया, जिससे कई वाहन टकरा गए और दो महिलाएं घायल हो गईं। शनिवार शाम को राधा कृष्ण मंदिर के पास हुई यह दुर्घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। उन्होंने बताया कि सेक्टर 9ए थाने में एफआईआर दर्ज की गई है और घायल महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी अंकित, बादशाहपुर के मोगा कोलोन का निवासी है और सुंदर, शिकोहपुर गांव का निवासी है। वे मारुति ब्रेजा और स्विफ्ट चला रहे थे। दोनों कारों को जब्त कर लिया गया है। सेक्टर 5 निवासी शिकायतकर्ता सुनील कुमार के अनुसार, वह शाम करीब 4¬30 बजे अपनी पत्नी को मंदिर छोड़ने जा रहे थे। तभी तेज गति से दौड़ रही दो कारें गलत दिशा से आ गईं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि ब्रेजा कार उसकी टाटा हैरियर से टकरा गई।

## चंद्रयान-5 मिशन से चांद पर रोबोट भेजेगा भारत, जापान भी करेगा सहयोग, इसरो चीफ ने किया खुलासा

**कन्याकुमारी, एजेंसी।** तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले के नागरकोइल में डॉ. जयशेखर की जन्म शताब्दी मनाई गई. इस समारोह में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन  के चेयरमैन वी. नारायणन शामिल हुए. इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, इस साल 16 जनवरी को हमने दो सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे थे. उन्हें एक साथ डॉक किया गया और फिर सफलतापूर्वक अलग किया गया. भारत ऐसा सफल प्रयोग करने वाला चौथा देश है.

इसरो प्रमुख ने कहा कि 9,800 किलोग्राम का चंद्रयान-4 उपग्रह जल्द ही लॉन्च किया जाएगा. इसे दो रॉकेट के जरिये चांद पर भेजने, लैंड कराने, वहां के खनिजों को इकट्ठा करने और धरती पर वापस लाने की तैयारी चल रही है. नारायणन ने बताया कि चांद पर इंसानों को भेजने की भविष्य की परियोजना के लिए छोटे मानवरहित रॉकेट बनाए जाएंगे और उनमें रोबोट को परीक्षण के लिए भेजा जाएगा. उन्होंने कहा कि भारत और जापान मिलकर चंद्रयान-5 मिशन के लिए काम करेंगे. इसकी अनुमति भी मिल गई है. इस परियोजना के जरिये बिना इंसान की तरह दिखने वाले रोबोट को चांद पर भेजा जाएगा. उन्होंने कहा कि भारत का पहला अंतरिक्ष यान 1979 में डॉ. अब्दुल कलाम के नेतृत्व में लॉन्च किया गया था. इस साल जनवरी में हमने 100वां अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक लॉन्च किया है.

# गाजियाबाद में 15 साल बाद 600 किसानों को प्लॉट देने पर फैसला संभव

### जीडीए में शामिल हो सकते हैं 77 गांव

**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की मंगलवार 18 मार्च को होने वाली बोर्ड बैठक के ज्यादातर प्रस्ताव तैयार हो गए हैं। इसमें मधुबन बापूधाम योजना से प्रभावित 600 किसानों को प्लॉट देने पर निर्णय लिया जा सकता है। बोर्ड से स्वीकृति मिलने के बाद इन किसानों को 15 साल बाद प्लॉट मिलेगा। इसके अलावा 11 से अधिक प्रस्ताव एजेंडे का हिस्सा होंगे।

जीडीए ने वर्ष 2004 में छह गांव की करीब 1,234 एकड़ जमीन पर मधुबन बापूधाम योजना लॉन्च की थी। इसमें से 800 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया, फिर 153 एकड़ और मिल गई और इसे भी विकसित किया, जबकि बची हुई 281 एकड़ जमीन के किसान सुप्रीम कोर्ट चले गए। साल 2016 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अंत में जीडीए ने नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत 281 एकड़ जमीन के किसानों को मुआवजा देते हुए जमीन का अधिग्रहण किया। इस फैसले के बाद 800 एकड़ जमीन के किसान भी नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत बढ़े मुआवजे की मांग कर रहे हैं। साथ ही सभी किसान जमीन दिए जाने की एवज में मिलने वाले भूखंडों की भी मांग कर रहे हैं।

किसानों का कहना है कि योजना के लिए करीब 15 साल पहले किसानों से हुए करार को पूरा किया जाए। इस करार के तहत योजना में प्राधिकरण को किसानों को प्लॉट विकसित करके देने हैं, जिसमें से जीडीए करीब 112 प्लॉट किसानों को आवंटित किए जा चुके हैं, जबकि अब तक 600 से अधिक किसानों को प्लॉट नहीं मिले हैं। अब प्राधिकरण इस संबंध में बोर्ड बैठक में प्रस्ताव ला रहा है, जिससे किसानों को प्लॉट दिए जा सकेंगे।

बता दें कि इस योजना में दो तरह के किसान हैं। पहले अधिग्रहण में 800 एकड़ जमीन देने वाले किसान और दूसरे नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत मुआवजा देकर 281 एकड़ देने वाले किसान। जानकार बताते हैं कि 800 एकड़ वाले किसानों को विकसित जमीन का 6 फीसदी प्लॉट दिया जाएगा, जबकि 281 एकड़ किसानों को विकसित जमीन का 10 फीसदी प्लॉट मिलेगा। जीडीए ने 10 फीसदी प्लॉट वाले किसानों का नोटिस जारी कर सहमति भी ले ली है। जीडीए में 77 गांव शामिल होंगे ¬ दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के किनारे 500-500 मीटर चौड़ी क्षेत्र के दायरे में आने वाले करीब 77 गांव जीडीए में शामिल हो सकते हैं।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सैयद अहमर हसनैन द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन , 55- बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक - सैयद अहमर हसनैन R.N.I.No-UPHIN/2008/27122 - Ph : 0522-4048974, Email : news@group5.in समाचार पत्र के समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मोतीपुर में विवाहिता की हत्या कर शव को किया गायब

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के सेंदुआरी गांव में शनिवार को विवाहिता 30 वर्षीय अनिता देवी की हत्या कर शव को गायब कर दिया गया। वह गांव निवासी विंदेश्वर राय की पत्नी थी। मामले में अनिता के पिता मोतीपुर थाना क्षेत्र के मोरसंडी निवासी रमेश राय ने दामाद विंदेश्वर सहित दस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अनिता को चार बच्चे हैं। पिता ने बताया कि शादी के बाद से ही पति अनिता को परेशान और प्रताड़ित करता था। इसको लेकर कई बार स्थानीय स्तर पर पंचायती भी हुई थी। उन्होंने बताया कि शनिवार के सुबह 11 बजे के करीब उनकी दूसरी बेटी जिसका ससुराल भवानीडीह है। उसने फोन कर जानकारी दी कि अनिता को मारा पिटा जा रहा है। जब तक वे घर से अनिता के ससुराल पहुंचते तब तक ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए थे। घर में अनिता भी नहीं थी। ग्रामीणों ने बताया कि विंदेश्वर ने अनिता की हसुआ से गला काटकर हत्या कर आनन फानन में अंतिम संस्कार कर दिया है। थानाध्यक्ष राजन कुमार पांडे ने बताया कि मामले में पति सहित दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### मंदिर के लिए चंदा वसूलने जा रहे लोगों पर पथराव

● दो पक्षों के बीच झड़प में कई लोग घायल



**सिवान, एजेंसी।** बिहार के सिवान में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई. इस दौरान दोनों तरफ से ईंट-पत्थर चलने लगे. यह घटना उस समय हुई जब कुछ लोग मंदिर निर्माण के लिए चंदा मांगने निकले थे. विवाद के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ईंट और पत्थरों से हमला कर दिया जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. मामला बड़हरिया थाना क्षेत्र का है.सिवान में झड़पः मारपीट की सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 एवं बड़हरिया थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा बल के साथ इज़माली गांव पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया. मारपीट में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है. घटनास्थल पर भारी पुलिस बल वहा मौजूद है. चंदा मांगने को लेकर मारपीटः घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोपालगंज जिले के बदरजिमी गांव में एक मंदिर निर्माण का कार्य चल रहा है. उसके प्रचार प्रसार एवं चंदा वसूलने के लिए कुछ लोग निकले थे, जो वसूलते-वसूलते बड़हरिया थाना क्षेत्र के इजमाली गांव के रास्ते मस्जिद के पास से जा रहे थे, तभी दो पक्ष में किसी बात को लेकर विवाद हो गया है.

### फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल करने वाले 3 युवक गिरफ्तार

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली में भोजपुरी गाने पर फायरिंग कर वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। राजापाकड़ थाना क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस के पास का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। गिरफ्तार युवकों में चंदन कुमार, आयुष राज उर्फ बुलेट और यश राजकुमार उर्फ रावण शामिल हैं। वीडियो में तीनों एक बाइक पर सवार होकर देसी कट्टे से हर्ष फायरिंग करते दिख रहे थे। पुलिस ने पश्चिमी टोला में यशराज के घर पर छापेमारी की। पूछताछ में यशराज ने अपने दोस्तों चंदन और आयुष का नाम बताया। चंदन के घर की तलाशी में छज्जे पर रखी पुरानी पेटी से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और पांच तलवारें बरामद हुई। थानाध्यक्ष वीणा कुमारी ने बताया कि अवैध हथियार रखना और उनके साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करना संज्ञेय अपराध है। आयुष की गिरफ्तारी बिदुपुर थाना क्षेत्र के दाउदनगर से की गई, जहां वह अपने नाना किशुन सिंह के यहां छिपा हुआ था।

## बंदरा, गायघाट समेत 5 प्रखंडों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू

### हेल्थ सेंटरों पर बच्चों का इलाज अब डिजीज स्पॉट सिस्टम से होगा



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर अब बच्चों के इलाज में डिजिटल तकनीक का उपयोग होगा। %डिजीज स्पॉट सिस्टम% एप की मदद से इलाज की प्रक्रिया को तेज, सरल और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। यह नई प्रणाली पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जिले के पांच प्रखंडों बंदरा, गायघाट, कांटी, सरैया और एक अन्य स्थान पर लागू की गई है। चयनित प्रखंडों के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। नॉर्वे इंटरनेशनल पार्टनरशिप इनिशिएटिव (निप्पी) के सहयोग से कार्यशाला आयोजित कर एप के उपयोग, विशेषताओं और लाभों की जानकारी दी गई।

सिविल सर्जन डॉ. अजय कुमार ने बताया कि यह एप बीमारी की पहचान में मदद करेगा। सही ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल भी उपलब्ध कराएगा। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी मिलेगी कि मरीज को कौन-सी दवा देनी है और प्रारंभिक उपचार क्या होना चाहिए। यदि मरीज की स्थिति गंभीर होती है, तब उसे कब और कहां रेफर करना है, इसकी गाइडलाइन भी एप में उपलब्ध होगी। यह प्रणाली स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी बनाएगी। पायलट प्रोजेक्ट के तहत पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से जुड़े 13 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के प्रभारियों को इस डिजिटल सिस्टम के उपयोग का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें बताया गया कि एप का सही ढंग से उपयोग कर बच्चों की बीमारियों की पहचान कैसे की जा सकती है और समय पर आवश्यक उपचार कैसे दिया जा सकता है। इलाज के बाद मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों से फीडबैक भी लिया जाएगा, जिससे इसकी प्रभावशीलता को आंका जा सके।

### सफलता के बाद पूरे राज्य में लागू होगी योजना

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के प्रभारी नियमित रूप से इस नई प्रणाली की रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को भेजेंगे। यदि यह प्रयोग सफल होता है तो इसे पूरे जिले और फिर राज्य स्तर पर लागू किया जाएगा। इस तकनीकी नवाचार से बच्चों के इलाज की प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक और प्रभावी होगी। कम संसाधनों में भी बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

### डिजिटल हेल्थ मिशन को मिलेगी मजबूती

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि यह नई प्रणाली सरकार की डिजिटल हेल्थ मिशन योजना को आगे बढ़ाने में सहायक होगी। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर डिजिटल तकनीक के उपयोग से ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों की बीमारियों की समय पर पहचान कर सही इलाज करना है, जिससे गंभीर बीमारियों की आशंका कम हो सके। यदि यह प्रोजेक्ट सफल होता है तो राज्यभर में लाखों बच्चों को इसका लाभ मिलेगा।

## गोपालगंज में तेज बारिश के साथ गिरे ओले

### बांका और रक्सौल में भी बूंदाबांदी, पूर्वी-पश्चिमी चंपारण समेत 13 जिलों में आकाशीय बिजली का अलर्ट



**पटना, एजेंसी।** पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी की वजह से बिहार में भी मौसम बदला है। सोमवार सुबह गोपालगंज में सुबह-सुबह तेज बारिश हुई है। यहां बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। पटना में भी सुबह से बादल छाए हुए हैं। इसके साथ बांका और रक्सौल में भी बूंदाबांदी हुई है। मौसम विभाग ने पूर्वी-पश्चिमी चंपारण और सीवान में आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है। मुजफ्फरपुर में भी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। मोतिहारी में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। तेज हवाएं चल रही हैं। बेतिया में सुबह 9 बजे के करीब हल्की बूंदाबांदी हुई है। मौसम सुहाना बना हुआ है। आसमान में काले बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आज 13 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है। मौसम में बदलाव से जहां लोग राहत महसूस कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ किसानों की परेशानी बढ़ गई है। अगर ओले गिरते हैं तो उनकी फसल को भारी नुकसान होगा। मक्के की पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी। आम और लीची की मंजरियों पर भी इसका असर पड़ेगा।

### आकाशीय बिजली से सबसे ज्यादा बाहर निकले लोगों को खतरा

आकाशीय बिजली की चपेट में आने का सबसे ज्यादा खतरा खेतों में काम करने वाले, पेड़ों के नीचे पनाह लेने वाले, खुले में घूमने वाले या तालाब में नहाने वाले लोगों को रहता है। ऐसे में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा लोगों को सतर्क और सावधानी बरतने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं। इनका पालन करके आकाशीय बिजली की घटनाओं से बचा जा सकता है।

## बिहार की खुशबू का पूरा होगा सपना; शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की पहल के बाद अब पढ़ेगी बायोलॉजी



**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने पटना जिले के दानापुर की रहने वाली छात्रा खुशबू कुमारी की विज्ञान संकाय में पढ़ाई में आ रही बाधा दूर करने की पहल की है। उन्होंने पटना के जिलाधिकारी को खुशबू का नामांकन वर्तमान सत्र में ही विज्ञान संकाय में कराने का निर्देश दिया है। केंद्रीय मंत्री ने रविवार को खुद खुशबू से फोन पर बात की और मदद का भरोसा दिया। उच्च माध्यमिक विद्यालय, हेतनपुर (दानापुर) से दसवीं उत्तीर्ण उपेंद्र राय की पुत्री खुशबू कला संकाय में पढ़ रही है। उसकी हार्दिक इच्छा है कि वह विज्ञान संकाय में पढ़ाई कर डॉक्टर बने। इसके लिए छात्रा ने केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मदद की गुहार लगाई थी। दरअसल खुशबू के साथ घर में ही भेदभाव हो रहा था। वह अपने पसंद के विषय में पढ़ाई करना चाहती थी। परिवार का कहना है कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण वे मेडिकल की तैयारी नहीं करा सकते। खुशबू ने अपनी पीड़ा मीडिया में जाहिर की थी। विज्ञान संकाय में नामांकन से उसका डॉक्टर बनने का सपना साकार हो सकेगा। केंद्रीय मंत्री ने खुशबू से कहा कि मन लगा कर पढ़ो। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार भारत की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। बीच धर्मेंद्र प्रधान की पहल पर जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह ने खुशबू एवं उनके परिजनों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि छात्रा का प्रवेश जीव विज्ञान विषय में कराया जाएगा।

डीएम ने खुशबू से कहा कि मजबूती से आगे बढ़ना है, कमजोर नहीं पड़ना है। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से पढ़ाई के लिए सभी सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने दानापुर के एसडीएम और जिला शिक्षा पदाधिकारी को उचित पहल करने को कहा है।

## गया जंक्शन: होली के बाद स्टेशन पर लौटी चहल-पहल, बढ़ने लगी भीड़

**गया, एजेंसी।** होली का त्योहार समाप्त होते ही रविवार की शाम से रेल यात्रियों का आवागमन शुरू हो गया। होली को लेकर स्टेशन परिसर सहित प्लेटफार्मों पर सन्नाटा पसरा था। होली त्योहार मनाने के बाद रविवार से लोग अपने गंतव्य के लिए लौटने लगे हैं। ट्रेनों में भीड़ बढ़ने लगी है। कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। गया-नई दिल्ली महाबोधि, पुरुषोत्तम व मुंबई मेल सहित कई ट्रेनों में वेटिंग टिकट की लंबी कतार लगी हुई है। पूर्व से कंफर्म टिकट लिए यात्रियों को सफर में आराम है। लेकिन वेटिंग टिकट वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गया से नई दिल्ली, गया से मुंबई, गया से हावड़ा, गया से चेन्नई, गया से लुधियाना, गया से जम्मू तवी, गया से जोधपुर आदि स्थानों पर जाने वाली ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल है। करीब एक सप्ताह तक गया से होकर गुजरने वाली किसी भी लंबी दूरी की ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है। हालांकि ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा कुछ स्पेशल ट्रेनों का भी परिचालन शुरू किया गया है।

### गया से आनंद विहार व पटना-गया-विशाखापतनम के लिए चलीं स्पेशल ट्रेनें

ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा गया से आनंद विहार,गया से नई दिल्ली और गया के रास्ते पटना-विशाखापट्टनम के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया है। गया से खुलने वाली स्पेशल ट्रेनों में गाड़ी संख्या 02397 गया-आनंद विहार स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) 23 एवं 30 मार्च (रविवार) को गया से दोपहर 02:15 बजे खुलकर अगले दिन सुबह 07:10 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । इसी तरह गाड़ी संख्या 03697 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल (सासाराम डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) 31 मार्च तक प्रत्येक रविवार को छोड़कर गया से दोपहर 02:15 बजे खुलकर अगले दिन सुबह 07:10 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 04063 गया-नई दिल्ली सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) 18 मार्च को गया से सुबह 06:40 बजे खुलकर उसी दिन रात 11:35 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08538 पटना-विशाखपट्टणम स्पेशल (गया-कोडरमा-बोकारो रांची- सम्बलपुर के रास्ते) 17, 24 एवं 31 मार्च को पटना से रात 10:30 बजे खुलकर तीसरे दिन 03:50 बजे विशाखपट्टणम पहुंचेगी।

**सरपंच ने की पीड़ित को मुआवजा देने की मांग**

## आग लगने से 12 परिवारों के घर जले:बगहा में फसल-कागजात समेत लाखों की संपत्ति राख



**बगहा, एजेंसी।** बगहा के खैरवा पंचायत के संत पट्टी गांव में अचानक लगी भीषण आग में 12 घर जलकर राख हो गए। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका ही नहीं मिला। घरों के साथ अनाज, कपड़े, फर्नीचर और नगदी समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। अगलगी में हरिकेश राम, तीर्थ राम, मुनेसर राम, चंद्रदेव राम, गौतम राम, नरेश राम, नंदलाल कुशवाहा, गीता देवी, उमा देवी, किरण देवी, विनोद सिंह और शिवनाथ राम के घर पूरी तरह जल गए। परिवारों के पास सिर छुपाने तक की जगह नहीं बची। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने अग्निशमन दल को तुरंत मौके पर भेजा। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। हालांकि हवा तेज नहीं थी, नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

### पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग

घटनास्थल पर पहुंचे खैरवा पंचायत के सरपंच भोला बैठा ने बताया कि यह हादसा बेहद दर्दनाक है। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित परिवारों को अविलंब मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने कहा कि पीड़ितों के लिए भोजन और अस्थायी आवास की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आगजनी का सनहा थाने में दर्ज किया जा रहा है। पीड़ित लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले धान की कटाई हुई थी। साथ ही, सरसों और अन्य फसलों की भी कटाई हुई थी। पूरे साल के खर्चे के लिए इसे घर में रखा गया था ,जो एक पल में ही जलकर खाक हो गया। इतना ही नहीं घर और जमीन के कागजात भी जल गए हैं।

### श्रीरामपुर हत्याकांड में हम प्रतिनिधिमंडल ने की परिजनों से मुलाकात

गया, एजेंसी। गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव में अजीत मांझी की हत्या के बाद केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के निर्देश पर हम (हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा) पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर न्याय और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ई. नंदलाल मांझी ने किया। उनके साथ दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिना मांझी, श्रमिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश मांझी और शेरघाटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी मौजूद रहे। ई. नंदलाल मांझी ने बताया कि उन्होंने गया के वरीय पुलिस अधीक्षक से फोन पर वार्ता कर मामले में त्वरित कार्रवाई और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि अपराधी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जुटे गणमान्य चिकित्सक

**भागलपुर, एजेंसी।** वैदिक जागृति मंच की ओर से रविवार को एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सरदारी चौधरी उच्च विद्यालय, सुल्तानगंज में किया गया। इस शिविर में विभिन्न स्थानों से कई गणमान्य चिकित्सक भाग लेकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच किए। शिविर को सफल बनाने में वैदिक जागृति मंच के सभी सम्मानित कार्यकर्ता लगे हुए थे। वैदिक जागृति मंच के अध्यक्ष दीपांकर प्रसाद उर्फ संजय ने बताया कि आयोजित शिविर में डॉ. एस.एस.राजहंस (फिजिशियन) सहित कई गणमान्य चिकित्सक ने भाग लेकर परिजनों का निशुल्क जांच करते हुए परामर्श दिया। शिविर का उद्घाटन विभिन्न स्थानों से आए चिकित्सक के साथ बीडीओ संजीव कुमार ने किया।

## भोजपुर में मछली कारोबारी की हत्या मामले में 4 गिरफ्तार



### आरोपी ने बताया- झगड़ा होने के बाद हुई मारपीट, शव को बोरे में बांधकर फेंका

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले पीरो थाना क्षेत्र के देवचंदा बाल निवासी मछली कारोबारी की हत्या मामले में मृतक की पत्नी बबीता देवी ने नौ के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई है। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए आरोपी में सजीवन मुसहर, उसकी पत्नी मुन्नी देवी, लक्ष्मण मुसहर एवं बउधा मुसहरका नाम शामिल है। संजीवन मुसहर ने अपना जुर्म कबूलने के बाद उसने अपने सभी साथियों का नाम बताया। इस संदर्भ में पीरो थाना क्षेत्र के देवचंदा बाल मुसहर टोला निवासी संजीवन मुसहर ने पुलिस के समक्ष स्वीकारोक्ति बयान दिया गया है।

### पकड़े गए आरोपी ने बयान में बताया पूरा मामला

उसने बयान में कहा कि वह अपने गांव पर रहकर मजदूरी का काम करता है। 14 मार्च की रात्रि करीब 10 बजकर 45 मिनट पर मुसहर टोला के बगल के गांव देवचंदा के पवन उर्फ मुरली राय अपने बाइक से पीरो की तरफ आ रहा था। मैं और मेरे साथी मनु मुसहर, हरेराम मुसहर, भुअर मुसहर, लक्ष्मण मुसहर, रविंद्र मुसहर, दिनेश मुसहर, बउधा मुसहर और मेरी पत्नी मुन्नी देवी सभी ने मिलकर उनके बाइक को रोका और बोले की आज होली है। हमलोग के घर चलिए। जिसके बाद मुरली राय मेरे घर की ओर चले। वहां कुछ देर बाद मुरली राय से बातो-बात में बहस हो गया। मैं और मेरे उपरोक्त साथी उनके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान विरोध करने पर घर के पास पोल में उनका हाथ-पैर बांधकर बांध दिया। घटना के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद हम लोग करीब डेढ़ बजे रात में पकड़ाने के डर से डेड बॉडी को बोरा में बांधकर देवचंदा पुल के नीचे पानी वाले नहर में डूबा दिया। हमलोग आसपास जाकर छुप गए। 15 मार्च को मैं और मेरे साथी लक्ष्मण मांझी, बउध मुसहर और मेरी पत्नी मुन्नी देवी पकड़े गए। जिसके बाद बताया कि डेड बॉडी और बाइक हीरो होंडा पैशन प्रो देवचंदा पुल के नीचे नहर के पास है। तब पुलिस ने जाकर बॉडी और बाइक बरामद कर लिया।

### कुछ आरोपी अभी भी फरार

स्वीकारोक्ति बयान में पकड़े गए आरोपितों के अलावा मन्नू मुसहर, हरेराम मुसहर, भुअर मुसहर, रविन्द्र मुसहर एवं दिनेश मुसहर का नाम दिया है, जो फरार है। मृतक पीरो थाना क्षेत्र के देवचंदा गांव निवासी स्व.महावीर राय का 45 वर्षीय पुत्र पवन कुमार राय उर्फ मुरली राय है।




### कंगना रनौत बोलीं- अमेरिका अपने पास ही रखें अपना अवॉर्ड

# फैन ने इमरजेंसी के लिए की ऑस्कर की मांग

**कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। एक फैन ने इसके लिए ऑस्कर की मांग की तो कंगना ने चौंकाने वाला बयान दिया।**

कंगना रनौत की इमरजेंसी पिछले हफ्ते नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई और वह इंस्टाग्राम पर इसके लिए नई प्रतिक्रियाएं और समीक्षाएं साझा कर रही हैं। फिल्म भले ही सिनेमाघरों में अपना कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन इसे ओटीटी पर काफी प्यार मिल रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने फिल्म की तारीफ भी की है और एक फैन ने तो इसके ऑस्कर जीतने तक की बात कह दी। हालांकि, इस पर कंगना का जवाब चौंकाने वाला रहा।

### ऑस्कर अवॉर्ड पर क्या बोलीं कंगना

दरअसल, फिल्म की तारीफ करते हुए एक यूजर ने ट्वीट किया, इमरजेंसी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। इसे भारत से ऑस्कर में जाना चाहिए। कंगना, क्या फिल्म है। इस पर कंगना ने ट्वीट को रीपोस्ट किया और लिखा, लेकिन अमेरिका अपना असली चेहरा स्वीकार नहीं करना चाहेगा, कि कैसे वे विकासशील देशों को धमकाते हैं, दबाते हैं और उन पर दबाव डालते हैं। यह इमरजेंसी में उजागर हो गया है। वे अपना मूर्खतापूर्ण ऑस्कर अवॉर्ड अपने पास रख सकते हैं। हमारे पास राष्ट्रीय पुरस्कार हैं।

इसके साथ ही फिल्म निर्माता संजय गुप्ता ने भी फिल्म की तारीफ की। उन्होंने ट्वीट किया, आज मैंने कंगना रनौत की इमरजेंसी देखी। सच कहूं तो मैंने इसे देखने की योजना नहीं बनाई थी, क्योंकि मैंने पहले ही इसके बारे में अनुमान लगा लिया था।

मुझे खुशी है कि मैं गलत था। कंगना की परफॉरमेंस और डायरेक्शन दोनों ही शानदार फिल्म है। बेहतरीन और विश्व स्तरीय।



# शाहरुख निभा सकते हैं एंटी-हीरो का किरदार

**अभिनेता शाहरुख खान और 'पुष्पा 2' के निर्देशक सुकुमार एक साथ फिल्म करने पर चर्चा कर रहे हैं। मणिरत्नम और एटली के साथ सहयोग कर चुके शाहरुख अब सुकुमार के साथ भी फिल्म कर सकते हैं।**

बॉलीवुड के किंग खान 'पुष्पा 2' के निर्देशक सुकुमार के साथ एक फिल्म को लेकर बातचीत कर रहे हैं। मणिरत्नम और एटली के साथ सफलतापूर्वक काम कर चुके शाहरुख सुकुमार के साथ सहयोग कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि किस तरह की फिल्म को लेकर शाहरुख और सुकुमार की बातचीत चल रही है।

शाहरुख और सुकुमार को लेकर पहले अफवाह थी कि दोनों एक डार्क, इंटेंस, साइकोलॉजिकल थ्रिलर के लिए साथ आ सकते हैं, लेकिन अब जो चर्चा चल रही है वह बिल्कुल ही अलग है। रिपोर्ट के मुताबिक एक सूत्र ने कहा, किंग खान एक एंटी-हीरो की भूमिका निभाएंगे, लेकिन यह एक ग्रामीण राजनीतिक एक्शन ड्रामा होगा, जिसमें उन्हें एक देहाती और देसी अवतार में दिखाया जाएगा। यह जाति और वर्ग उत्पीड़न जैसे सामाजिक मुद्दों को भी उजागर करेगा।

### फिल्म के लिए फैंस को करना पड़ेगा इंतजार

अगर दोनों किसी फिल्म के लिए एक साथ आते हैं तो फैंस को इसके लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। दोनों ही कई प्रोजेक्ट्स में अभी व्यस्त हैं। सुकुमार के पास राम चरण के साथ 'आरसी 17', 'पुष्पा 3ः द रैम्पेज' और एक रोमांटिक ड्रामा है। वहीं, शाहरुख खान 'किंग' और 'पठान 2' है। कहा जा रहा है कि इसके लिए करीब दो साल तक का इंतजार करना पड़ सकता है।

# एक्शन के साथ फिल्म में डांस का भी तड़का लगाएंगे सलमान

सलमान खान की फिल्म सिकंदर इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही है। जैसे-जैसे रिलीज डेट करीब आ रही है वैसे-वैसे फिल्म से जुड़ी खबरें तेजी से सामने आ रही हैं। हाल ही में इसके दो गाने जोहरा जबीं और बम बम भोले रिलीज हुए थे। दोनों गानों को फैंस ने खूब पसंद किया था। वहीं, अब इसका तीसरा गाना आने को तैयार है। इस गाने का नाम सिकंदर नाचे है।

### सलमान खान ने दिखाई गाने की झलक

सलमान ने हाल ही में सोशल मीडिया पर इसकी झलक दिखाई है। इसमें वह जोरदार बीट्स पर डांस करते दिखाई दे रहे हैं। गाने का अंदाज देखकर लग रहा है कि यह 2025 का बेस्ट पार्टी सॉन्ग बन सकता है।

### इन गायकों की सुनने को मिलेगी आवाज

सिकंदर नाचे को अमित मिश्रा, अकासा और सिद्धांत मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। वहीं, इसका म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। डांस स्टेप्स मशहूर कोरियोग्राफर अहमद खान ने डिजाइन किए हैं। फिल्म में एक्शन पहले से ही चर्चा में है। अब डांस का तड़का इसे और शानदार बना रहा है।

# धमाल 4, 21 मार्च से हो रही शुरू, इस बार भी खजाने की ही तलाश होगी



अजय देवगन होली के बाद धमाल 4 की शूटिंग शुरू करेंगे। हाल ही में उन्होंने दे दे प्यार दे 2 के बचे हुए हिस्से को पूरा किया है। सूत्रों के अनुसार, 21 मार्च से धमाल 4 का काम शुरू होगा। पहले फिल्म की रिहर्सल होगी, जो लगभग एक सप्ताह तक चलेगी। इसके बाद, सभी कलाकार मालशेज घाट पर इकट्ठा होंगे। अजय देवगन अपने चार्टर्ड प्लेन से वहां पहुंचेंगे। सूत्रों ने बताया, पिछली फिल्मों की तरह इस बार भी सभी किरदार खजाने की तलाश में ही एक अनजान जगह जाएंगे। हालांकि, इस बार निर्माता रुपयों के बजाय सोना-चांदी, हीरे-जवाहरात वाले खजाने की खोज में किरदारों को भेजेंगे। मालशेज घाट पर सभी कलाकार पहाड़ी वादियों में खजाने की खोज वाले सीन्स को फिल्माएंगे। निर्माता पहाड़ों पर हवा में उलटे लटके किरदारों के सीन भी शूट करेंगे।

### मौजूदा शेड्यूल में रितेश देशमुख नहीं होंगे

21 से होने वाले इस शेड्यूल में संजय मिश्रा, अरशद वारसी, जावेद जाफरी और दो बाल कलाकार शूटिंग करेंगे। रवि किशन और रितेश देशमुख बाद में टीम में शामिल होंगे, क्योंकि वे अन्य प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। यहां टीम दोनों के बॉडी डबल्स के साथ शूटिंग करेगी। जावेद इस धमाल सीरीज में तो हैं ही, वे अजय के साथ दे दे प्यार दे 2 में भी हैं। बीच में खबरें आई थीं कि जावेद इस बार दे दे प्यार दे 2 में नहीं

# एक सीन के सहारे सुभाष घई ने लिख दी थी 'कर्ज' की पटकथा, सुनाई दास्तां

फिल्म निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर बताया कि साल 1980 में रिलीज 'कर्ज' की पटकथा को उन्होंने कैसे लिखा। फिल्म से जुड़े एक सीन का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक सीन के इर्द-गिर्द उन्होंने फिल्म की



पटकथा लिख डाली थी। कर्ज से जुड़े एक सीन की तस्वीर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए सुभाष घई ने लिखा, फिल्म कर्ज का निर्माण केवल इस एक सीन की वजह से हुआ। एक ऐसा क्षण जब मां की आत्मा अपने मरे हुए बेटे की आत्मा को पहचान जाती है और उसके बेटे मोंटी को छोड़कर हर कोई हैरान रह जाता है। मैंने इस सीन के इर्द-गिर्द पूरी कहानी की पटकथा लिख डाली थी। कभी नहीं सोचा था कि यह एक कल्ट क्लासिक होगी और 45 साल बाद भी इसकी चर्चा होगी। रविवार को किए गए एक पोस्ट में सुभाष घई ने बताया कि उनकी फिल्म निर्माण कंपनी मुक्ता आर्ट्स कलाकारों की नहीं बल्कि उन लेखकों और निर्देशकों की तलाश कर रही है, जो पैन सिनेमा के लिए बेहतरीन काम कर सकें। घई ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में बताया कि उनकी फिल्म निर्माण कंपनी मुक्ता आर्ट्स भारतीय सिनेमाघरों में सिनेमा का जादू चलाने के लिए तैयार है। इसके लिए वह बेहतरीन लेखकों और निर्देशकों की तलाश भी कर रहे हैं। घई ने बताया कि वह दर्शकों के लिए फिर से कुछ नया और शानदार लेकर आने के लिए तैयार हैं। घई ने दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर और टीना मुनीम स्टारर फिल्म 'कर्ज' की शूटिंग की झलक भी दिखाई थी। तस्वीर में उनके साथ ऋषि और टीना भी नजर आए। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीर में ऋषि कपूर दिखाई दिए, उनके सामने टीना खड़ी हैं और बीच में घई खड़े नजर आए। घई ने तस्वीर के साथ लिखा, यकीन नहीं होता...45 साल पहले ऋषि कपूर और टीना मुनीम की फिल्म कर्ज का निर्देशन किया। अब रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल में फिल्म का प्रीमियर 21 मार्च को सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर पीवीआर बीकेसी बांद्रा मुंबई में होगा।



# मेरे हसबैंड की बीवी के फ्लॉप होने पर भूमि पेडनेकर ने तोड़ी चुप्पी

भूमि पेडनेकर की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी हाल ही में बड़े पर्दे पर आई। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित यह फिल्म 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें अर्जुन कपूर और रकुल प्रीत सिंह भी थे, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही। हाल ही में एक इंटरव्यू में भूमि ने अपनी फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर असफलता के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने यह भी बताया कि दर्शकों के एक खास वर्ग ने मेरे हसबैंड की बीवी के बारे में अच्छी बातें कही हैं। भूमि ने कहा- हमने वह सब कुछ किया, जो हम कर सकते थे और जो भी थिएटर में जा रहा है, उसे यह फिल्म पसंद आ रही है। जहां तक किसी को फिल्म से जुड़ने के लिए कुछ मिलता है, तो मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है।

# फिल्म की शूटिंग और टीवी शो की शूटिंग में अंतर होता है: शुभांगी अत्रे

दर्शकों के पसंदीदा शो भाभीजी घर पर हैं पर फिल्म बनने जा रही है। फिल्म में शो के मूल कलाकार ही मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। शो में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने वाली शुभांगी अत्रे इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शुभांगी ने कहा, मैं एक एक्टर और एक कलाकार हूं, और कोई फर्क नहीं पड़ता कि माध्यम क्या है, चाहे वह टीवी, फिल्में, ओटीटी या थिएटर हो, मैं पूरी लगन और अनुशासन के साथ अपना 100 प्रतिशत देने में विश्वास करती हूं। बेशक, भाभीजी घर पर हैं पर अब एक फिल्म बनाई जा रही है, इसलिए काम काफी हद तक वैसा ही है जैसा हम टेलीविजन पर करते हैं। लेकिन फिर भी, एक अलग तरह की घबराहट और उत्साह होता है। उन्होंने कबूल किया कि किसी फिल्म की शूटिंग करना टीवी शो की शूटिंग से बिल्कुल अलग होता है।

शुभांगी ने कहा, भले ही मैं वर्षों से अंगूरी का किरदार निभा रही हूं, लेकिन फिल्म के लिए परफॉर्म करना अलग लगता है। हालांकि, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दे रही हूं और अपनी पूरी कोशिश कर रही हूं, जैसा कि मैं हमेशा करती हूं। मैं वाकई बहुत खुश हूं, लेकिन साथ ही, मैं थोड़ी नर्वस भी महसूस कर रही हूं। मैं बस अपने प्रशंसकों से ढेर सारा प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाएं चाहती हूं। उन्होंने कहा, सबसे पहले, हमारी फिल्म में कुछ नए कलाकार शामिल हुए हैं, इसलिए उनके साथ केमिस्ट्री बनाना एक नया अनुभव है। दूसरा, टीवी पर, हम अक्सर प्रदर्शन करते समय सुधार करते हैं, लेकिन एक फिल्म में, हमें बहुत सटीक होना पड़ता है। चूंकि एक फिल्म का रनटाइम 2 से 2.5 घंटे का होता है, इसलिए हम अनावश्यक संवाद नहीं जोड़ सकते हैं, जैसा कि हम कभी-कभी टीवी सीरियल शूटिंग में करते हैं। शुभांगी फिल्म में एक्शन सीक्वेंस भी करती नजर आएंगी। उन्होंने बताया, यह मेरे लिए कुछ नया है और मैं वास्तव में उत्सुक हूं कि स्क्रीन पर कैसे दिखाई देंगी। उन्होंने बताया कि यह न केवल उनके लिए बल्कि उनके माता-पिता के लिए भी एक सपना सच होने जैसा है। उन्होंने कहा, मेरे पिता इस समय कैंसर से जूझ रहे हैं, लेकिन वे इस प्रोजेक्ट को लेकर बहुत खुश हैं। मेरे माता-पिता दोनों ने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है और आज जब मैंने अपने पिता से बात की, तो उन्होंने मुझसे कहा कि एक बार फिल्म रिलीज हो जाए, तो हम सब इसे देखने के लिए एक साथ थिएटर जाएंगे। यह विचार ही मुझे भावुक कर देता है।



# ओरी के खिलाफ FIR दर्ज

सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और हमेशा बॉलीवुड सितारों के साथ दिखाई देने वाले ओरहान अवत्रामणि उर्फ ओरी मुश्किल में फंस गए हैं. जम्मू कश्मीर पुलिस ने जम्मू के कटरा में एक होटल में शराब पीने के मामले में 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, इनमें से एक ओरी भी हैं. दरअसल जिस इलाके में उन पर शराब का सेवन करने का आरोप लग रहा है, वहां शराब पीने पर सख्त मनाही है. कटरा में माता वैष्णो देवी का मंदिर है, ऐसे में पवित्र स्थल होने के चलते वहां पर शराब प्रतिबंधित है. रिपोर्ट्स के मुताबिक ओरी और उनके साथियों को बता दिया गया था कि वहां पर शराब और नॉन वेज खाना मना है, उसके बावजूद उन्होंने होटल, खास कर अपने कॉटेज के सुईट में प्रतिबंधित चीज़ों का सेवन किया. शराब पीने की ये घटना 15 मार्च की है. इस मामले में कटरा पुलिस स्टेशन ने एफआईआर दर्ज की है. ओरी के अलावा वहां दर्शन सिंह, पार्थ रैना, रितिक सिंह, ऋषि दत्ता , रक्षिता भोगल शगुन कोहली और अनसतासिला अर्जमस्कीना जैसे लोग भी थे. इन लोगों के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है.

### पर्दे पर सुपर आइकॉनिक

# श्रीदेवी का किरदार निभाना चाहती हैं तमन्ना



**अभिनेत्री** तमन्ना भाटिया स्क्रीन पर दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की भूमिका निभाना चाहती हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि उनकी यह तमन्ना है कि वह सुपर आइकॉनिक अभिनेत्री की भूमिका को पर्दे पर उतारें। ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर में लेबल ब्लोनी के लिए शोस्टॉपर बनीं तमन्ना से जब पूछा गया कि वह स्क्रीन पर किस अभिनेत्री के किरदार को निभाना चाहेंगी, तो उन्होंने आइकॉनिक एक्ट्रेस श्रीदेवी का नाम लिया। तमन्ना ने कहा, मैं श्रीदेवी का किरदार निभाना चाहूंगी। वह सुपर आइकॉनिक थीं और वह ऐसी शख्सियत हैं जिनकी मैं प्रशंसक रही हूं। भारतीय सिनेमा की 'पहली महिला सुपरस्टार' के रूप में लोकप्रिय श्रीदेवी ने कॉमेडी से लेकर फैमिली ड्रामा तक, विभिन्न विधाओं के साथ सिनेमा के हर हिस्से को छुआ। वह भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, मगर वह शानदार फिल्मों के जरिए हमेशा जिंदा रहेंगी।

साभार एजेंसी

# न्यायाधीश के रोक लगाने के बावजूद ट्रंप प्रशासन ने सैकड़ों प्रवासियों को निर्वासित किया

» वाशिंगटन, भाषा।

**अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश द्वारा 18वीं सदी के युद्धकालीन अधिनियम के तहत निर्वासन पर अस्थाई रूप से रोक लगाने का आदेश जारी किए जाने के बावजूद देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने सैकड़ों प्रवासियों को अल साल्वाडोर भेज दिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। न्यायाधीश ने अधिनियम के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का जब आदेश दिया, प्रवासियों को ले जा रहे विमान उससे पहले ही उड़ान भर चुके थे। ट्रंप ने निर्वासन में तेजी लाने के लिए 18वीं सदी के कानून का इस्तेमाल किए जाने की घोषणा की थी। इसके कुछ ही घंटों बाद यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जेम्स ई बोसबर्ग ने इस पर रोक लगाए जाने का शनिवार को आदेश जारी किया लेकिन वकीलों ने उन्हें बताया कि दो विमान प्रवासियों को लेकर अल साल्वाडोर और होंडुरास की ओर पहले की उड़ान भर चुके हैं।**

बोसबर्ग ने विमानों को वापस लौटने का मौखिक आदेश दिया लेकिन जाहिर तौर पर ऐसा नहीं किया गया और न्यायाधीश के लिखित आदेश में भी यह निर्देश शामिल नहीं था। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने रविवार को एक बयान में इन अटकलों का जवाब दिया कि क्या प्रशासन अदालती आदेशों का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा, प्रशासन ने अदालती आदेश का पालन करने से इनकार नहीं किया। इस आदेश का कोई वैधानिक आधार नहीं है और यह टीडीए के विदेशी आतंकवादियों को अमेरिकी क्षेत्र से पहले ही हटा दिए जाने के बाद जारी किया गया था। टीडीए का तात्पर्य ट्रेन डी अरागुआ गिरोह से है जिसे ट्रंप ने शनिवार को जारी घोषणा में निशाना बनाया था। ट्रंप प्रशासन ने 18वीं सदी के कानून का इस्तेमाल करने की घोषणा करते हुए शनिवार को कहा था कि वेनेजुएला का एक गिरोह अमेरिका पर आक्रमण कर रहा है और प्रशासन के पास उसके सदस्यों को देश से बाहर निकालने के लिए नई शक्तियां हैं। ट्रंप ने 1798 के एलियन एनीमीज एक्स (विदेशी शत्रु अधिनियम) को लागू करने की घोषणा करते हुए दावा किया कि वेनेजुएला का गिरोह ट्रेन डी अरागुआ अमेरिका पर आक्रमण कर रहा है। यह अधिनियम राष्ट्रपति को निर्वासन में बड़े पैमाने पर तेजी लाने के लिए नीतिगत और कार्यकारी कार्रवाईके संबंध में व्यापक छूट देता है। अमेरिकी इतिहास में इस अधिनियम का इस्तेमाल अब तक केवल तीन बार हुआ है और वह भी केवल युद्ध के दौरान किया गया। इससे पहले इसका इस्तेमाल द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान हुआ था। उस समय जर्मन और इतालवी लोगों को कैद करने के साथ-साथ जापानी-अमेरिकी नागरिकों को सामूहिक रूप से नजरबंद करने के लिए इसका इस्तेमाल किया गया था।



## पुतिन से मंगलवार को बात करेंगे ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने की कोशिश के तहत रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मंगलवार को बात करेंगे। अमेरिकी नेता ने रविवार शाम को एयरफोर्स वन (अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला विमान) के जरिए फ्लोरिडा से वाशिंगटन जाते समय पत्रकारों को इस संबंध में जानकारी दी। ट्रंप ने कहा, हम देखेंगे कि क्या हमारे पास मंगलवार तक घोषणा करने के लिए कुछ है। मैं राष्ट्रपति पुतिन से मंगलवार को बात करूंगा। उन्होंने कहा, सप्ताहांत में बहुत काम किया गया है। हम देखना चाहते हैं कि क्या हम इस युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। रूस ने करीब तीन साल पहले यूक्रेन पर हमला किया था। ट्रंप ने कहा कि युद्ध समाप्त करने के लिए भूमि और बिजली संयंत्र बातचीत का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, हम जमीन के बारे में बात करेंगे। हम बिजली संयंत्रों के बारे में बात करेंगे। ट्रंप ने इसे कुछ संपत्तियों को विभाजित करने के रूप में वर्णित किया। उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए हाल में मॉस्को का दौरा किया था और उन्होंने रविवार को कहा था कि ट्रंप और पुतिन के बीच शीघ्र ही बातचीत हो सकती है। ट्रंप ने एयरफोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि हाल में शेयर बाजार में उथल-पुथल और आर्थिक प्रभाव को लेकर चिंता के बावजूद वह दो अप्रैल को शुल्क लगाने की अपनी योजना को आगे बढ़ाएंगे।

बातचीत के बाद भारत-चीन सीमा पर सामान्य स्थिति

# चीन-भारत संबंधों पर मोदी की सकारात्मक टिप्पणी की चीन ने सराहना की

» बीजिंग, भाषा।

**चीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भारत-चीन संबंधों पर सकारात्मक टिप्पणी की सोमवार को सराहना की, जिसमें उन्होंने मतभेद के बजाय संवाद को तरजीह दी है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां एक प्रेसवार्ता में अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणियों पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि चीन ने चीन-भारत संबंधों पर प्रधानमंत्री मोदी के हालिया सकारात्मक टिप्पणी पर ध्यान दिया है और इसकी सराहना करता है। माओ ने कहा कि अक्टूबर में रूस के कजान में प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच सफल बैठक ने द्विपक्षीय संबंधों के सुधार और विकास के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने महत्वपूर्ण आम सहमतियों पर गंभीरतापूर्वक अमल किया है, आदान-प्रदान को मजबूत किया है और सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए हैं।**

उन्होंने कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि 2000 से अधिक वर्षों के आपसी संबंधों के इतिहास में दोनों देशों ने मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान बनाए रखा है और दोनों देशों ने सभ्यतागत उपलब्धियों और मानव प्रगति में योगदान देते हुए एक-दूसरे से सीखा है। उन्होंने कहा कि दो सबसे बड़े विकासशील देशों के रूप में, चीन और भारत ने अपने विकास और पुनरोद्धार में तेजी लाने के कार्य को साझा किया है तथा एक-दूसरे की सफलताओं को समझते हैं और उनका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह 2.8 अरब से अधिक लोगों के मौलिक हितों की पूर्ति करता है, क्षेत्रीय देशों की साझा आकांक्षाओं की पूर्ति करता है, तथा ग्लोबल साउथ के मजबूत होने तथा विश्व शांति के लिए अनुकूल होने की ऐतिहासिक प्रवृत्ति का अनुसरण करता है। उन्होंने चीन के विदेश मंत्री वांग ई के बयान को दोहराते हुए कहा कि दोनों देशों को ऐसा साझेदार बनना चाहिए जो एक-दूसरे की सफलता में योगदान दें और हाथी (भारत) और ड्रैगन (चीन) का तालमेल बिठाकर साथ चलना ही दोनों देशों के संबंधों के लिए एकमात्र सही विकल्प है। उन्होंने कहा कि चीन दोनों नेताओं के बीच महत्वपूर्ण आम सहमति को लागू करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चीन राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ को एक अवसर के रूप में लेगा और द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सुदृढ़ विकास के पथ पर आगे बढ़ाएगा। मोदी ने अपने पॉडकास्ट में कहा कि पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों की सेनाओं के बीच 2020 में हुई झड़पों से उत्पन्न तनाव को कम करने के लिए राष्ट्रपति शी के साथ उनकी हालिया बातचीत के बाद भारत-चीन सीमा पर सामान्य स्थिति लौट आई है। विश्व के दो सर्वाधिक जनसंख्या वाले देशों के बीच संबंधों के प्रति आशावादी रुख अपनाते हुए मोदी ने कहा कि पड़ोसियों के बीच मतभेद स्वाभाविक हैं तथा उन्होंने उनके बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया, जब दोनों सभ्यताएं एक-दूसरे से सीखती थीं तथा उनके बीच बहुत कम संघर्ष होता था।



# ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर साझा किया प्रधानमंत्री मोदी का पॉडकास्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका के लोकप्रिय पॉडकास्टर एवं कंप्यूटर वैज्ञानिक लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत का वीडियो लिंक साझा किया। अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ रविवार को एक पॉडकास्ट में चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बीच परस्पर विश्वास का रिश्ता है और वे बेहतर तरीके से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, क्योंकि वे हर चीज से ऊपर अपने राष्ट्रीय हितों को रखने में विश्वास करते हैं। मोदी ने कहा कि ट्रंप के साथ उनका आपसी विश्वास का रिश्ता तब भी अडिग रहा जब रिपब्लिकन पार्टी के नेता राष्ट्रपति नहीं थे। पॉडकास्ट में मोदी ने ट्रंप की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक साहसी व्यक्ति बताया, जिसने अपने फैसले खुद किए और जो अमेरिका के प्रति अटूट रूप से समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका यह समर्पण उस वक्त भी दिखा जब पिछले साल चुनाव प्रचार के दौरान एक बंदूकधारी ने उन्हें गोली मार दी थी। यह पूछे जाने पर कि उन्हें ट्रंप के बारे में क्या पसंद है, मोदी ने याद दिलाया कि अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की थी और ह्यूस्टन में हाउडी मोदी कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले स्टेडियम का एक चक्कर लगाने के उनके अनुरोध पर सहमति व्यक्त की थी। मोदी ने कहा, उनकी पूरी सुरक्षा सकते में आ गई थी। लेकिन मेरे लिए वह क्षण वास्तव में दिल को छू लेने वाला था। इससे पता चला कि इस आदमी में हिम्मत है। वह अपने फैसले खुद करते हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने उस पल में मुझ पर और मेरे नेतृत्व पर भरोसा किया कि वह मेरे साथ भीड़ के बीच चले गए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने उसी लचीले और दृढ़ ट्रंप को देखा जब अमेरिकी चुनाव अभियान के दौरान उन पर गोली चलाई गई थी। उन्होंने कहा, गोली लगने के बाद भी वह अमेरिका के लिए अटूट रूप से समर्पित रहे। उनका जीवन अपने राष्ट्र के लिए है। इसने उनकी अमेरिका फर्स्ट भावना को दिखाया, जैसे मैं राष्ट्र प्रथम में विश्वास करता हूं , भारत पहले। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में पहले की तुलना में कहीं अधिक तैयार दिखाई दे रहे हैं। मोदी ने राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के बारे में कहा, उनके दिमाग में सुपरिभाषित कदमों के साथ स्पष्ट रोडमैप है, हर रोडमैप उन्हें उनके लक्ष्यों की ओर ले जाने के लिए तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान उन्हें ट्रंप की टीम के सदस्यों से मिलने का अवसर मिला।




# ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट और अभिनेत्री शहाना गोस्वामी को मिला सम्मान

» लॉस एंजिलिस, भाषा।



**पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के खिताब के साथ ही फिल्म संतोष की अभिनेत्री शहाना गोस्वामी और इसकी निर्देशक संध्या सूरी को एशियन फिल्म अवार्ड 2025 में शीर्ष सम्मानों से नवाजा गया। हांगकांग के वेस्ट कॉव्लून कल्चरल जिले के जिकू सेंटर में रविवार को 18वां पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। एशियन फिल्म अवार्ड ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर विजेताओं की सूची साझा की। इस कार्यक्रम में पायल कपाड़िया की ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट को सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म का पुरस्कार मिला।**

यह ब्लैक डॉग (चीन), एक्सहुमा (दक्षिण कोरिया), टेकी कॉमेथ (जापान) और ट्विलाइट ऑफ़ द वॉरियर्स- वॉल्ड इन (हांगकांग) के साथ प्रतिस्पर्धा में थी। इसके अलावा अभिनेत्री शहाना गोस्वामी को फिल्म संतोष में अपनी शानदार भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा गया और इसी फिल्म के लिए सूरी को सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक का पुरस्कार भी मिला। फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट ने पिछले वर्ष कान फिल्म महोत्सव में ग्रैंड प्री पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया था। मलयालम-हिंदी फिल्म केरल की दो नर्सों प्रभा (कनी कुसरुति) और अनु (दिव्या प्रभा) की कहानी है। फिल्म संतोष एक नवविवाहित गृहिणी (गोस्वामी) की कहानी है, जिसे अपने दिवंगत पति की पुलिस कांस्टेबल की नौकरी मिल जाती है और वह एक लड़की की हत्या की जांच में उलझ जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका से स्व-निर्वासित भारतीय छात्रा ने कहा, माहौल बहुत अस्थिर और खतरनाक लग रहा था

» न्यूयॉर्क, भाषा।



**कोलंबिया यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रही भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन ने उस भयावह पल के बारे में बताया, जब संघीय आव्रजन अधिकारियों ने पहली बार विश्वविद्यालय में उसके अपार्टमेंट पर दस्तक दी थी। रंजनी ने हमास के समर्थन के आरोप में उसका छात्र वीजा रद्द किए जाने के बाद खुद अमेरिका छोड़ भारत लौटने का फैसला किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के मुताबिक, तीन आव्रजन अधिकारी रंजनी (37) की तलाश में जुटे थे। उन्होंने जब पहली बार छात्रा के अपार्टमेंट का दरवाजा खटखटाया था, तो उसने दरवाजा नहीं खोला था। खबर के अनुसार, अगली रात जब आव्रजन अधिकारी फिर से उसके अपार्टमेंट पहुंचे, तो वह वहां पर नहीं थी।**

खबर में बताया गया है कि रंजनी ने अपना कुछ सामान बांधा, अपनी बिल्ली को एक दोस्त के पास छोड़ और लागार्डिया हवाई अड्डे से कनाडा जाने वाली उड़ान में सवार हो गई। इसमें कहा गया है कि न्यायिक वारंट हासिल करने के बाद आव्रजन अधिकारी पिछले बृहस्पतिवार को तीसरी बार रंजनी के अपार्टमेंट पहुंचे और उसके कमरे में दाखिल हुए, रंजनी ने शुक्रवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया, माहौल बहुत अस्थिर और खतरनाक लग रहा था। इसलिए मैंने तत्काल यह फैसला लिया। न्यूयॉर्क छोड़ने के बाद यह रंजनी की पहली सार्वजनिक टिप्पणी थी। रंजनी ने एफ-1 छात्र वीजा पर शहरी नियोजन में डॉक्टरेट की छात्रा के रूप में कोलंबिया विश्वविद्यालय में दाखिला लिया था। अमेरिकी विदेश विभाग ने पांच मार्च को उसका वीजा रद्द कर दिया था। होमलैंड सुरक्षा विभाग ने कहा था कि उसे रंजनी का 11 मार्च का एक वीडियो मिला है, जिसमें वह स्व-निर्वासन के लिए सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) के स्मार्टफोन ऐप का इस्तेमाल करती नजर आ रही है।

# पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष ने बंद कमरे में बैठक बुलाई

» इस्लामाबाद, भाषा।

**पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमलों में वृद्धि के बीच सरकार ने मंगलवार को सुरक्षा से संबद्ध संसद की एक उच्च समिति की बंद कमरे में बैठक बुलाई है, जहां शीर्ष सैन्य नेतृत्व मौजूदा स्थिति पर सांसदों को जानकारी देगा। सोमवार को यह खबर सामने आई कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नेशनल असेंबली के अध्यक्ष अयाज सादिक से मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे संसद में सुरक्षा संबंधी बैठक बुलाने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, सैन्य नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संसदीय समिति को सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी देगा। यह बैठक पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में हाल में कई आतंकवादी हमले होने के आलोक में हो रही है। इन दोनों प्रांतों की सीमा अफगानिस्तान से सटी है।**



अखबार डॉन की खबर में नेशनल असेंबली के एक सूत्र का हवाला देते हुए बताया गया कि चूंकि सुरक्षा पर कोई संसदीय समिति गठित नहीं की गई थी, इसीलिए नेशनल असेंबली के रक्षा और विदेश मामलों की स्थाई समितियों के सदस्य, संघीय कैबिनेट के सदस्य, चारों प्रांतों के मुख्यमंत्री और सभी संसदीय दलों के नेता अथवा उनके प्रतिनिधि बंद दरवाजे के भीतर होने वाली इस बैठक में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री शरीफ और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर इस बैठक में शामिल होंगे। इस बीच, अखबार का कहना है कि ऐसा बताया जा रहा है कि सरकार प्रांत में बढ़ते आतंकवादी हमलों में शामिल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और अन्य आतंकवादी संगठनों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की योजना बना रही है। प्रधानमंत्री के सहयोगियों में से एक, राणा अहसन अफजल ने कहा कि सरकार जल्द ही सुरक्षा स्थिति पर चर्चा करने के लिए एक बहु- दलीय सम्मेलन (एमपीसी) बुलाएगी। उन्होंने बलूचिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की योजना का भी खुलासा किया, लेकिन कोई विवरण नहीं दिया। खैबर-पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में सुरक्षा की स्थिति अशांत लगती है, जहां तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बार-बार सुरक्षा कर्मियों और नागरिकों पर हमला किया है। रविवार को बलूचिस्तान के नोशकी जिले में जब अर्धसैनिक बल के एक काफिले पर बीएलए आतंकवादियों द्वारा हमला किया गया था तब तीन सुरक्षा कर्मियों सहित पांच लोग मारे गए थे और 30 अन्य घायल हो गए थे। सेना द्वारा 12 मार्च को सभी 33 चरमपंथियों को मार गिराने से पहले आतंकवादियों ने 21 यात्रियों और अर्धसैनिक बलों के चार जवानों को मार डाला था। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को पांच अलग-अलग आतंकवादी हमलों में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी।

## स्पीकर ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर बुलाई बैठक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर संसदीय समिति की बैठक बुलाई है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में हाल में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बीच यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार पाकिस्तानी सेना के शीर्ष अधिकारी इस बैठक में संसदीय समिति को मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर व्यापक जानकारी देंगे। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली संसद का निचला सदन है। यह घटनाक्रम पड़ोसी देश अफगानिस्तान की सीमा से सटे बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में हुए घातक आतंकवादी हमलों की श्रृंखला के मद्देनजर हुआ है। डॉन की रिपोर्ट में नेशनल असेंबली के एक सूत्र का हवाला देते हुए बताया गया कि चूंकि सुरक्षा पर कोई संसदीय समिति गठित नहीं की गई थी, इसीलिए नेशनल असेंबली के रक्षा और विदेश मामलों की स्थाई समितियों के सदस्य, संघीय कैबिनेट के सदस्य, चारों प्रांतों के मुख्यमंत्री और सभी संसदीय दलों के नेता अथवा उनके प्रतिनिधि बंद दरवाजे के भीतर होने वाली इस बैठक में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री शरीफ और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर इस बैठक में शामिल होंगे। इस बीच, अखबार ने बताया कि सरकार प्रांत में बढ़ते आतंकवादी हमलों में शामिल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और अन्य आतंकवादी समूहों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान की योजना बना रही है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने 11 मार्च को गुडलार और पीरू कुनरी के पहाड़ी इलाकों के पास 440 यात्रियों को लेकर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर घात लगाकर हमला किया था। सेना द्वारा 12 मार्च को सभी 33 आतंकवादियों को मार गिराने से पहले आतंकवादियों ने 21 यात्रियों और अर्धसैनिक बलों के चार जवानों को मार डाला था।

# जेलेंस्की ने यूक्रेन के नए चीफ ऑफ जनरल स्टाफ की नियुक्ति की

» कीव, भाषा।

**रूस के साथ जारी युद्ध के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एंद्री ह्नातोव को यूक्रेनी सशस्त्र बलों का नया चीफ ऑफ जनरल स्टाफ नियुक्त किया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब यूक्रेन रूस के कुर्स्क क्षेत्र में डटे रहने और दोनेत्स्क में बढ़ते दबाव का सामना करने के लिए अपनी सेना में बदलाव कर रहा है और उसे मजबूत बनाने की कोशिश कर रहा है। ह्नातोव ने फरवरी 2024 से इस पद को संभाल रहे अनातोली बारहिलेविच की जगह ली। जनरल स्टाफ ने रविवार को अपने टेलीग्राम चैनल के जरिए नियुक्ति की घोषणा की।**

यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने कहा, हम यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं की युद्ध प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए उसमें व्यवस्थित रूप से बदलाव कर रहे हैं। बारहिलेविच अब यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय में जनरल इंस्पेक्टर के तौर पर काम करेंगे। उमेरोव ने इस बात पर जोर दिया कि बारहिलेविच टीम का हिस्सा बने रहेंगे , सैन्य मानकों पर नजर रखेंगे और सेना में अनुशासन को मजबूत करेंगे। ओलेक्सांद्र सिर्स्की यूक्रेन के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ बने रहेंगे।

युद्धपोतों को निशाना बनाकर जवाब देंगे :अल-हूती

ट्रंप ने ईरान को भी चेतावनी दी कि वह विद्रोही संगठन का समर्थन बंद करे

# यमन में हूती विद्रोहियों पर अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम 53 लोगों की मौत

» काहिरा, भाषा।

**यमन में हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर अमेरिकी द्वारा किए गए हवाई हमलों में कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई और करीब 100 लोग घायल हो गए। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।अमेरिका के इन हमलों ने बाद ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने भी हमलों की धमकी दी है जिससे यमन में तनाव और बढने़ की आशंका है। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अमेरिकी हमलों में पांच महिलाओं और दो बच्चों समेत कम से कम 53 लोग मारे गए हैं तथा राजधानी सना एवं सऊदी अरब की सीमा पर विद्रोहियों के गढ़ सादा समेत अन्य प्रांतों में लगभग 100 लोग घायल हो गए हैं।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों पर सिलसिलेवार हवाई हमलों का आदेश दिया था। ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान समर्थित हूती विद्रोही अहम समुद्री गलियारे पर आने-जाने वाले मालवाहक पोतों पर जब तक अपने हमले बंद नहीं कर देते, तब तक वह पूरी ताकत से हमले जारी रखेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा था, हमारे बहादुर सैनिक अमेरिकी जलमार्गों, वायु और नौसेना संपत्तियों की रक्षा करने तथा नौवहन की स्वतंत्रता को बहाल करने के लिए आतंकवादियों के ठिकानों, उनके आकाओं और मिसाइल रक्षा तंत्र पर हवाई हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा था, कोई भी आतंकी ताकत अमेरिकी वाणिज्यिक और नौसैनिक पोतों को दुनिया के जलमार्गों पर स्वतंत्र रूप से आने-जाने से नहीं रोक पाएगी। ट्रंप ने ईरान को भी चेतावनी दी कि वह विद्रोही संगठन का समर्थन बंद कर दे, अन्यथा उसे उसके कृत्यों के लिए पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जाएगा। हूती विद्रोहियों ने शनिवार शाम को सना और सादा में शनिवार तथा रविवार को हवाई हमले होने की सूचना दी। उन्होंने रविवार तड़के होदीदा, बायदा और मारिब प्रांतों में भी हवाई हमले होने की जानकारी दी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को सीबीएस टीवी चैनल से कहा, हम इन लोगों को यह नियंत्रित करने नहीं देंगे कि कौन से पोत गुजर सकते हैं और कौन से नहीं। रुबियो ने कहा कि हूती विद्रोहियों के कुछ केंद्रों को नष्ट कर दिया गया है। रविवार रात प्रसारित भाषण में विद्रोहियों के नेता अब्दुल-मलिक अल-हूती ने चेतावनी देते हुए कहा, हम तनाव बढ़ाए जाने का जवाब तनाव बढ़ाकर देंगे। अल-हूती ने कहा, हम अमेरिकी दुश्मन को हमलों, मिसाइल हमलों से और उसके विमानवाहक पोतों, उसके युद्धपोतों को निशाना बनाकर जवाब देंगे। हूती मीडिया कार्यालय के उप प्रमुख नसरुद्दीन आमेर ने कहा कि हवाई हमले उन्हें रोक नहीं पाएंगे और वे अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करेंगे। विद्रोहियों के एक अन्य प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुलसलाम ने एक्स पर अपने पोस्ट में ट्रंप के इस दावे को झूठा और भ्रामक बताया कि हूती अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों को खतरा पहुंचाते हैं।

# अमेरिका में बवंडर, धूल भरी आंधी और जंगल में आग से कम से कम 37 लोगों की मौत

» पिडमोंट, भाषा।

**अमेरिका के कई हिस्सों में बवंडर (टॉरनेडो) और तेज हवाओं के कारण मकानों समेत कई इमारतों को व्यापक नुकसान पहुंचा और कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम वैज्ञानिक कोडी स्नेल ने बताया कि कैरोलिनास, पूर्वी जॉर्जिया और उत्तरी फ्लोरिडा के कुछ हिस्सों के लिए बवंडर की चेतावनी बरकरार है। उन्होंने कहा कि मुख्य खतरा विनाशकारी हवाएं होंगी। इस तूफान को मौसम वैज्ञानिकों ने असामान्य रूप से उच्च जोखिम वाला बताया है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च में मौसम की इस तरह की चरम स्थितियों का होना असामान्य नहीं है। डलास काउंटी के शेरिफ माइकल एल. ग्रांथम ने रविवार को बताया कि बवंडर के कारण मध्य अलबामा में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई।**

मिसौरी निवासी डकोटा हेंडरसन ने बताया कि रात बवंडर से बुरी तरह प्रभावित वेन काउंटी में उन्होंने और अन्य लोगों ने मिलकर जब पड़ोसियों को बचाने का अभियान शुरू किया तो उनके रिश्तेदार के घर के बाहर मलबे में पांच शव पड़े मिले। अधिकारियों ने बताया कि मिसौरी में बवंडरों में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने शनिवार देर रात बताया कि तीन काउंटी में छह लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य लोग लापता हैं। उन्होंने बताया कि बवंडर पूर्व में अलबामा की ओर बढ़ गया है, जहां घरों को नुकसान पहुंचा है तथा सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। अधिकारियों ने अर्कंसास में तीन लोगों की मौत की पुष्टि की और गवर्नर सारा हकाबी सैंडर्स ने राज्य में आपातकाल की घोषणा कर दी है। जॉर्जिया के गवर्नर ने भी राज्य में आपातकाल की घोषणा की है। राज्य में बवंडर और धूल भरी आंधी की वजह से लगभग 12 लोगों की मौत हो गई। स्टेट हाईवे पेट्रोल के अनुसार, कम से कम 50 वाहनों के टकरा जाने से कंसास राजमार्ग पर आठ लोगों की मौत हो गई।

